Shri Gulam Ali (Nominated), Shri Pradip Kumar Varma (Jharkhand), Shrimati Sulata Deo (Odisha), Shrimati Geeta alias Chandraprabha (Uttar Pradesh), Shrimati Sumitra Balmik (Madhya Pradesh), Shri Naresh Bansal (Uttarakhand), Shri Aditya Prasad (Jharkhand), Shrimati Seema Dwivedi (Uttar Pradesh), Shri Dhananjay Bhimrao Mahadik (Maharashtra), Shri Chunnilal Garasiya (Rajasthan), Shri Banshilal Gurjar (Madhya Pradesh), Shri Govindbhai Laljibhai Dholakia (Gujarat), Shri Dorjee Tshering Lepcha (Sikkim), Shri Khiru Mahto (Bihar), Shri Devendra Pratap Singh (Chhattisgarh), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Shri Madan Rathore (Rajasthan), Shri Maharaja Sanajaoba Leishemba (Manipur), Shri Deepak Prakash (Jharkhand), Shrimati Priyanka Chaturvedi (Maharashtra), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shri Sat Paul Sharma (Jammu and Kashmir), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Shrimati Rajathi (Tamil Nadu), Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Shri Satnam Singh Sandhu (Nominated), Dr. Bhim Singh (Bihar) and Shri Ravi Chandra Vaddiraju (Telangana).

Shri Brij Lal.

Demand for removal or rationalisation of CSAT in Civil Services Examinations

श्री बृज लाल (उत्तर प्रदेश): सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान अगले महीने 24 तारीख को होने वाले Civil Services (Prelims) Examination के बारे में दिलाना चाहता हूं। महोदय, इस Prelims Examमें दो subjects होते हैं, उनमें number one paper General Studies का होता है। इसमें 100 questions होते हैं, 200 marks होते हैं और negative marking per question 0.66 होती है। इसमें 80 questions होते हैं और 0.86 मार्क की नेगेटिव मार्किंग होती है।

Contents Page

महोदय, CSAT ऐसा पेपर है, जो वैसे तो qualifying है, लेकिन अगर कोई अभ्यर्थी इसको clear नहीं करता है, तो उसका नंबर-वन पेपर, यानी जीएस-वन, जिसमें हिस्ट्री, ज्योग्राफी, पॉलिटी, करंट अफेयर्स, आर्ट्स पेपर होते हैं, वे चेक नहीं होते हैं। CSAT में mostly technical questions होते हैं, इसलिए जो Humanities, यानी आर्ट्स साइड के अभ्यर्थी हैं, यह उनके प्रतिकूल है। उसका परिणाम यह है कि अभी आप देख रहे होंगे कि सिविल सर्विसेज़ में 65 परसेंट तक इंजीनियर्स आ रहे हैं। पहले तो हर सब्जेक्ट, यानी हिस्ट्री, ज्योग्राफी, पॉलिटी आदि के विद्यार्थी आते थे। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि जो CSAT है, वह qualifying है और आर्ट्स सब्जेक्ट के अभ्यर्थियों के लिए प्रतिकूल है। वे उसको क्वालिफाई नहीं कर पाएँगे। अगर वे उसमें क्वालिफाई नहीं कर पाएँगे, तो उनका जीएस-वन का पेपर चेक नहीं होगा, evaluate नहीं होगा। इस तरह से, यह सबसे बड़ा impediment है, इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से यह माँग करता हूँ कि या तो CSAT को abolish किया जाए, क्योंकि यह आर्ट्स सब्जेक्ट के बच्चों के लिए प्रतिकूल है या उसको ऐसा rationalize किया जाए कि वह सभी के लिए हितकर हो।

महोदय, एक बात और भी है कि अगर कोई अभ्यर्थी CSAT में फेल हो जाता है, तो उसको कम्युनिकेट भी नहीं होता है कि उसने कितने नंबर पाए, वह क्यों फेल हो गया। यह केवल उसी को कम्युनिकेट होता है, जो CSAT clear करता है, इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से माँग करता हूँ कि CSAT खत्म होना चाहिए। यदि यह खत्म नहीं हो, तो उसको इस तरह से rationalize किया जाए कि वह सभी स्ट्रीम्स के अभ्यर्थियों के लिए, चाहे वह इंजीनियरिंग का हो, साइंस का हो, आर्ट्स का हो, सबके अनुकूल हो, जिससे न्याय हो सके, otherwise, इसी तरह से सिविल सर्विसेज़ में 65 परसेंट, 70 परसेंट इंजीनियर्स आते रहेंगे, धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: The following hon'ble Members associated themselves with the issue raised by the hon'ble Member, Shri Brij Lal:

Shri Niranjan Bishi (Odisha), Shri Baburam Nishad (Uttar Pradesh), Dr. Sikander Kumar (Himachal Pradesh), Shri Satnam Singh Sandhu (Nominated), Shri Deepak Prakash (Jharkhand), Shri Aditya Prasad (Jharkhand), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shri Shambhu Sharan Patel (Bihar), Shri Sanjay Seth (Uttar Pradesh), Dr. Laxmikant Bajpayee (Uttar Pradesh), Dr. Bhim Singh (Bihar), Shri Banshilal Gurjar (Madhya Pradesh), Shrimati Ramilaben Becharbhai Bara (Gujarat), Shrimati Geeta alias Chandraprabha (Uttar Pradesh), Shrimati Sumitra Balmik (Madhya Pradesh), Prof. Ram Gopal Yadav (Uttar Pradesh), Shri Gulam Ali (Nominated), Shri Mithlesh Kumar (Uttar Pradesh), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Shri Madan Rathore (Rajasthan), Shri Ujjwal Deorao Nikam (Nominated), Dr. Meenakshi Jain (Nominated), Shri Naresh Bansal (Uttarakhand), Shri Harsh Vardhan Shringla (Nominated), Shri Dhananjay Bhimrao Mahadik (Maharashtra), Shri Maharaja Sanajaoba Leishemba (Manipur), Shri Ravi Chandra Vaddiraju (Telangana) and Shri Devendra Pratap Singh (Chhattisgarh).

Contents Page

Shriman Nabam Rebia.

Demand to include Arunachal Pradesh in the 6th Schedule and amendment of Article 371-H of the Constitution of India

SHRI NABAM REBIA (Arunachal Pradesh): Thank you, Chairman, Sir, for allowing me to raise a very important issue of my State, Arunachal Pradesh. This is regarding, 'Inclusion of Arunachal Pradesh in the Sixth Schedule and Amendment of Article 371-H of the Constitution.' This issue has been raised many times on the floor of this House and also in the other House. The Legislative Assembly of Arunachal Pradesh has also adopted many times resolutions, and such resolutions have been forwarded to the Government. Now, today's Arunachal Pradesh, immediately after Independence, was administered by the Government through the Ministry of External Affairs. Later, it became a Union Territory and then, in 1987, Arunachal Pradesh became a State under Article 371-H of the Constitution. It is because all the Tribal States of North-East, including the Autonomous District Councils, have been included under Sixth Schedule, and Arunachal Pradesh, which is a purely Tribal State, has been left out. So, we are demanding that Arunachal Pradesh should be included under the Sixth Schedule to the Constitution. If it is included in the Sixth Schedule to the Constitution, the protection that Arunachal Pradesh will be getting is, it will have protection over religious or social practices of the tribal people of Arunachal Pradesh, customary law and procedure of the tribes of Arunachal Pradesh, administration of civil and criminal justice, ownership and transfer of land and its resources.

Sir, we have been demanding it. Now, how long will the Government take to resolve this issue? Article 371-H gives official powers, provisions to the Centre through the Governor of Arunachal Pradesh. This Article gives Governor extraordinary power over the law and order in the State. Importantly, decisions under this Article cannot be questioned. Therefore, it is our urgent request to the Government. The hon'ble Minister for Parliamentary Affairs, probably, when he was the Member of the other House, also raised this issue. This is a serious issue and we want the Government of India to take initiative to amend the Constitution and to bring Arunachal, to include Arunachal under the Sixth Schedule of the Constitution.

MR. CHAIRMAN: The following hon'ble Members associated themselves with the matter raised by the hon'ble Member, Shri Nabam Rebia:

Contents Page

Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shri Dorjee Tshering Lepcha (Sikkim), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Shrimati Rajathi (Tamil Nadu), Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Shri Maharaja Sanajaoba Leishemba (Manipur), and Shri Sajjad Ahmad Kichloo (Jammu and Kashmir).

SHRI JAIRAM RAMESH (Karnataka): Sir, the Minister of Parliamentary Affairs should respond to this.

MR. CHAIRMAN: He has already raised it in the other House. Shri Chowdry Mohammad Ramzan.

Demand for grant of classical language status to Kashmiri

SHRI CHOWDRY MOHAMMAD RAMZAN (Jammu and Kashmir): Sir, with your permission, I rise to draw the attention of the House to an important matter of cultural, linguistic and civilization importance, a long pending demand to grant classical language status to Kashmiri language. सर, मैं यहां पर बताना चाहता हूँ कि Kashmiri language is not only the means of communication, it is a repository or storehouse of centuries old wisdom, knowledge and spirituality. इसका origin Indo-Aryan language की एक ब्रांच Dardic Group से है। इसकी age 1,000 से 2,000 ईस्वी से पहले की है। स्टेट में तकरीबन 75 परसेंट लोग कश्मीरी बोलते भी हैं और समझते भी हैं, लेकिन अगर हम कश्मीर region को देखें, तो वहां 100 परसेंट लोग कश्मीरी समझते हैं और लिखते भी हैं। यह भाषा आठवें शेड्यूल में भी दर्ज है।

सर, मैं यहां पर यह कहना चाहता हूँ कि इसका अपना origin है। It is not copied from anywhere. इसकी अपनी history है, इसकी अपनी writings हैं, इसकी philosophy है, spiritual texts हैं और इसकी अपनी poetry भी है। किसी भी भाषा को classical language का दर्जा देने का मकसद यह होता है कि it will help in preservation of the language, it will help in promotion and research in the language and it will attract global scholars. दूसरी बात यह है कि it will promote the cultural heritage of the Kashmiri language and a Centre for Excellence in classical language can be established and Government of India से इसकी funding भी होती है for preservation and digitalization of this language. इसके अलावा, it will lead to creation of professional chairs for scholars of eminence. मैं इसकी age के बारे में पहले ही बता चुका हूँ। मैं यहां पर यह बताना चाहता हूँ कि Lal Ded, जिनको हिन्दू भाई Lalleshwari के नाम से जानते हैं, उनके अलावा कई अन्य सूफी संतों ने humanity, compassion, spiritual, wisdom and unity की भावना को spread करने के लिए इसी Kashmiri language को use किया था।

Contents Page

†**چودھری محمد رمضان (جموں و کشمیر)** Sir, with your permission, I rise to draw the attention of the House to an important matter of cultural, linguistic and civilization importance, a long pending demand to grant classical language status to Kashmiri language. اسر، میں یہاں پر بتانا چاہتا ہوں، کہ Kashmiri language is not only the means of communication, it is a repository or storehouse of centuries old wisdom, knowledge and spirituality. اسکا origin Indo-Aryan language کی ایک برانچ Dardic Group سے ہے۔ اسکی عمر 1,000 سے 2,000 عیسوی سے پہلے کی ہے۔ اسٹیٹ میں تقریباً 75 پرسینٹ لوگ کشمیری بولتے بھی ہیں اور سمجھتے بھی ہیں، لیکن اگر ہم کشمیر region کو دیکھیں، تو وہاں 100 پرسینٹ لوگ کشمیری سمجھتے ہیں اور لکھتے بھی ہیں۔ یہ بھاشا آٹھویں شیڈیول میں بھی درج ہے۔

سر، میں یہاں پر یہ کہنا چاہتا ہوں، کہ اسکا اپنا origin ہے۔ It is not copied from anywhere. اسکی اپنی تاریخ ہے، اسکی اپنی writings ہیں، اسکی philosophy ہے، spiritual texts ہیں اور اسکی اپنی poetry بھی ہے۔ کسی بھی بھاشا کو classical language کا درجہ دینے کا مقصد یہ ہوتا ہے کہ it will help in preservation of the language, it will help in promotion and research in the language and it will attract global scholars. دوسری بات یہ ہے کہ it will promote the cultural heritage of the Kashmiri language and a Centre for Excellence in classical language can be established and Government of India سے اسکی funding بھی ہوتی ہے for preservation and digitalization of this language. اسکے علاوہ، it will lead to creation of professional chairs for scholars of eminence.

میں اسکی عمر کے بارے میں پہلے ہی بتا چکا ہوں۔ میں یہاں پر یہ بتانا چاہتا ہوں، کہ Lal Ded, جنکو ہندو بھائی Lalleshwari کے نام سے جانتے ہیں، انکے علاوہ کئی انے صوفی سنتوں نے humanity, compassion, spiritual, wisdom and unity کی بھاؤنا کو spread کرنے کے لیے اسی کشمیری زبان کا استعمال کیا تھا۔

MR. CHAIRMAN: The following hon'ble Members associated themselves with the matter raised by the hon'ble Member, Shri Chowdry Mohammad Ramzan:

Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Shri Gurwinder Singh Oberoi (Jammu and Kashmir), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Prof. Manoj Kumar Jha (Bihar), Shri Sajjad Ahmad Kichloo (Jammu and Kashmir), and Shrimati Rajathi (Tamil Nadu).

Dr. Fauzia Khan.

†Transliteration in Urdu script.

Contents Page

Need for reform of punitive lapse rules in life and health insurance policies

DR. FAUZIA KHAN (Maharashtra): Sir, I would like to draw urgent attention to a silent financial crisis afflicting crores of middle-class families across India. It is the ruthless lapse rules governing life and health insurance policies. Today, most insurance policies including those under LIC provide a mere 30-day grace period for premium payment. A single missed instalment caused by sudden job loss, medical emergency, delayed salary or temporary cash flow shortfall is enough to collapse an entire policy. Years of premium paid faithfully become worthless overnight. Revival demands, steep penalties, compounded interest, fresh medical examinations and, sometimes, even fresh underwriting. It punishes precisely the people when they are most vulnerable. The very people who have built LIC into the institution are the salaried middle class, factory workers, teachers, small traders and gig economy workers. Sir, they pay their premium year after year honestly trusting their families will be protected, but one single month of financial difficulty, that can erase their trust and the cover entirely. In a post pandemic economy where income disruptions are increasingly common, such rigidities are unfair and inhumane. Insurance was designed to stand beside families in distress. It must not abandon them because of this, Sir. I, therefore, urge this Government and IRDAI to urgently implement three pro-consumer reforms. First, extend the grace period from 30 days to 90 days. Second, replace all or 'nothing lapse' rules with professional late fees, so that only the missed period attracts a reasonable penalty. And, third, allow automatic revival within one month to 80 days on payment plus nominal late charge without requiring fresh medical examination or fresh underwriting and all. They are bare minimum that crores of honest policy holders deserve. I urge the hon'ble Finance Minister to direct IRDAI to notify these reforms. Sir, I will end my speech with one couplet by Mirza Ghalib.

"न सुनो गर बुरा कहे कोई,
न कहो गर बुरा करे कोई।
रोक लो गर ग़लत चले कोई,
बख़्श दो गर ख़ता करे कोई।"

†نہ سنو گر بُرا کہے کوئی،
نہ کہو گر برا کرے کوئی۔
روک لو گر غلط چلے کوئی،
بخش دو گر خطا کرے کوئی۔

†Transliteration in Urdu script.

Contents Page

MR. CHAIRMAN: The following hon'ble Members associated themselves with the matter raised by the hon'ble Member, Dr. Fauzia Khan:

Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shri Ravi Chandra Vaddiraju (Telangana), Prof. Manoj Kumar Jha (Bihar), Shri Narain Dass Gupta (National Capital Territory of Delhi), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Shri Gurwinder Singh Oberoi (Jammu and Kashmir), Shri Sanjay Yadav (Bihar), Shri Madan Rathore (Rajasthan) and Shrimati Rajathi (Tamil Nadu).

Now, Shriman Maharaja Sanajaoba Leishemba.

Need to compliment the Government for the significant reduction in fuel excise duty amid the West Asia conflict

SHRI MAHARAJA SANAJAOBA LEISHEMBA (Manipur): Sir, my Zero Hour subject is 'Need to compliment the Government for significant reduction in fuel excise duty amid West Asia conflict.' I rise to show gratitude to hon'ble Prime Minister, Shri Narendra Modi, and his Government for the bold decision to shield its citizens from rising global fuel price by sharply reducing excise duties on petrol from Rs.13 to Rs.3 per litre and diesel from Rs.10 to zero or nil per litre. Amid escalating tensions in West Asia and a steep surge in crude oil prices from around $70 per barrel to nearly $122 per barrel in just a month, fuel prices have risen across the world. Fuel price hikes in South-East Asian countries is 30 to 50 per cent, North America around 30 per cent, Europe about 20 per cent and Africa close to 50 per cent. Only India stands out as a rare exception. Faced with this global volatility, the Modi Government chose to absorb the financial burden rather than pass it on to the citizens. This move not only reduces pressure on oil companies, but also ensures that there is effectively no additional burden on the common man. Despite significant revenue implications, the Government has prioritized public welfare, continuing its consistent approach since the Russian-Ukraine conflict began by insulating citizens from global price shocks. Additional export duties have been imposed at Rs.21.5 per litre on diesel and Rs.29.5 per litre on ATF to ensure adequate domestic availability and prevent undue profiteering amid high international prices. This timely and bold decision of Modi Government reflects a clear commitment to economic stability and citizen welfare in challenging global circumstances. Really, it is a big relief for the 140 crore citizens of India. I, therefore, urge all the hon'ble Members of this Upper House to show our gratitude to hon'ble Prime Minister, Shri Narendra Modi, and his Government for this bold and a citizen-

Contents Page

centric decision and let us stand unitedly during this critical global crisis. Thank you, Sir, for giving me the opportunity of raising my last Zero Hour today.

MR. CHAIRMAN: The following hon'ble Members associated themselves with the matter raised by the hon'ble Member, Shri Maharaja Sanajaoba Leishemba:

Shri Niranjan Bishi (Odisha), Shri Mokariya Rambhai (Gujarat), Shri Sat Paul Sharma (Jammu and Kashmir), Shri Kesridevsinh Jhala (Gujarat), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shri Madan Rathore (Rajasthan), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Shri Nabam Rebia (Arunachal Pradesh), Shrimati Sumitra Balmik (Madhya Pradesh), Shri Gulam Ali (Nominated), Shri Devendra Pratap Singh, (Chhattisgarh), Shri Ravi Chandra Vaddiraju (Telangana), Shrimati Rekha Sharma (Haryana), Dr. Bhim Singh (Bihar), Shri Pradip Kumar Varma (Jharkhand), Shri Dhananjay Bhimrao Mahadik (Maharashtra), Shri Harsh Vardhan Shringla (Nominated), Shri Paka Venkata Satyanarayana (Andhra Pradesh), Shri Satnam Singh Sandhu (Nominated), Shrimati Geeta alias Chandraprabha (Uttar Pradesh), Shri Ryaga Krishnaiah (Andhra Pradesh), Dr. Meenakshi Jain (Nominated) and Shri Mithlesh Kumar (Uttar Pradesh).

Now, Shriman Milind Murli Deora.

Need to empower Indian cities for sustainable growth and effective governance

श्री मिलिंद मुरली देवरा (महाराष्ट्र): सर, आज भारत की एक तिहाई आबादी अर्बन एरियाज़ में रहती है, लेकिन हमारी जीडीपी में शहरों का two-third contribution है। Sir, by the year, 2030, this will become three-fourth of 75 per cent of our GDP. सर, मैं मानता हूं कि जो शहरीकरण है, यह भारत के लिए एक चुनौती नहीं, बल्कि एक बहुत बड़ा और ऐतिहासिक अवसर बन सकता है। The Constitution of India has already given us a clear roadmap through the 74th Constitutional (Amendment) Act, which mandates devolution of powers to urban local bodies. Sir, I want to raise one point, the success of countries like the United States and China is not because of national policy. Neither is it because of inter-State competition. It is because of intense inter-city competition. Shanghai competes with Shenzhen, Austin competes with San Francisco to attract investment, talent and innovation. हमें भी inter-State competition के साथ-साथ inter-city competition के बढ़ावा देना होगा। For this, Government of India's schemes must be linked to urban reforms; reforms such as digitisation of services, for transparency, user charges for utilities to ensure sustainability and time-bound approvals to attract investment जो शहर रिफॉर्म करेगा, उसको रिवॉर्ड मिलना चाहिए। सक्सेसफुल अर्बनाइजेशन का सबसे बड़ा चैलेंज affordable housing है, जिसके बिना हम शहरीकरण को चैलेंज से

Contents Page

अपॉर्च्युनिटी में कन्वर्ट नहीं कर पाएंगे। आज मैं गर्व से कह सकता हूं कि मुंबई के रमाबाई अंबेडकर नगर से लेकर कमाठीपुरा तक और धारावी से लेकर भिंडी बाजार तक मुंबई में Cluster Redevelopment Scheme की वजह से एक affordable housing revolution हो रहा है।

सर, आप जानते हैं कि महाराष्ट्र के हमारे उप मुख्य मंत्री, हाउसिंग मंत्री एकनाथ शिंदे जी के नेतृत्व में राज्य सरकार के हाउसिंग मंत्रालय के प्रयासों से झुग्गियों और चॉल्स में रहने वाले हजारों वंचित लोगों को उसी इलाके में ownership basis पर permanent homes परमनेंट होम्स दिए जा रहे हैं। SRA, जो महाराष्ट्र की Slum Rehabilitation Authority है, उसने 1995 से आज तक हमने ढाई लाख परिवारों को एक परमानेंट घर दिलाया है।

सर, मेरा hon'ble Minister of Housing and Urban Affairs से विनम्रतापूर्वक निवेदन है कि वे मुंबई के Cluster Redevelopment Project को ध्यान से स्टडी करें। Sir, this project can become a model of sustainable urban development across the country. मुझे यकीन है कि हमारे हाउसिंग मंत्री एकनाथ शिंदे जी will be very happy to organize a presentation for the officials of the Government of India to ensure that this Mumbai model of affordable housing of redevelopment becomes a sustainable model for cities across the country.

MR. CHAIRMAN: The following hon'ble Members associated themselves with the matter raised by hon'ble Member, Shri Milind Murli Deora:

Shri Gurwinder Singh Oberoi (Jammu and Kashmir), Shri Masthan Rao Yadav Beedha (Andhra Pradesh), Shri Ujjwal Deorao Nikam (Nominated), Shri Mokariya Rambhai (Gujarat), Shri Madan Rathore (Rajasthan), Shri Mithlesh Kumar (Uttar Pradesh), Shri Ravi Chandra Vaddiraju (Telangana), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Shri Arun Singh (Uttar Pradesh), Shri Harsh Vardhan Shringla (Nominated), Shrimati Rekha Sharma (Haryana), Shri Dhananjay Bhimrao Mahadik (Maharashtra), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shrimati Rajathi (Tamil Nadu) and Shri Niranjan Bishi (Odisha).

The next Zero Hour Mention is of Shriman Shaktisinh Gohil.

Concern over obscenity and vulgar content on digital platforms in the name of entertainment

श्री शक्तिसिंह गोहिल (गुजरात): सभापति महोदय, आपने मुझे एक बहुत ही अहम और गंभीर मुद्दे पर बोलने का मौका दिया है, उसके लिए मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूँ। हमारा देश, संस्कृति, संस्कार और मर्यादा के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। बरसों से एक civilised society के तहत जीने में हमारे संस्कार, संस्कृति और मर्यादा का अहम रोल रहा है। मैं बड़े दुख के साथ कहना चाहता हूं कि आज digital platform, OTT पर जिस तरह से vulgarity पेश की जा रही है, इसके लिए मैं जरूर यह कहूंगा कि वह कोई entertainment नहीं है, मनोरंजन नहीं है,

Contents Page

वह एक विकृति है। जिस तरह से आज की इस मॉडर्न एज में, जहां पर बच्चे भी smart phone लेकर यूट्यूब और OTT platform को देखते हैं, तो उस वक्त उनके मानसपटल पर जो असर होता है, उसको जरूर देखना होगा। मैं बधाई देता हूं कि कर्णाटक जैसे राज्य ने बच्चों के लिए ऐसे platform को ban करने का निर्णय लिया है। यह Central subject है, तो मैं उम्मीद करता हूं कि भारत सरकार को इसको देखना चाहिए।

सभापति महोदय, OTT platform जो हमारे संस्कार से टोटली विपरीत ससुर और बहू के रिश्ते, शिक्षक और छात्रा के रिश्ते, भाई और बहन, मामा और भांजी, चाचा और भतीजी के रिश्तों पर जिस तरह से रील्स दिखाई जा रही हैं, उसमें मैं मानता हूं कि यह वक्त है, जब हमें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इसके बारे में गंभीरता से सोचना होगा। मैं जरूर यह बात भी याद दिलाना चाहता हूं कि जब OTT platform नहीं चल रहा था, उस वक्त पर एक अपने wisdom में यूपीए गवर्नमेंट ने, सोनिया गांधी जी यूपीए की चेयरपर्सन थीं और मनमोहन सिंह जी देश के प्रधान मंत्री थे, उस वक्त एक कानून The Indecent Representation of Women (Prohibition) Amendment Act, 2012 पेश किया गया था। मुझे इस बात का दुख है कि यह बिल पारित नहीं हुआ था, केवल पेश हो गया था। दूसरी सरकार, जब 2014 में आई, तो इस बिल को वापस लिया गया। इसको फिर से introduce करना होगा। सर, जैन साधू रतनसुंदर विजयजी महाराज जी काफी जोरों से इसके लिए मुहिम चला रहे हैं। जो भी अलग-अलग धार्मिक हैड्स हैं, वे भी इसके लिए काम कर रहे हैं। महोदय, मैं आपके जरिए यही कहूंगा कि इसके लिए संपूर्ण प्रावधान करना चाहिए।

MR. CHAIRMAN: The following hon'ble Members associated themselves with the matter raised by hon'ble Member, Shri Shaktisinh Gohil:

Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Shrimati Rajathi (Tamil Nadu), Shri Ravi Chandra Vaddiraju (Telangana), Shrimati Sulata Deo (Odisha), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shri Narain Dass Gupta (National Capital Territory of Delhi), Shri Madan Rathore (Rajasthan), Shrimati Ranjeet Ranjan (Chhattisgarh), Shri Pramod Tiwari (Rajasthan), Shri Gurwinder Singh Oberoi (Jammu and Kashmir), Shri Neeraj Dangi (Rajasthan), Shrimati Phulo Devi Netam (Chhattisgarh), Shrimati Rajani Ashokrao Patil (Maharashtra), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Shri Sanjay Yadav (Bihar), Prof. Manoj Kumar Jha (Bihar), Prof. Ram Gopal Yadav (Uttar Pradesh) and Shri Anil Kumar Yadav Mandadi (Telangana).

The next Zero Hour Mention is of Shriman Neeraj Dangi*ji*.

Contents Page

Demand for declaration of the remaining stretch from Sanderav to Gomti on the Pachpadra-Jalore-Desuri-Charbhuja-Gomti route as a National Highway

श्री नीरज डांगी (राजस्थान): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान राजस्थान राज्य के पचपदरा-जालोर-सांडेराव-फालना-बाली-मुंडारा-सादड़ी-घाणेराव-देसूरी-चारभुजा होते हुए गोमती तक के अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। इस मार्ग का कुछ भाग पचपदरा से जालौर तक पहले ही राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जा चुका है, जिससे उस क्षेत्र में कनेक्टिविटी, व्यापारिक गतिविधियों तथा आधारभूत विकास में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। किंतु सांडेराव से गोमती तक का शेष लगभग 100-120 किलोमीटर का भाग अभी भी राज्य राजमार्ग के रूप में ही बना हुआ है, जो एक गंभीर चिंता का विषय है। उक्त मार्ग मारवाड़ और मेवाड़ क्षेत्रों को जोड़ने वाला एक प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिसका सामरिक, आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से अत्यधिक महत्व है। इस मार्ग के आसपास अनेक औद्योगिक इकाइयाँ स्थित है जिसमें फालना का छतरी उत्पादन उद्योग विश्व भर में प्रसिद्ध है। इसी तरह, इस क्षेत्र में बड़े स्तर पर उद्योगों की स्थापना भी हो रही है। कई महत्वपूर्ण कंपनियां मारवाड़ के इस क्षेत्र की ओर रुख कर रही हैं। इस क्षेत्र में बड़े उद्योगपतियों, प्रवासी राजस्थानी विशेष रूप से मुंबई व दक्षिण भारत में बसे मारवाड़ के लोग व स्थानीय लोगों द्वारा हवाई अड्डा विकसित करने की मांग भी समय-समय पर की गई है। परंतु अब तक उस पर कोई ठोस निर्णय नहीं हो पाया। जबकि राणकपुर, चारभुजा, परशुराम महादेव, कुंभलगढ़ जैसे प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल भी इसी मार्ग से जुड़े हुए हैं। इसके अतिरिक्त, इस क्षेत्र में पर्यटन की आपार संभावनाएं विद्यमान है, जिनका समुचित विकास बेहतर सड़क अवसंरचना के अभाव में बाधित हो रहा है। इस पहल से यह क्षेत्र उदयपुर से सीधा कनेक्ट हो सकेगा एवं उदयपुर से चलने वाले वाहन इस मार्ग से होते हुए पचपदरा के रास्ते सीधा कांडला तक पहुंच सकेंगे। यह मार्ग कुंभलगढ़ वन्य जीव अभयारण्य को जोड़ने में भी एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा, जिससे न केवल वन्य जीवों की सुरक्षा बढ़ेगी साथ ही कुंभलगढ़ में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। Leopards के लिए प्रसिद्ध Jawai Leopard Reserve भी इस क्षेत्र में स्थित एक प्रमुख वन्यजीव स्थल है। वर्तमान में इस मार्ग पर यातायात का दबाव निरंतर बढ़ रहा है, जिससे सड़क की स्थिति और सुरक्षा दोनों प्रभावित हो रही हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा मिलने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि लॉजिस्टिक, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी महत्वपूर्ण मजबूती मिलेगी। अतः सभापति महोदय, आपके माध्यम से मेरा सरकार से आग्रह है कि सांडेराव से गोमती तक के शेष भाग को भी राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने हेतु शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए। धन्यवाद ।

MR. CHAIRMAN: The following hon'ble Members associated themselves with the matter raised by the hon'ble Member, Shri Neeraj Dangi:

Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Shrimati Rajathi (Tamil Nadu), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shrimati Ranjeet Ranjan (Chhattisgarh), Shri Pramod Tiwari (Rajasthan), Shri Madan Rathore (Rajasthan), Shrimati Phulo

Contents Page

Devi Netam (Chhattisgarh), Shrimati Rajani Ashokrao Patil (Maharashtra), and Shri Anil Kumar Yadav Mandadi (Telangana).

Next, Shriman Shri Aditya Prasad.

Demand for high-level inquiry into the incident in Vishnugarh police station area of Hazaribagh district in Jharkhand

श्री आदित्य प्रसाद (झारखंड): सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं झारखंड राज्य से आता हूं और झारखंड राज्य के अंतर्गत हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड के अंतर्गत कुसुंबा गांव की एक घटना की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। सभापति महोदय, उस गांव में एक बच्ची की निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी गई थी। मैं जब उस ग्राम में अपने उस क्षेत्र के सांसद, माननीय विधायक और असंख्य लोगों के साथ उस पीड़ित परिवार से मिलने गया, तो पूरा गांव रो रहा था, परिवार के लोग परेशान थे। उस बच्ची की बलि दी गई थी, चेहरे दिखाई नहीं पड़ रहे थे। लेकिन कल ही, पुलिस का जो उद्भेदन हुआ है, उस उद्भेदन में आया है कि उसकी माता नहीं, बल्कि कुमाता ने इसमें भूमिका निभाने का काम किया है।

महोदय, झारखंड राज्य में ओझा-गुनी और चंगाई सभाई के द्वारा हमेशा से, इस प्रकार के बच्चों-बच्चियों की बलि देने की प्रथा है, लोग ऐसा करते हैं। गार्जियनों के द्वारा बच्चों को गुमराह करके उनकी हत्या की जाती है। खुलासे में जो तथ्य सामने आया है, वह यह है कि उसकी मां के बच्चे की तबीयत हमेशा खराब रहती थी। ओझा-गुनी ने उस बच्ची की मां को गुमराह करके, अपने प्रभाव में लेकर उसे बोला कि जब बलि दोगे, तभी तुम्हारा बच्चा सही रह सकता है। इसका नतीजा यह हुआ। महोदय, बच्ची की मां का किसी लड़के के साथ प्रेम संबंध था। उसने अपने प्रेमी के साथ और भगताइन के साथ मिलकर अपनी बच्ची की ही बलि देने का काम किया। इसका परिणाम यह हुआ कि पूरे राज्य में लगातार अनेक प्रकार के धरना-प्रदर्शन चलते रहे, लोग सड़कों पर आ गए, लेकिन पुलिस ने आठ दिन के बाद इस केस का उद्भेदन करने का काम किया।

महोदय, उस राज्य में कांग्रेस के समर्थन से झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार चल रही है। चंगाई सभाई की इस प्रकार की घटनाओं के बारे में सरकार चिंता नहीं करती है, जिसका परिणाम यह होता है कि लोग गुमराह करके, उन्हें अंधकार में रखकर इस प्रकार की बलि देने का आए दिन काम करते हैं। महोदय, मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूं कि ऐसी घटनाओं की जांच कराकर जन-जागरण अभियान चलाया जाए और इस प्रकार के लोगों में जागरूकता लाई जाए, ताकि किसी बेटी, बेटे की बलि भविष्य में न चढ़े। आप इस पर कार्रवाई करने का कष्ट करें, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: The following hon'ble Members associated themselves with the matter raised by the hon'ble Member, Shri Aditya Prasad:

Shri Banshilal Gurjar (Madhya Pradesh), Shri Devendra Pratap Singh (Chhatisgarh), Dr. Bhim Singh (Bihar), Shri Dhananjay Bhimrao Mahadik

Contents Page

(Maharashtra), Dr. Anil Sukhdeorao Bonde (Maharashtra), Shri Madan Rathore (Rajasthan), Shrimati Geeta *alias* Chandraprabha (Uttar Pradesh), Shri Brij Lal (Uttar Pradesh), Shri Deepak Prakash (Jharkhand), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shri Khiru Mahto (Bihar), Shri Pradip Kumar Varma (Jharkhand), and Shri Maharaja Sanajaoba Leishemba.

Next, Prof. Shriman Manoj Kumar Jha.

Demand for release of a commemorative postage stamp in memory of Dr. Rahi Masoom Raza

प्रो .मनोज कुमार झा (बिहार): माननीय सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं अरसे से इस विषय की ओर, अपने साथियों के माध्यम से, उनका और सरकार का भी ध्यान आकृष्ट कराता रहा हूँ। आज मैं एक व्यक्ति, जिनका भारतीय साहित्य और सिनेमा में अमूल्य योगदान है - हालांकि इस देश की अधिकांश आबादी उनको महाभारत के स्क्रिप्ट राइटर के रूप में जानती है - डॉक्टर राही मासूम रज़ा। महोदय, 'मैं समय हूं' - इसके माध्यम से उन्होंने काल, प्रवृत्ति, नफरत, घृणा, स्नेह और तमाम ह्यूमन इमोशंस पर अपनी बातें रखीं और शीर्ष तक लेकर गए।

माननीय सभापति महोदय, उन्होंने 'आधा गाँव' लिखी। तकसीम के बाद, पार्टिशन के बाद वह 'आधा गाँव'! सर, आज कई गाँव आधे गाँव में तब्दील हो गए, कई गलियाँ आधी गलियों में तब्दील हो गई हैं, कई शहर आधे शहरों में तब्दील हो गए हैं। सर, उन्होंने 'टोपी शुक्ला' लिखी। 'आधा गाँव' में हर व्यक्ति, जो यहाँ सदन में बैठा है, अपनी छवि देख सकता है। टोपी शुक्ला उपन्यास में हर व्यक्ति अपनी छवि देख सकता है। 'दिल एक सादा काग़ज़', 'कटरा बी आर्ज़ू', 'सीन : 75', 'ओस की बूँद', 'नीम का पेड़', न जाने कितनी सारी चीजें। आज उनके द्वारा कर्बला पर लिखी गई चीजें अगर पढ़ी जाएं, माननीय विदेश मंत्री जी बैठे हैं, तो शायद ईरान को समझने में थोड़ी मदद मिलेगी।

माननीय सभापति महोदय, मेरा मानना है कि भारत के नैतिक भूगोल के चित्रकार डा. राही मासूम रज़ा के सम्मान में एक कमेमोरेटिव पोस्टल स्टैम्प जारी की जाए। माननीय सभापति महोदय, यह क्यों आवश्यक है? यह इसलिए आवश्यक है कि 'आधा गाँव' के माध्यम से हम खुद को समझा पाएं, कॉशन ले पाएं कि अब हम नहीं बटेंगे। 'टोपी शुक्ला' के माध्यम से -- जहाँ टोपी शुक्ला, जिसका नाम बलभद्र नारायण शुक्ला था और उसका सबसे प्यारा मित्र इफ़्फ़न था। वे दोनों अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में पढ़ते थे। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के माध्यम से एक साझी विरासत, जिसको पार्टिशन के वक्त में खतरा हुआ था, मैं मानता हूँ कि उस पोस्टल स्टैम्प की रिलीज़ के बाद एक संदेश पूरे देश में जाएगा कि हाँ, साहित्य और सिनेमा को ऊँचाई पर पहुंचाने वाला, जो नफरत, घृणा और वैमनस्यता के खिलाफ अपनी कलम तोड़ता रहा और कहता रहा कि यह मौसम बदलने का नाम क्यों नहीं ले रहा? सर, जय हिन्द।

Contents Page

MR. CHAIRMAN: The following hon'ble Members associated themselves with the issue raised by the hon'ble Member, Prof. Manoj Kumar Jha:

Shrimati Rajathi (Tamil Nadu), Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Shri Mohammed Nadimul Haque (West Bengal), Shrimati Phulo Devi Netam (Chhattisgarh), Shri Muzibulla Khan (Odisha), Shrimati Sulata Deo (Odisha), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shrimati Priyanka Chaturvedi (Maharashtra), Shri Sanjay Yadav (Bihar), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra) and Shri Anil Kumar Yadav Mandadi (Telangana).

Shrimati Renuka Chowdhury.

Need to expedite pending Central Government projects in Telangana

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY (Telangana): Thank you very much, Sir, for permitting me to draw attention of this House to a matter of urgent public importance. Several railway projects are pending clearance in Telangana despite the completion of all surveys and submission of Detailed Project Reports. As a result, these areas remain unconnected. These include new railway lines such as Dornakal-Miryalguda, Ramagundam-Manuguru, Karimnagar-Hasanparthi, Bhadrachalam-Kovvur, Patancheru-Adilabad and Bodhan-Latur. In addition, key capacity expansion works like doubling of Vikarabad-Parli, doubling of Mudkhed-Pimpalkutti and tripling/quadrupling of Kazipet-Secunderabad and Wadi-Guntakal sections are also pending approval. Sir, when the Government, despite submitting all papers, keeps these issues pending, it affects passenger connectivity. We have freight corridors. We talk of food security. How do you transport foodgrains, support industrial structures and connect backward regions in the State? Despite their strategic importance, delays in approvals have stalled progress and limited the State's growth potential. We are a new State and this should have been on top priority. We talk of smart cities! Besides all this, Sir, there is a huge cost overrun that gets involved, for which the Central Government stands no guarantee. The concern is further compounded by the non-fulfilment of commitments under the Andhra Pradesh Reorganisation Act, particularly, the Rail Manufacturing Unit at Kazipet, that remains pending even after more than a decade. Almost 12 years have passed since the assurance was given in this House. So, what is the sanctity of giving such assurances and the constitutional provisions if we do not respect them and we keep States suffering like this? Sir, I urge the Government, through you, to expedite approvals of these pending railway projects. There should be time-bound

Contents Page

implementation, so that we can contain the cost overrun and make it fiscally viable. I urge the Government to fulfil the commitments made under the AP Reorganisation Act, so that Telangana's connectivity and development aspirations are not hindered any further. Sir, despite the respect that we give the House and the assurances given in this House, if States which are not connected to the ruling party... ...*(Time-bell)*...

MR. CHAIRMAN: The following hon'ble Members associated themselves with the issue raised by the hon'ble Member, Shrimati Renuka Chowdhury:

Shrimati Priyanka Chaturvedi (Maharashtra), Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Shrimati Rajathi (Tamil Nadu), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Shrimati Phulo Devi Netam (Chhattisgarh), Shri Ravi Chandra Vaddiraju (Telangana), Shri Neeraj Dangi (Rajasthan), Dr. Sasmit Patra (Odisha) and Shri Anil Kumar Yadav Mandadi (Telangana).

12.00 **Noon**

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

Coverage of National Mission for Green India

#*406. SHRI CHUNNILAL GARASIYA: Will the Minister of ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE be pleased to state:

(a) whether Government is aware of decline in tree plantation activities recorded under the National Mission for Green India during the period between 2015 and 2025;

(b) if so, the steps being taken by the Ministry to address the shortfalls and accelerate plantation activities under the Mission;

(c) the specific role of the weightage given by the 16th Finance Commission in encouraging States to increase their forest cover;

(d) whether the Ministry has successfully integrated carbon sequestration monitoring into the design of the Mission; and

(e) if so, the details thereof?

Original notice of the question was received in Hindi.

Contents Page

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE (SHRI KIRTIVARDHAN SINGH): (a) to (e) A Statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) and (b) The National Mission for a Green India (NMGI) is one of the nine Missions under the National Action Plan on Climate Change (NAPCC) and aims to protect, restore and enhance forest and tree cover while contributing to climate change mitigation and adaptation through plantation and ecosystem restoration in identified landscapes. The Green India Mission (GIM), a scheme under the NMGI, adopts a landscape-based approach, wherein interventions are planned and implemented across contiguous forest and non-forest areas, integrating ecological, hydrological, and socio-economic dimensions. Activities under GIM are undertaken based on approved Perspective Plans and Annual Plans of Operation (APOs) submitted by States/UTs and approved by the National Executive Council. The Mission is implemented through a convergence-based framework, leveraging resources from various Central and State Government schemes and programmes.

GIM being a long-term mission focused on ecosystem restoration, afforestation, and climate adaptation, plantation and eco-restoration activities under GIM may vary across the years due to factors such as phased approvals of plans, timely availability of funds, and institutional preparedness at the State level. GIM has contributed to the overall increase in India's forest and tree cover. As per the India State of Forest Report (ISFR), forest and tree cover has increased from 7,94,245 sq km in 2015 to 8,27,356.95 sq km in 2023, registering a net increase of 33,111.95 sq km. These gains are attributable to sustained afforestation and eco-restoration efforts undertaken through coordinated actions of Central and State Governments under various schemes, including GIM.

Further, under the overarching theme of "*Ek Ped Maa Ke Naam*", a nationwide voluntary plantation initiative was launched on 5th June 2024 to promote tree planting through public participation and convergence with ongoing schemes.

To address gaps and accelerate implementation, the Ministry has taken several measures, including; Strengthening planning processes with improved technical support; Promoting convergence with Central and State schemes and programmes of line departments; Streamlining fund flow mechanisms and enhancing transparency

Contents Page

through digital monitoring tools; and Encouraging adoption of site-specific, climate-resilient plantation models.

(c) The 16th Finance Commission has been mandated to recommend the distribution of central taxes among States taking into account several factors including forest cover. The Commission in its report has relied upon the framework that uses forest and tree cover data (as per India State of Forest Reports), including Very Dense, Moderately Dense and Open Forest categories, for incentivizing States. This approach aligns fiscal devolution with national priorities and provides financial resources to States to support afforestation, ecological restoration, and sustainable forest management, complementing initiatives like the Green India Mission.

(d) and (e) Monitoring of forest and tree cover, including assessment of forest carbon stock, is carried out biennially by the Forest Survey of India (FSI) using remote sensing, GIS-based tools, and ground-based inventory methods. These assessments capture the impact of afforestation and restoration activities undertaken under various schemes, including GIM. Further, the Ministry promotes the use of technology-based monitoring tools, including geo-tagging, remote sensing, and field-based verification, to improve accuracy of plantation monitoring.

MR. CHAIRMAN: First supplementary; Shriman Chunnilal Garasiya.

श्री चुन्नीलाल गरासिया: माननीय सभापति महोदय, मैं आपको बहुत आभार और धन्यवाद देता हूं कि मेरा लॉटरी में इस सेशन में पहला नंबर आया है। मैं माननीय मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि राष्ट्रीय हरित भारत मिशन के अंतर्गत पिछले 5 वर्षों में राजस्थान में वनीकरण के अंतर्गत शामिल भूमि का हैक्टर्स में विवरण क्या है? पिछले 5 वर्षों में मिशन के अंतर्गत कितने हेक्टेयर क्षतिग्रस्त वन क्षेत्र का पुनर्स्थापन किया गया है? मिशन के अंतर्गत जिन राज्यों में वृक्षारोपण कवरेज़ में सर्वाधिक सुधार हुआ है, तत्संबंधी विवरण क्या है तथा उसकी सफलता के कारक क्या हैं? राजस्थान में सूखारोधी और देशी प्रजातियों के उपयोग से वृक्षारोपण की सफलता दर में किस प्रकार सुधार हुआ है तथा राज्य स्तर पर वृक्षारोपण गतिविधियों में तेजी लाने के लिए मंत्रालय द्वारा स्वीकृत प्रतिक्रियाओं को किस प्रकार सरल और सुव्यवस्थित किया गया है?

श्री सभापति: ऑनरेबल मिनिस्टर।

श्री कीर्तवर्धन सिंह: सर, माननीय सदस्य ने एक सवाल में काफी सारे इश्यूज़ रखे हैं। मैं सारे सवालों का जवाब देने की कोशिश करूंगा। माननीय सदस्य ने यह जानना चाहा है कि राजस्थान में हरित भारत मिशन के अंतर्गत वनीकरण में कितने एकड़ भूमि में सैप्लिंग्स या प्लांटेशन किए गए हैं। ग्रीन इंडिया मिशन के अंतर्गत हम लोग अफॉरेस्टेशन एक्टिविटीज़ करते हैं और रीजन-वाइज़

Contents Page

जहां-जहां जो indigenous saplings की जरूरत है, उसी को वहां पर लगाने की कोशिश करते हैं। उससे उनका सर्वाइवल भी बढ़ता है और देख-रेख में भी आसानी रहती है।

सर, माननीय सदस्य के सवाल के जवाब में मैं बताना चाहूंगा कि राजस्थान को 2.77 करोड़ का फंड मिला था और उसके साथ-साथ कैम्पा फंड और नाबार्ड फंड के कन्वर्जेंस के साथ राजस्थान में 61,056 हेक्टेयर्स में प्लांटेशन या वनीकरण किया गया है। इसमें अरावली लैंडस्केप रेस्टोरेशन भी शामिल है। उसके साथ जहां मैंने यह भी कोशिश की थी कि माननीय सदस्य जी के गृह क्षेत्र से पता करें कि वहां कितना हुआ है। माननीय सदस्य के गृह क्षेत्र डूंगरपुर 3,250 हेक्टेयर्स में भी प्लांटेशन किया गया। माननीय सदस्य जी दूसरा सवाल था कि कितने डिग्रेडेड फॉरेस्ट्स हैं और क्षतिग्रस्त वन के कितने हेक्टेयर में इस प्रोग्राम के तहत काम किया गया है? सर, वहां पर कैम्पा, स्टेट-फंडेड प्रोग्राम और नाबार्ड को लेकर 2021 से 2024 तक 3.78 लाख हेक्टेयर्स में प्लांटेशन ड्राइव की गई है। इसमें कोशिश यही रही है कि जो drought-resistance plants हैं, नेटिव स्पीशीज़ हैं, उन्हीं का प्लांटेशन वहां किया जाए। माननीय सदस्य यह भी जानना चाहते थे कि इस प्लान की एफिशिएंसी बढ़ाने के लिए सरकार ने क्या-क्या कदम उठाए हैं? सर, मैं बताना चाहता हूं कि अप्रूवल का जो प्रोसेस है, जिस तरह स्टेट से प्लान आता है, उसको अप्रूव करने का जो तरीका होता, उसको आसान किया गया है और उसमें और तेजी लाई गई है। Sir, it has been simplified and streamlined by the Ministry to accelerate the plantation activities at State level. Sir, under the National Mission for Green India, State and Union Territories अपना perspective plan सब्मिट करते हैं और Annual Plan of Operation भी सब्मिट करते हैं।

सर, हमारे ग्रीन इंडिया मिशन का जो डायरेक्टोरेट है, यह और इसके साथ-साथ, नेशनल एग्ज़ीक्यूटिव काउंसिल इसको अप्रूव करती है, उसके बाद ये फंड्स सैंक्शन किए जाते हैं। इस फंड्स सैंक्शन करने के रेश्यो को भी ठीक किया गया है। सर, नॉर्थ-ईस्टर्न स्टेट्स के लिए 90:10 के रेश्यो में फंड्स दिए जाते हैं, यानी 90 परसेंट केंद्र सरकार का होता है और 10 परसेंट राज्य सरकार का होता है। बाकी स्टेट्स के लिए 60:40 के रेश्यो में फंड दिया जाता है और जहां तक यूनियन टेरिटरीज़ हैं, उनमें 100 परसेंट केंद्र का फंड होता है।

सर, इसमें मुख्य बात यह है कि एक सिंगल नोडल एजेंसी, जिसको 'स्पर्श मॉड्यूल' कहा गया है, वह स्थापित किया गया है। सेंटर से स्टेट ट्रेज़री को जो फंड फ्लो जाता है, उसके बाद यह स्टेट फॉरेस्ट डिपार्टमेंट को जाता है, फिर स्टेट फॉरेस्ट डिपार्टमेंट से स्टेट फॉरेस्ट डेवलपमेंट एजेंसी और डिस्ट्रिक्ट फॉरेस्ट डेवलपमेंट एजेंसी को जाता है। Finally, Sir, the funds go to the Joint Forest Management Committee. These are at the village and *panchayat* levels. They go through a single nodal agency, the SPARSH module. इससे यह फायदा होता है कि रियल-टाइम फंड्स भी रिलीज होते हैं, मॉनिटरिंग भी अच्छी हो जाती है और इंप्लीमेंटेशन में भी एफिशिएंसी आ जाती है।

MR. CHAIRMAN: Second supplementary, Shriman Chunnilal Garasiya.

Contents Page

श्री चुन्नीलाल गरासिया: माननीय सभापति महोदय, माननीय मंत्री जी ने जो जवाब दिया, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। सर, मेरा अगला प्रश्न यह है कि 16वें वित्त आयोग के कर वितरण सूत्र में वन एवं पारिस्थितिकी संकेतों को कितने अनुपात में शामिल किया गया है? इसके साथ ही, राज्यों में वनीकरण गतिविधियों को सुदृढ़ करने में इस बढ़े हुए वित्तीय समर्थन का क्या योगदान रहा है? मिशन के अंतर्गत निधियों के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए कौन से संस्थागत तंत्र विकसित किए गए हैं? इसके अतिरिक्त, राजस्थान को 16वें वित्त आयोग के वन एवं पारिस्थितिकी मानदंड के अंतर्गत प्राप्त धनराशि का विवरण क्या है? राजस्थान में इन निधियों का उपयोग, विशेष रूप से जनजाति जिलों और मरुस्थली जिलों में वन एवं वृक्ष आवरण बढ़ाने के लिए किस प्रकार किया जा रहा है? इसके साथ-साथ, हमारे राजस्थान, हरियाणा और गुजरात में अरावली की पहाड़ियों की श्रृंखला है, जो प्राकृतिक रूप से राजस्थान को सुरक्षा प्रदान करती है, जिसके ऊपर मानसून के कई आधार डिपेंड करते हैं। अभी अरावली श्रृंखला में कई खनन के कारण वहां का जो फॉरेस्ट है, उसको बहुत नुकसान हुआ है। मैं मंत्री जी से जानकारी चाहूंगा कि इस अरावली श्रृंखला को जो नुकसान पहुंचा है, उसके बारे में भी वे मुझे जानकारी दें। मैं आपके माध्यम से यह पूछना चाहता हूं कि इसको रोकने के लिए वे क्या उपाय करेंगे?

MR. CHAIRMAN: Hon'ble Minister, be brief. You need not explain everything. You need not answer every word of his.

श्री कीर्तवर्धन सिंह: सर, आपके संरक्षण के लिए धन्यवाद। मैं यह कहना चाहता हूं कि माननीय सदस्य ने एक सवाल में बहुत सारे सवाल पूछे हैं और जानकारी चाही है। मेरी कोशिश रहेगी कि मैं संक्षेप में उनका उत्तर दूं। जहां तक इनके सवालों का इस प्रश्न से संबंधित होने की बात है, तो वे सारे सवाल इससे संबंधित हैं। सर, जहां तक मुझे याद है, माननीय सदस्य का सवाल वेटेज पर था कि 16वें फाइनेंस कमीशन में कितने परसेंट वेटेज दी गई है। सर, वेटेज तो 10 परसेंट ही रखी गई है, लेकिन उसमें सुधार लाए गए हैं। ये सुधार इसलिए लाए गए हैं, क्योंकि अभी तक जो हमारे इस्टैब्लिश्ड फॉरेस्ट थे, केवल उन्हीं के हिसाब से वेटेज मिलती थी। अब जो डिग्रेडेड लैंड है या ओपन फॉरेस्ट एरिया है या जहां पेड़ों की कम डेंसिटी है, उनको भी वेटेज मिलेगी। पहले उनको वेटेज नहीं मिलती थी, इसलिए स्टेट्स को कोई इंसेंटिव नहीं रहती थी कि ऐसे डिग्रेडेड फॉरेस्ट लैंड या ओपन फॉरेस्ट लैंड को भी वे फॉरेस्ट की शक्ल में डेवलप करें। इसलिए यह सुधार लाया गया है कि अब यह जो इंक्रीज इन फॉरेस्ट कवर असेसमेंट होगा, इसमें दो साल पर इवैल्युएशन तो होगा ही, साथ ही, इसमें जो डिग्रेडेड और लो डेंसिटी फॉरेस्ट्स हैं, जिनके रेस्टोरेशन के लिए बहुत ज्यादा पोटेंशियल है, उनको भी इसमें वेटेज मिलेगी। सर, इसके साथ-साथ, इन्होंने जो 16वें फाइनेंस कमीशन की बात की थी, उसमें मुख्य चेंज लाया गया है। उसमें यही है कि both forest area and incremental increase in forest cover will be included. Open forests will be incorporated, expanding the scope beyond dense forests. Transition from a static measure to a dynamic performance-based framework will be established. It will balance the dense and the open forests. सर, इसमें हमारे forest वाले जो States हैं, उनको भी उतना ही फायदा मिलेगा, लेकिन इन स्टेट्स को एक incentive मिलेगा कि वे अपने फॉरेस्ट की क्वालिटी बढ़ाएं।

Contents Page

MR. CHAIRMAN: Third supplementary; Shriman Pramod Tiwari.

श्री प्रमोद तिवारी: मान्यवर, यह राजस्थान से जुड़ा प्रश्न है। मैं मंत्री जी के विस्तृत जवाब के बाद दो बातें जानना चाहता हूँ। क्या वे बता सकते हैं कि यह जो प्लांटेशन होता है, उसमें खासतौर से राजस्थान में survival की percentage क्या है? मेरी जानकारी के अनुसार, छुट्टा जानवर, आवारा जानवर उनको चर रहे हैं और पानी नहीं मिलने की वजह से, वे सूख रहे हैं। ऐसा बड़े हिस्से में हो रहा है। मेरी एक चिंता यह है। दूसरा, एक नया कानून लाया गया था, जिसमें अरावली में एक लंबी दूरी तक खनन माफियाओं को छूट दी जा रही थी। क्या ये इसके बारे में आश्वस्त करेंगे? सुप्रीम कोर्ट ने इसको लेकर जैसी चिंता जताई है, सुप्रीम कोर्ट ने इसमें रोक भी लगाई है। इसके लिए मैं सुप्रीम कोर्ट को बधाई देता हूं। अगर पर्यावरण ही नहीं रहा, तो धरती पर हमारा रहना मुश्किल हो जाएगा। तो पर्यावरण को किसी राजनैतिक दृष्टिकोण से नहीं देखें, बल्कि सबकी चिंता को समझते हुए, जो मैंने पहला पूछा है कि उसकी दर क्या है और दूसरा, अरावली को पूरी तरह मुक्त किया जाएगा, वहां प्लांटेशन किया जाएगा।

श्री कीर्तवर्धन सिंह: सर, यहाँ तक survival rate की बात है, तो हम लोग एक प्लांटेशन में मोटा-मोटी 60 से 70 परसेंट survival rate मान कर चलते हैं। हमारा Indian State of Forest Institute है, वह हर दो साल पर satellite imagery द्वारा इसका अससमेंट करता है। हम लोग satellite imagery, GIS techniques और उसके साथ-साथ ground verification techniques का भी इस्तेमाल करते हैं, यह देखने के लिए कि हमारे जो प्लांटेशंस लगाए गए हैं, उनमें कितनी survival है।

सर, जहां तक माननीय सदस्य जी ने यह कंसर्न जाहिर किया कि एनवायरनमेंट के लिए फॉरेस्ट जरूरी है, इसके लिए क्या हो रहा है, तो मैं आपके सामने हाउस में यह पेश करना चाहता हूं, जो हमारी ISFR की रिपोर्ट है, जो 2023 की है, इसमें यह दिखाया गया है कि आज हमारे देश का जो forest and tree cover है, वह 8,27,357 स्क्वायर किलोमीटर है। यह हमारे देश के पूरे geographical area का करीब 25 परसेंट कवर करता है। सर, 2021 के असेसमेंट के अनुसार, इसमें 1,445 स्क्वायर किलोमीटर की बढ़ोतरी हुई है। इससे यह साफ-साफ जाहिर है कि हमारी सरकार पूरी तरह से इस forest cover को बढ़ाने के लिए सारे प्रयास कर रही है और इसमें हर तरह के जितने भी मिशंस हैं, जितने भी हमारे state programmes और national programmes हैं, ये सब एक convergence ढंग से इस पर काम कर रहे हैं।

सर, जहां तक इन्होंने अरावली की बात की है, under Aravalli Landscape Restoration and Aravalli Green Wall Initiative, आपने राजस्थान की बात की थी, तो the State of Rajasthan has taken up afforestation and eco-restoration on 61,056 heactares. जैसा मैंने बताया कि यह पिछले 2024 से 2026 की बात है। ...(**व्यवधान**)...

श्री प्रमोद तिवारी: सर, दिल्ली और हरियाणा में अरावली का ...

Contents Page

श्री कीर्तवर्धन सिंहः सर, चूंकि यह माननीय सदस्य जी का स्पेसिफिक सवाल है, तो मैं उनको इंफॉर्मेशन प्रोवाइड कर सकता हूँ, क्योंकि यह इसमें नहीं है, धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Fourth supplementary; Shriman Brij Lal.

Regarding Amaravati, and specifically the women of Amaravati, I must share a brief anecdote. During the freedom struggle, as Mahatma Gandhi traveled from city to city mobilizing the independence movement, women would step forward, donate their

Contents Page

jewelry, and offer their unwavering support to him. It is said that India ultimately attained its independence precisely because of such support. In that same spirit, during the ongoing Amaravati agitation, as women across the region were actively participating in the protests, the wife of our hon'ble Chief Minister, Smt. Bhuvaneswari, whom we revere as a mother figure, visited the area. Upon witnessing the nature and intensity of the movement, she removed the two bangles she was wearing and donated them to the cause.

Just as the freedom struggle of that era eventually triumphed, we are confident that the Amaravati movement of today will likewise march forward to a resounding victory for the farmers. Furthermore, I wish to specifically submit that today marks Hanuman Jayanti. On this auspicious day, people across the entire nation are celebrating the sacred festival of Hanuman Jayanti. In the days of yore in Ayodhya, Lord Rama had Hanuman as his steadfast companion. Here in Amaravati, however, where our Chief Minister, Mr. Chandrababu Naidu, embodies the spirit of Rama, he is accompanied not by just one Hanuman, but by two. One is Shri Pawan Kalyan, and the other is our dynamic youth leader, Shri Lokesh. Just as the Hanuman of yore walked the path of Rama during the war for righteousness, upholding justice and defending the nation, so too do our two 'Hanumans' here in Amaravati fight for the cause of justice and protection, treating our Rama's word as their supreme law. Today, driven by immense determination, our leaders have arrived specifically to witness the proceedings regarding this Bill. They are here with the noble intent of standing at the forefront, leading the five crore people of Andhra Pradesh, to witness the realization of this legislation, to behold the joy of the Andhra people, and to fulfill this long-cherished aspiration of the state's citizens.

A brief word regarding Amaravati, Sir, Amaravati represents the glory of the ancient Satavahana era. Amaravati represents the resolute vision of Shri Chandrababu Naidu today and Amaravati stands as a global metropolis of the modern age. Jai Hind, Jai Amaravati, Jai Telugu Desam! Thank you, Sir."

उपसभाध्यक्ष (डा. दिनेश शर्मा): धन्यवाद माननीय सदस्य। माननीय सदस्य श्री रविचंद्र वद्दीराजू जी। आपके पास तीन मिनट का समय है। आप जो भी बोलना चाहते हैं, तीन मिनट में ही बोलिएगा, जिससे कि आपको दोबारा प्रश्न-उत्तर न करना पड़े।

Contents Page

SHRI RAVI CHANDRA VADDIRAJU (Telangana): [&] "Hon'ble Vice Chairman Sir, thank you very much for the opportunity. First and foremost, I express my gratitude to you for providing this excellent opportunity. For the first time, speaking now as representatives from the State of Telangana, we wholeheartedly support the Bill introduced today, which seeks to re-establish Amaravati as the capital city under the provisions of the Andhra Pradesh Reorganization Act. We harbor absolutely no grievance regarding this matter.

Sir, when Amaravati was first being built, our hon'ble Chief Minister KCR himself personally visited the site, offered his blessings, and sincerely wished for its prosperity. We are the people of Telangana who wholeheartedly shared that sentiment. Sir, when our States separated, our sincere desire was to continue living together like brothers, and that is exactly how we have remained, united in spirit despite the separation. Therefore, we have no grievance whatsoever regarding that aspect. However, Sir, the grievance we have is this. You may develop the State to any extent you wish, and indeed, it is the heartfelt desire of all of us that both Andhra Pradesh and Telangana should develop jointly. But where a grave injustice is currently occurring is in the implementation of the AP Reorganization Act.

Sir, in accordance with the provisions of the Reorganization Act, we have been repeatedly requesting, time and again, that at least one of our projects be granted 'National Project Status.' Sir, discussions have taken place regarding this matter, and quite a significant controversy has arisen surrounding it. Yet, we have not spoken a single word amiss. Neither our State Government nor any Government, for that matter, spends money from anyone's personal coffers, they do not spend their own private funds. Similarly, Sir, the Central Government does not spend money drawn from anyone's private household funds either. Every single rupee spent is derived from the taxes paid by the people. We are indeed spending money, Sir, specifically, 34,000 crore rupees from the Telangana State Government's own exchequer. We constructed the Kaleshwaram project by expending funds and securing loans totaling 60,000 crore rupees through Central Public Sector Undertakings. Kaleshwaram is, in fact, one of the largest projects in the world. The credit for completing this massive project in a mere three or four years, dedicating it to the people of Telangana and transforming the state from one that produced 60 lakh tonnes of grain into one that produces 3 crore tonnes, belongs entirely to our leader, Shri KCR. Our request, articulated just recently, is simply that National Project Status be accorded to at least

[&] English translation of the original speech delivered in Telugu.

Contents Page

one of these projects, either Kaleshwaram or the Palamuru-Rangareddy Lift Irrigation Scheme. This is precisely what was conveyed to the hon'ble Minister Shri C.R. Patil to the Minister during our recent interaction. However, there appears to have been a slight misunderstanding or error in the proceedings; consequently, that specific reference should be removed from the official records. A mistake occurred. Furthermore, regarding today's proceedings, our respected colleague and Minister, *made a statement *for granting statehood to Telangana. I earnestly and wholeheartedly request that this specific remark be expunged from the official records, Sir, such a statement is inappropriate and incorrect. Additionally, Sir, under the provisions of the Andhra Pradesh Reorganisation Act, seven Mandals were annexed solely through the issuance of an Ordinance. And, this annexation was effected without any prior discussion or debate taking place in the Legislative Assemblies of either of the respective states. Sir, the issue at hand concerns the five villages situated right next to Bhadrachalam, specifically Etapaka, Kannegudem, Pichukalapadu, Purushottapatnam and Gundala, which lie in a zone where Telangana and Andhra Pradesh territories converge.

Bhadrachalam is revered as the immediate abode of Lord Sri Ramachandra. However, all of Lord Sri Ramachandra's assets, fields, and lands are located within these very five villages. Consequently, these assets are facing difficulties and complications. Whether it involves transferring accounts from one State to the other, or simply carrying out administrative and service-related activities, the cross-border situation is creating significant operational hurdles.

Please, Sir, I have a small request. This amendment is not a difficult task; I sincerely and wholeheartedly urge you to implement just this one measure. Sir, just one minute. I won't take much time. One point regarding the three organizations established under the Reorganization Act. Firstly, there is the Bayyaram Steel Factory; secondly, the Kazipet Rail Coach Factory. Although a manufacturing unit has been sanctioned for the latter, I sincerely request that a full-fledged coach factory be established there as well. Furthermore, a Tribal University was sanctioned. However, that university remains non-functional. Even after ten years have passed, it is unclear whether it has actually commenced operations or not. I urge you to focus your attention on this matter. I also request that a Navodaya School and a Kendriya Vidyalaya be established in every single district across Telangana. Additionally, I sincerely request that at least one project within the State of Telangana be accorded

* Not recorded.

Contents Page

'National Project' status. We have been repeatedly making this appeal to our colleague, Mr. Ram Mohan Naidu. Whether it concerns Adilabad, Warangal, or Kothagudem, please ensure that these projects are executed immediately.

I sincerely hope that the state of Telangana, too, will witness rapid development and progress. Sir, finally, regarding the Bhadradri Kothagudem region, the railway station board at Bhadrachalam has borne the name "Bhadrachalam Road" since 1932. It has been nearly a century, approximately 96 or 97 years, since then. I request that a dedicated train route be established directly to Bhadrachalam. Furthermore, as you are aware, the Naxalite issue in this region has recently been brought under significant control. To ensure that such difficulties do not recur, please lay railway tracks connecting these regions. Tracks could be laid to Chhattisgarh, extending onward to Odisha, and from there to Madhya Pradesh and the Bastar region.

(MR. CHAIRMAN *in the Chair.*)

There is also significant concern regarding the connectivity between the States of Telangana and Andhra Pradesh. Please devote some attention to this matter as well and provide the necessary road infrastructure. With a heartfelt desire to see the cherished pilgrimage site of Bhadrachalam developed, and with a deep affection for this sacred place, I earnestly appeal to you to please treat Bhadrachalam with special care and affection.

Another point I wish to raise, Sir, regarding Bhadrachalam specifically. Regarding the Bastar region, whether traveling from Madhya Pradesh to Chhattisgarh, Odisha, Telangana, or Andhra Pradesh, to reach any of these five destinations, one invariably has to pass through either Rajahmundry or Kakinada. Sir, if proper medical facilities are established here to cater to their treatment needs, it would be highly beneficial for Telangana, and also it would be advantageous for Andhra Pradesh. Even though the two state have separated, I sincerely wish for the well-being of both. We have not caused any disruption or inconvenience at any point. Thank you very much.

MR. CHAIRMAN: Next, Shrimati Priyanka Chaturvedi.

SHRIMATI PRIYANKA CHATURVEDI (Maharashtra): Mr. Chairman, Sir. I am happy that I stand to make my last speech, for this term, in solidarity for the people of Andhra Pradesh, especially the women and the farmers of Amravati for the long-awaited justice they sought from this country. It was heartening to hear the words of

Contents Page

Civil Aviation Minister, Kinjarapu Rammohan Naidu Ji. His words carried the weight of the emotions, and not just the emotions but also the pride that the people of Andhra Pradesh carry in their hearts for their State. It was extremely emotional for me to hear the words that he spoke. So, I commend him for that. It is also heartening to see the entire team of the TDP, sitting right there, listening to every part of everyone's speech.

Sir, today we take up a Bill that is, at its heart, an admission of failure - a belated reckoning with what was done to the people of Andhra Pradesh in 2014. When this Parliament passed the Andhra Pradesh Reorganisation Bill, it carved out a new State and left it, quite literally, without a capital, without a Secretariat and without an administrative ecosystem. While Telangana was given Hyderabad, a ready, globally- recognised city, Andhra Pradesh was given a promise. Today, we are here to put a name to that promise. And, while we welcome that, this House must not allow itself to celebrate without also accounting for the long injustice. Sir, we support the principle of giving Andhra Pradesh a permanent, statutory capital. Amaravati was identified after consultation and planning, and significant infrastructure investment has already begun. Over 56,000 crore worth of projects are still underway. But, nearly 34,000 acres of agricultural land was pooled from farmers who surrendered their livelihoods on the faith of a promise, developed plots, housing, and education for their children. This Bill, as it stands, contains no timeline, no compensation framework and no binding commitment to those farmers. Sir, I am hoping that this will also be looked into.

Sir, when Andhra Pradesh was bifurcated, the Central Government made explicit assurances about Special Category status, a designation that would have meant higher Central Grants, tax concessions and development support for a newly formed, economically- disadvantaged State. Those assurances were, unfortunately, not honoured. The BJP has been in power at the Centre for over 12 years, and the State still awaits what was promised to it in letter and spirit. This Bill gives Amaravati a name in the statute books.

(MR. CHAIRMAN *in the Chair*.)

But it should get the confidence from the Central Government. Sir, this Bill will pass and it should pass. But Parliament must not walk away from Andhra Pradesh the moment this vote is done, just as it effectively walked away in 2014. I urge the Government, do not let this amendment be the full stop on Andhra Pradesh's

Contents Page

aspirations, its people's aspirations, their pride, their resilience; follow through on special status commitments, ensure water treaty obligations are met and protect the farmers who gave their land and the women who fought for this cause. Thank you so much, Sir. I stand in total solidarity with this Bill. Thank you.

MR. CHAIRMAN: Nityanand Rai *Ji* to reply to the discussion.

श्री नित्यानंद राय: महोदय, आज आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2026 पर कई घंटों तक चर्चा हुई और सभी माननीय सदस्यों ने अपने-अपने महत्वपूर्ण विचार भी व्यक्त किए। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के अनुसार, उत्तरवर्ती आंध्र प्रदेश राज्य के लिए एक नई राजधानी होगी। आंध्र प्रदेश सरकार ने दिनांक 23.04.2015 को अधिसूचना जारी की, जिसके अनुसार, अमरावती को राजधानी शहर के रूप में नामित किया गया। आंध्र प्रदेश की विधानसभा ने 28.03.2026 को एक प्रस्ताव पारित किया है। इसमें भारत सरकार से आंध्र प्रदेश की राजधानी के रूप में अमरावती को वैधानिक दर्जा प्रदान करने के लिए आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 की धारा 5 की उपधारा 2 और उसके स्पष्टीकरण में संशोधन करने का अनुरोध किया है। विधेयक में यह उपबंध किया गया है कि निर्दिष्ट अवधि के अवसान पर आंध्र प्रदेश राज्य के लिए अमरावती नई राजधानी होगी और अमरावती को लेकर एक स्पष्टीकरण दिया गया है। आंध्र प्रदेश की विधानसभा ने दिनांक 28.03.2026 के संकल्प को प्रभावी बनाने के लिए और आंध्र प्रदेश राज्य की राजधानी के संबंध में वैधानिक स्पष्टता का उपबंध करने के लिए दिनांक 02.06.2024 से आंध्र प्रदेश राज्य की राजधानी के रूप में अधिनियम में अमरावती का नाम सम्मिलित करने के लिए उसकी धारा 5 की उपधारा 2 का संशोधन करने का प्रस्ताव है।

महोदय, आंध्र प्रदेश को अमरावती के रूप में नई राजधानी मिल रही है। उनको शुभकामनाएं हैं और विकास के पथ पर आंध्र प्रदेश ऊंचाइयों को छुए और माननीय प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत के सपने और संकल्प को पूरा करने में सार्थक भूमिका निभाए। यह सदन ने आज इतने महत्वपूर्ण संशोधन विधेयक को पारित करने जा रहा है। यह बहुत ही ऐतिहासिक अवसर है। अत: मैं इस माननीय सदन से आग्रह करता हूं कि इस संशोधन विधेयक को पारित कर आंध्र प्रदेश की राजधानी के संबंध में वैधानिक स्पष्टता सुनिश्चित करने में अपना अहम सहयोग प्रदान करे, धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That the Bill further to amend the Andhra Pradesh Reorganisation Act, 2014, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

MR. CHAIRMAN: We shall now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

Clause 2 was added to the Bill.

Contents Page

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

MR. CHAIRMAN: Now, Shriman Nityanand Rai to move that the Bill be passed.

श्री नित्यानंद राय: महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं: कि विधेयक को पारित किया जाए।

The question was put and the motion was adopted.

MR. CHAIRMAN: On behalf of the entire House and the people of the entire country, we wish all the Andhra Pradesh people to have their new, well-built capital, Amaravati. Lord Venkateshwara will bless all the Andhra Pradesh people for their new capital. ...*(Interruptions)*... I am saying, God will bless all of us but I am praying for their well-being because they are going to get a new capital. This is a special prayer, nothing else. You will be always blessed by Lord Venkateshwara. Don't worry about it. Now, Piyush Goyalji to move a motion for consideration of Jan Vishwas (Amendment of Provisions) Bill, 2026.

The Jan Vishwas (Amendment of Provisions) Bill, 2026

THE MINISTER OF COMMERCE AND INDUSTRY (SHRI PIYUSH GOYAL): Sir, I move:

"That the Bill to amend certain enactments for decriminalising and rationalising offences to further enhance trust-based governance for ease of living and doing business, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

The question was proposed.

MR. CHAIRMAN: Motion moved. I now call upon the Members whose names have been received for participation in the discussion. Shriman Shaktisinh Gohil.

श्री शक्तिसिंह गोहिल (गुजरात): सभापति महोदय, 340 पन्नों का, 79 कानूनों में सुधार करता हुआ बिल मंत्री जी लेकर आए हैं और नाम है - जन विश्वास, पर असल में जनता का * है और कैसे है, उसको मैं डेमोंस्ट्रेट करके दिखाऊंगा। सर, लेजिस्लेशन का बिजनेस बहुत सीरियस बिजनेस होता है।

(**उपसभापति महोदय** *पीठासीन हुए।*)

उपसभापति महोदय, आप भी इस बात को बहुत अच्छे से जानते हैं कि हमारे जो रूल्स हैं - Rules of Procedure and Conduct of Business in Rajya Sabha, पूरा चैप्टर 9 लेजिस्लेशन के बिजनेस के ऊपर दिया गया है। सर, यह 340 पन्नों का बिल आज सुबह जब हम

Contents Page

पार्लियामेंट में आए, तब तक राज्य सभा के पोर्टल पर अवेलेबल नहीं था। जब हम यहां आए, तो सप्लीमेंटरी बिजनेस आता है कि 79 कानूनों को अमेंड करता हुआ 340 पन्नों का बिल आज राज्य सभा में डिस्कस होगा। इसलिए मैं £ कहता हूं, क्योंकि यह मेम्बर्स का अधिकार है कि बोलने से पहले उनको देखना है, पढ़ना है। अगर 79 कानूनों में अमेंडमेंट्स हैं, तो उनको पढ़ना पड़ेगा। अगर क्वेश्चन ऑवर में, ज़ीरो ऑवर में कोई बात हो गई, तो उसकी लाइफ बहुत शॉर्ट होती है, पर कानून में बदलाव का फार-फेच्ड इफेक्ट होता है, लंबे समय तक उसका असर रहता है। इसीलिए लेजिस्लेशन का बिजनेस एक इंपॉर्टेंट बिजनेस है।

उपसभापति महोदय, ये कह सकते हैं कि यह तो सेलेक्ट कमिटी में गया था, यह था, वह था। सर, कल रात आठ बजे लोक सभा में जो बिल पास हुआ, उसमें काफी अमेंडमेंट्स आए। हमारे मेम्बर्स उनको कैसे देखेंगे? आज मुझे अपना क्वेश्चन ऑवर का टाइम छोड़ कर लाइब्रेरी में जाकर बैठना पड़ा, क्योंकि मुझे इस बिल को पढ़ना था। उपसभापति महोदय, मैं आपके जरिए, आपको भी और श्रीमान सभापति महोदय जी को भी जरूर यह कहना चाहूंगा कि हमारे हितों की रक्षा आपके हाथों में है, मेम्बर्स का राइट प्रोटेक्ट होना चाहिए। मैं आपके जरिए जरूर यह कहना चाहता हूं कि सरकार इस तरह से हड़बड़ी में आगे कोई बिल लेकर न आए और मैं यह मांग भी करता हूं कि हमारे अधिकार की रक्षा हो। मैं सरकार से भी अनुरोध करता हूं कि वह कम से कम लेजिस्लेशन के बिजनेस में ऐसी हड़बड़ी न करे।

सर, 18 अगस्त, 2025 को यह बिल सेलेक्ट कमिटी को सौंपा गया था। अगर सुरेन्द्र सिंह नागर जी जैसे या नीरज शेखर जी जैसे या संजय सिंह जी जैसे कोई सदस्य उस सेलेक्ट कमिटी के चेयरमैन होते, तो शायद इस बिल में आज जो कमियां रह गई हैं, वे कमियां नहीं रहतीं। इसमें डीक्रिमिनलाइजेशन, मायने इसमें आप जो पुलिस केस से बाहर निकालने की बात कर रहे हैं, Sir, through the Jan Vishwas Bill, apart from decriminalization of several offences across various amendments, 20 additional provisions of the Motor Vehicles Act, 1988 and 47 provisions of the New Delhi Municipal Council Act, 1994 लेकर यह सरकार आ रही है। सर, कोई पुराना कानून है, वह अंग्रेजों के वक्त में बना है और उसमें कोई क्रिमिनल प्रोविजन है और उसको सरकार हटाना चाहती है, तो हम सहमत हैं, उसको जरूर हटाना चाहिए, किंतु साथ ही साथ, चूंकि पुराना है, सब निकम्मा है, चाहे पार्लियामेंट की पुरानी बिल्डिंग हो, चाहे पुराना कानून हो, आंख बंद करके ऐसे डिसिजंस नहीं हो सकते हैं। I would demonstrate, out of 79 Acts, whatever you are amending there are Acts which would adversely affect the people. इससे जनता का विश्वास नहीं, बल्कि जनता का £ होगा, यह मुझे कहना पड़ रहा है।

सर, रेलवे एक्ट का सेक्शन 145 - 'drunkenness or nuisance', drunkenness and disoriented actions के लिए, मतलब यह कि किसी महिला के साथ किसी ने दुर्व्यवहार किया, कोई शराब पिया हुआ व्यक्ति है, तो उसको 24 घंटे की सजा है। क्या हमें उसको नहीं बढ़ाना चाहिए? क्या वहां हमें महिला का सम्मान नहीं करना चाहिए, जहां यह जरूरी होता है? सर, इसी

£ Exupnged as ordered by the Chair.

Contents Page

तरह से ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट पब्लिक हेल्थ के लिए बहुत अहम है। अगर कोई फर्जी मेडिसिन बनाता है, दवाएं बनाता है, तो यह कानून उसको देखता है। मेरी जवान बहन, रेणुका बहन आगे बैठी हैं, वे कोई कॉस्मेटिक्स यूज़ करती हैं। उसमें अगर कोई मिलावट हो गई, ...(**व्यवधान**)... उसके अंदर कोई fake product आ गया और उससे उनकी skin बर्बाद हो गई, उनकी हेल्थ पर adverse effect हुआ, तो उसके लिए उसको जेल भेजने का प्रावधान था। आप इस अमेंडमेंट के साथ आप फर्जी मेडिसिन, फर्जी cosmetics बनाने वालों के खिलाफ क्या प्रावधान कर रहे हैं? आप उसके खिलाफ सिर्फ 1 लाख रुपए की penalty का प्रावधान कर रहे हैं and no jail. ...(*Interruptions*)... It means you are inviting people to produce fake medicine and cosmetics! आप एक लाख रुपए दे दो, आपको जेल जाने की जरूरत नहीं है। इसमें यह amendment है। इसका मैं जरूर विरोध करता हूं।

Sir, I come to Section 51 of the Disaster Management Act. जब कुदरती आपदा आती है, तो उसमें लोगों की जान जाती है, लोग बर्बाद होते हैं। उस वक्त disaster management में जो काम होना चाहिए, वह काम हो रहा होता है, लेकिन अगर कोई इसमें रोक लगाता है, disaster management में, यानी कुदरती आपदा में, मुश्किल में आए लोगों के लिए चलाए जा रहे रिलीफ वर्क में, अगर कोई problem create करता है, तो उसके लिए जो प्रावधान था, वह दो साल तक की imprisonment का प्रावधान था। यह सरकार इस amendment के जरिए, इसे सिर्फ 6 महीने और 1 साल कर रही है। इसका मैं विरोध कर रहा हूं। इसलिए मैं कहता हूं कि application of mind is necessary. सर, आप कहां क्या कम कर रहे हैं?

सर, the Petroleum and Minerals Pipelines Act, 1962 एक पुराना कानून है। यह बहुत सोच-समझ कर बनाया गया था। आज भी ONGC की pipeline कहीं से जा रही है, तो लोग उसमें छेद करके पेट्रोल की, गैस की चोरियां कर रहे हैं, पकड़े जाते हैं। लेकिन लोग वह काम करते हुए डरते हैं, क्यों, क्योंकि इस पुराने कानून में प्रावधान क्या है - Minimum imprisonment for ten years goes up to life imprisonment and up to death penalty. सर, मैं कानून का विद्यार्थी रहा हूं, मैं एडवोकेट हूं। मैं जानता हूं कि जब किसी को 10 साल या उससे ऊपर की सजा होती है, तो उसे जल्दी से bail नहीं मिलती है और अगर एक बार conviction हो गया, तो appeal admit होने के बाद भी bail नहीं मिलती है। यह सरकार इसको कम करके 5 साल का कर रही है and when there is a maximum imprisonment of five years, the person will easily get the bail and if there is a conviction order by the Trial Court, Appellate Court will grant bail because the maximum imprisonment is five years and the settled law is that when there is less than seven years imprisonment and appeal is filed, the bail can be granted on asking. उनको bail मिल जाएगी। इससे चोरी करने वाले लोगों को प्रोत्साहन मिलेगा। इसीलिए मैं कहता हूं कि इसके बारे में आपको फिर से सोचने की जरूरत है।

सर, हमारे पास Cattle Trespass Act था। छोटे, गरीब किसान की crop खड़ी है और अगर कोई उसको damage कर देता है, तो उसके लिए जेल की सजा का प्रावधान था। आप इसमें सुधार करके क्या प्रावधान ला रहे हैं कि आपने उस गरीब किसान के crop का नाश कर

Contents Page

दिया, तो आपको एक थोड़ी सी रकम की penalty देनी होगी, जेल में नहीं जाना होगा। इसलिए मैं इसका विरोध करता हूं।

सर, हमारा संविधान बना। पीयूष गोयल जी बड़े अभ्यासु और अच्छे इंसान हैं। वे हमारी गुजराती भी अच्छे से बोल लेते हैं, समझ लेते हैं। तो मैं आपके जरिए माननीय मंत्री जी को कहना चाहता हूं कि आप उस डिबेट को देखिएगा। कुछ कानून ऐसे थे, जिनके बारे में वहां पर बहस हुई थी और कहा गया था कि अंग्रेजों के बनाए हुए कानून का दुरुपयोग अंग्रेज करते थे, पर हमें विश्वास है कि अब लोकतंत्र में आई हुई सरकार है, तो इसका मिसयूज नहीं होगा, परन्तु अगर कहीं मिसयूज होता है, तो आने वाली सरकारों को वहां decriminalization – यानी इस पर सिविल केस जरूर दर्ज हो, परन्तु क्रिमिनल केस या जेल में जाने वाला केस दर्ज नहीं होना चाहिए। उसमें सबसे ज्यादा बहस अगर किसी चीज पर हुई थी, तो वह defamation के केस पर, मानहानि के केस पर बहस हुई थी।

4.00 **P.M.**

सर, अंग्रेज क्या करते थे? Defamation के केस के लिए एक कानून बना था कि अगर स्वतंत्रता सेनानी ने कुछ भाषण दिया, तो वह कहते थे कि अंग्रेज का defamation हो गया, इसलिए civil suit भी फाइल किया जाए और उस स्वतंत्रता सेनानी को पकड़ कर जेल में डाल देते थे। संविधान बनाते वक्त संविधान सभा में बहुत भारी चर्चा के अंदर यह बात उभर कर आई कि आने वाले दिनों में इसके ऊपर सोच होनी चाहिए और इसको criminalisation से खत्म कर देना चाहिए। मतलब, अगर मानहानि हुई है, तो civil suit बन सकता है, पर इसके लिए पुलिस केस नहीं बन सकता है, क्योंकि 'फ्रीडम ऑफ स्पीच' होना चाहिए। उस समय इस पर बहस हुई थी और यह कहा गया था, लेकिन यह सरकार इस पर विचार नहीं करती है। सर, आज इसका maximum दुरुपयोग हो रहा है।

सर, मैं एक example देता हूँ। Defamation के केस के basic principle में 'jurisdiction of the court' है, मतलब, अगर मैंने कोई स्पीच दी और वह एरिया उस कोर्ट के jurisdiction में आता है, तो ही वह कोर्ट उस केस को ले सकती है। सर, कर्णाटक में कोई बोलता है, सूरत की कोर्ट उसका cognisance लेती है। Second parameter के अनुसार जो भी complainant बनता है, उसकी डायरेक्ट मानहानि होनी चाहिए। नहीं हुई है, फिर भी केस लिया जाता है। Third parameter is: Whether there is a substance. Do you have the proof? Do you have evidence? कुछ नहीं है, फिर भी केस लिया जाता है और defamation के केस में maximum imprisonment दी जाती है। उसके बाद जब वह केस सुप्रीम कोर्ट में आता है, तो सुप्रीम कोर्ट कहती है कि इसको बाइज्जत बरी करो, इस केस में कोई दम नहीं है, गलत तरीके से इनको सजा दी गई और इससे irreparable loss होता है और वह sufferer इस देश का एक राजनेता, एक मेंबर ऑफ पार्लियामेंट राहुल गांधी होते हैं। इस तरह से इसका मिसयूज़ होता है। इसलिए मैं कहता हूँ कि आपको अगर decriminalisation करना है, तो ऐसे केस में करिए, जहाँ संविधान ने

Contents Page

भी यह बात कही थी। संविधान ने कहा था कि इसका सिविल केस बने। इसके लिए सरकार को आगे सोचना होगा और इसको decriminalisation करना होगा।

सर, पीयूष गोयल जी तो अच्छे विचारक हैं, अच्छे इंसान हैं, पर वहाँ तो 'वनमैन शो' है, तो वे कितना कर पाएँगे, यह पता नहीं है, पर, वे जरूर कोशिश करें - यह मेरी उनसे उम्मीद है।...(**व्यवधान**)... वे नई हेयरस्टाइल में स्मार्ट लग रहे हैं, अच्छे लगे रहे हैं। वे ऐसे भी स्मार्ट हैं, पर, नई हेयरस्टाइल में और जच रहे हैं।

सर, इस एक्ट के अंदर हैंडलूम के लिए एक प्रोविज़न था, इसको आप बदल रहे हैं, लेकिन उसका एंड रिजल्ट क्या होगा? आप 'fake machine-made product' को जेल से बाहर निकाल रहे हैं और क्या पनिश्मेंट कर रहे हैं? सिर्फ 10,000 रुपए। Is it enough? इस तरह से आप हैंडलूम के ऊपर क्या करने जा रहे हैं?

सर, मंत्री जी रिप्लाई तो जरूर देंगे और मंत्री जी के भाषण में, मैं अभी गारंटी से कहता हूँ कि पश्चिमी बंगाल आएगा, असम आएगा और तमिलनाडु आएगा क्योंकि वहाँ चुनाव हैं। यह परंपरा रही है और ये कहेंगे।

श्री उपसभापतिः आपके भाषण में तो बिल आए।...(**व्यवधान**)...

श्री शक्तिसिंह गोहिलः हर लाइन में दो बार आएँगे।

श्री उपसभापतिः कृपया आप 'जन विश्वास विधेयक' पर आएँ।

श्री शक्तिसिंह गोहिलः सर, मैं यह कहना चाहता हूँ कि यह जरूर आएगा, क्योंकि इस सरकार में मैं भी साक्षी रहा हूँ कि जहाँ-जहाँ चुनाव होते हैं, वहाँ कानून की बात भी होती है, तो उन स्टेट्स के नाम आएँगे। आप कहोगे कि इसके द्वारा हम पश्चिमी बंगाल में इतने लोगों को फायदा करा रहे हैं, तमिलनाडु में चाय पीने वाले को फायदा करा रहे है, केरल में फायदा करा रहे हैं। यह बात जरूर आएगी। यह मैं जानता हूँ।

सर, इसी सरकार ने फेमा कानून के सेक्शन 13 को अमेंड किया। Section 1(d) and Section 1(c) was added in FEMA, and what did you do? इधर decriminalisation के लिए आपकी argument है कि decriminalization करना चाहिए। यही सरकार यहाँ criminal act provision add करने के लिए लेकर आई थी। जैसे elephant के दिखाने के और चबाने के दाँत होते हैं, वैसे ही इसके दो टाइप के स्टैंडर्ड रहते हैं। मैं यह जरूर कहता हूँ कि आज के दिन में मंत्री जी और इस सरकार को इसको ध्यान में लेना है। आज आपको सबसे ज्यादा चिंता अगर किसी बात की करने की जरूरत है, तो वह डिजिटल फ्रॉड है। सर, निर्दोष नागरिक आज बहुत परेशान है। आप डिजिटल, डिजिटल, डिजिटल की बात करते हैं, लेकिन कोई इधर बैठा हो या उधर बैठा हो, सबके पास यह कंप्लेन आती होगी। सर, एक मिडल क्लास का बंदा, जिसके अकाउंट में अपनी लाइफ सेविंग्स के दो लाख रुपए पड़े हैं, उसमें कोई फ्रॉड आदमी अगर पांच हजार रुपये भेज देता है, तो उसका पूरा अकाउंट फ्रीज कर दिया जाता है। उसकी मेहनत की कमाई के पूरे

Contents Page

दो लाख रुपये फ्रीज कर दिए जाते हैं, जबकि उसका कोई कसूर नहीं है। भाई, कम से कम उसके अकाउंट में जो पांच हजार आए हैं, सिर्फ उसको फ्रीज करो, बाकी का अकाउंट तो उसका खुला रहने दो, पर वह नहीं किया जा रहा है और डिजिटल फ्रॉड करने वाले लोगों को हम पकड़ भी नहीं पा रहे हैं।

सर, मैं एक और बात कहना चाहता हूँ। भारतीय जनता पार्टी के एक विद्वान सदस्य यहां दो दिन पहले जीरो ऑवर्स में यह बात लेकर आए कि यहां पर देश की इज्जत के लिए बात होनी चाहिए। उन बातों से देश की इज्जत खराब न हो, इसकी चिंता करनी चाहिए। देश की इज्जत के लिए हमें ऐसी बातें नहीं करनी चाहिए कि देश में कुछ खराब चल रहा है। सर, मुझे दुःख हुआ। मैं आपके जरिए कहना चाहता हूँ कि मंत्री जी ने सिंगापुर के एक शिल्पकार को क्वोट किया। इस बिल पर बात करते हुए मंत्री जी ने कहा कि उस शिल्पकार ने कहा है कि हिंदुस्तान अपने आपको आगे बढ़ाने में बहुत पीछे रह गया। If I can lay my hands on that, I will exactly quote the words from hon'ble Minister's speech. सिंगापुर का एक शिल्पकार, Lee Kuan Yew ने अपने वाक्य में यह कहा था। I quote, "India is a nation of unfulfilled greatness. Its potential has lain fallow, under used. India has wasted decades in State planning..." ऐसा कहकर उन्होंने करप्शन आदि की बात की थी। यह कौन कहता है? एक सिंगापुर वाला कहता है। उसको हम ऑथोराइज करते हैं, तब क्या देश की बेइज्जती नहीं हो रही है? यहां हमें कोई ज्ञान बांटता है कि बाहर जाकर वर्तमान की खराब परिस्थिति पर मत बोलो। आप एक फॉरेनर को क्वोट करते हैं। हमारे देश ने आजादी के बाद काफी तरक्की की। अंग्रेज जाति के नाम पर, प्रांत के नाम पर, भाषा के नाम पर, मजहब के नाम पर हमारे देश में जितना जहर डाल सकते थे, उतना वे डालकर गए थे, लेकिन वे देश के हमारे पूर्वज थे, जिन्होंने खून-पसीना एक किया। उन्होंने कभी यह नहीं कहा कि मित्रो, मैं क्या कर सकता हूँ, अंग्रेज खड्डे खोद कर गए हैं, बल्कि उन्होंने मेहनत की और इस देश को आबाद किया। जहां सूई नहीं बनती थी, वहां हवाई जहाज बनने लगे, आईआईएम्स और आईआईटीज़ बने। जिस देश में अमेरिका से लाल गेहूं, पीएल-480, जिसे वहां ऐनिमल्स खाते थे, उसको लाकर खाना पड़ता था, उस देश में एक हरित क्रांति हुई और धन-धान्य के भंडार बने। मेरे इस देश की यह ताकत है कि कभी हमारे साथ आजाद हुआ हमारा दुश्मन देश पाकिस्तान बर्बाद हो गया, जबकि मेरा देश आबादी से भरपूर रहा। इस देश के भूतकाल को, इस देश के पास्ट को, जवाहरलाल नेहरू जी की उस सूझ-बूझ और समझ को, सरदार वल्लभ भाई पटेल और बाबा साहेब अम्बेडकर के किए हुए काम को हम भुला नहीं सकते हैं। आज कोई एक फॉरेन का आदमी हमें यह कह रहा है! सर, मैं खत्म कर रहा हूँ।

श्री उपसभापतिः बिल पर बोलना है।

SHRI SHAKTISINH GOHIL: I will finish within the allotted time. I am just quoting the hon'ble Minister's speech. ...(*Interruptions*)... Nothing else.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please speak on the Bill.

Contents Page

SHRI SHAKTISINH GOHIL: I only spoke what is relevant. सर, किसी को अच्छा लगे या न लगे, जो सच्चाई है, मैंने सिर्फ वही सामने रखी है। इसलिए मैं आपके जरिये मंत्री जी से गुजारिश करूंगा कि हड़बड़ी मत कीजिए। ...(**समय की घंटी**)... इसमें किसान, मजदूर, आम हिंदुस्तानी का भला नहीं है। जो कानून रियल में गलत हैं, जो अंग्रेज के वक्त के बने हुए हैं और आज रिलेवेंट नहीं हैं, उनको आप जरूर हटाइए, हम आपके साथ हैं, पर कुछ कानून ऐसे हैं, जिनके हटने से देशवासियों का भला नहीं है, उनको हटाने की जरूरत नहीं है। यही मेरे विचार हैं, धन्यवाद।

श्री उपसभापति : माननीय श्री लहर सिंह सिरोया।

श्री लहर सिंह सिरोया (कर्नाटक): आदरणीय उपसभापति महोदय, इस जन विश्वास बिल के ऊपर बात करने के लिए मेरे ऊपर जो विश्वास पार्टी ने व्यक्त किया है और आपने जो अनुमति प्रदान की है, उसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूं।

महोदय, मैं एक भारत, श्रेष्ठ भारत का एक उदाहरण हूं। मैं इस बिल पर बोलने से पहले कुछ बातें बताना चाहूंगा। आज मैं इस अवसर का फायदा लूंगा। मैं राजस्थान से बेंगलुरु 17 वर्ष की उम्र में गया था। यहां हमारे कई साथियों के पास चार्टर्ड प्लेन है, हेलीकॉप्टर है, लेकिन जब मैं बेंगलुरु गया था, तब वहां पर साइकिल पर सवारी करनी पड़ती थी और एक छोटा सा कानून था कि साइकिल पर अगर रात के समय आपके पास लाइट नहीं है, तो चालान होता था। मैंने इस चीज को स्वयं भोगा है कि एक बार गलती से मैं बिना लाइट के जा रहा था, तो शाम को 7:00 बजे पुलिस वालों ने मेरी साइकिल रोक ली - क्योंकि हममें से किसी का साइकिल से साबक़ा पड़ा ही नहीं है। आज हम जिस वातावरण में जी रहे हैं, आम आदमी की समस्या से हम उतना वाकिफ नहीं हैं - मेरी साइकिल उस समय पुलिस स्टेशन में रखवा दी गई, क्योंकि उसमें चालान में जुर्माना लेने का प्रावधान नहीं था, तो रात भर साइकिल वहां पड़ी रही और अगले दिन मैं कोर्ट में गया। कोर्ट में जाकर कुछ रुपए, दो रुपये...

श्री उपसभापति: सिरोया जी, आप माइक में बोलें, तो आवाज आएगी।

श्री लहर सिंह सिरोया: मैं कोर्ट में गया और वहां पर कुछ चार आने या आठ आने का फाइन भरना पड़ा। फिर वापस पुलिस स्टेशन जाकर साइकिल लेकर आया। उस समय ऐसा माहौल था।

दूसरा उदाहरण मैं देना चाहूंगा कि लाइसेंस राज और परमिट राज क्या होता था, उसके बारे में बताना चाहूंगा। हमारे पास उस समय स्कूटर तो थी नहीं, लेकिन जब स्कूटर लेने की बारी आई, तो स्कूटर मिलते ही नहीं थे। 8-10 वर्ष तक स्कूटर के लिए लाइन लगी रहती थी, तो 500 रुपये भरने के बाद भी लोग रात भर लाइन में लगे रहे, फिर लाठीचार्ज हुआ — यह बेंगलुरु की घटना है। यह उनका लाइसेंस राज था, जिसकी बात कर रहे हैं।

मैं तीसरा उदाहरण शक्कर का देना चाहूंगा। आज मुझे नाम भी याद है और वह जगह भी याद है। मैं राजनगर में था, राजसमंद जिले का हूं। मेरे पिताजी वहां तहसील में अकाउंटेंट थे। मेरे घर में कुछ कारण से शक्कर की जरूरत पड़ी, तो तहसीलदार साहब से 2 किलो शक्कर के लिए

Contents Page

परमिट लेना पड़ा और जब मैं वह चिट्ठी लेकर राशन वाले की दुकान पर गया, तो उसने चिट्ठी को पलटकर देखा और पूछा कि यह कहां से लेकर आए हो। उस समय एम. एल. कक्कड़ वहां तहसीलदार थे। उनकी चिट्ठी से हमें शक्कर मिली।

मैं एक और घटना बताना चाहूंगा, जो 1980 के आसपास की घटना है। वह बेंगलुरु की घटना है। उस समय केरोसिन का बहुत बड़ा संकट आया था और कैसे हमारी कांग्रेस सरकार ने इसे मैनेज किया, क्योंकि उस समय सब जगह कांग्रेस की ही सरकार थी। राशन की दुकानों पर राशन कार्ड से केरोसिन मिलता था, तो जब हम केन लेकर जाते थे, तो 5 लीटर का पैसा देते थे और 3 लीटर केरोसिन दिया जाता था। यह मैंने अपनी आंखों से देखा है, मैं स्वयं इसका भुक्तभोगी हूं। वे कहते थे कि आपको 5 लीटर मानकर ही इसे लेना पड़ेगा, क्योंकि बिल तो हम इतना ही काटेंगे। आपको लेना हो तो लीजिए, नहीं लेना हो तो मत लीजिए। यह उनके राज का मैनेजमेंट था।

शक्ति सिंह गोहिल जी हमारे अच्छे मित्र हैं। मैं उनकी बड़ी प्रशंसा करता हूं, लेकिन जब argument में ताकत न हो, तो जोर से बोलना — यह जितना जोर से बोल रहे थे, मुझे समझ में नहीं आ रहा है कि उनकी पीड़ा केरल के चुनाव को लेकर क्यों है। क्योंकि हमारा प्रचार वे केरल के चुनाव में कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि हमारे वोट में बढ़ोतरी हो जाए — यह चाह रहे हैं, क्योंकि प्रचार तो हमारी बातों का ये कर रहे हैं। मोदी जी का जो जन विश्वास बिल है, यह आप लोगों की समझ का नहीं है। यह हम छोटे दुकानदार और व्यापारी समझ सकते हैं। मैं आपको छोटे दुकानदार और व्यापारी की व्यथा बताता हूं कि जब कभी दुकान के आगे साइन बोर्ड लगाया जाता था और कभी उस पर सेल टैक्स नंबर नहीं लिखा जाता था, तो उसका चालान हो जाता था और उसके लिए भी सजा का प्रावधान था। आज हमारे आदरणीय मोदी जी ने इन कानूनों को सरल बनाया है और हर आम आदमी की पीड़ा को समझा है। विपक्ष के लोग फार्मर की क्या बात करेंगे? उन्हें फार्मर के बारे में क्या पता है? अब ये कह रहे थे कि सिंगापुर में जाकर हमारे मंत्री जी ने क्या कहा? मैं समझता हूं कि उनका इशारा अपने नेता के ऊपर है, जो विदेश में जाकर किस तरह से भारत को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। मैं समझता हूं कि वे उनके नेता को डायरेक्ट नहीं कह सकते हैं, इसलिए आज आपके माध्यम से वे कहना चाह रहे हैं। मैं उनकी इस बात का समर्थन करता हूं कि उनके नेता में समझ आ जाए और हर आदमी में समझ आए कि जब विदेश की धरती पर जाना है, तो इस तरह की बातें नहीं करनी है और देश को नीचा नहीं दिखाना है। हम चालीस-पचास वर्षों तक विपक्ष में रहे, लेकिन हमारे नेताओं ने कभी ऐसा नहीं किया। मैं समझता हूं कि वे अपने नेता के लिए चेतावनी दे रहे हैं। मैं शक्तिसिंह गोहिल जी का आभार मानता हूं कि उन्होंने इस बात को उजागर किया है। हमारे किसी भी मंत्री ने कभी भी हमारे देश की प्रतिष्ठा पर आंच नहीं आने दी। जिस तरह का मैनेजमेंट कोविड के समय हुआ और जिस तरह का मैनेजमेंट आज हो रहा है कि हर चीज की उपलब्धि है। पेट्रोल और डीजल के रेट्स घटाए गए हैं और सब चीज सुलभ हो रही है और आप बदनाम करने की, आतंक फैलाने की कोशिश कर रहे है। आप बार-बार कह रहे हैं कि कमी है, कमी है, कमी है, ताकि कैसे भी वातावरण बिगड़े, तो मैं समझता हूं कि आप अपने नेताओं को यह भी संकेत देंगे कि इस तरह की बात न तो देश में करनी चाहिए और न ही विदेश में करनी चाहिए।

Contents Page

उपसभापति महोदय, अब मैं प्रोविजन पर आता हूं। 24 सदस्यों की कमेटी ने 49 बैठकें की हैं और हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया है- जैसे उद्योगों का, एमएसएमई का, स्टार्टअप का और फार्मर्स का, हर क्षेत्र का ध्यान रखा है। पहले कैसी-कैसी घटनाएं होती थीं, कैसे-कैसे उनको ह्रास किया जाता था और कैसे-कैसे लोग फायदा उठाते थे? मैं इनकम टैक्स के मामले में बताना चाहता हूं। यहाँ पर सभी अलग तरह के लोग हैं। मैंने इनकम टैक्स भी भरा है, तो मैंने उसकी समस्या भी सुलझी है। पहले हमें छोटी-छोटी बात के लिए इनकम टैक्स नोटिस आते थे और बुलाते थे। हमसे कुछ न कुछ लेकर ही नोटिस का निपटारा होता था। अब आदरणीय मोदी जी ने इनकम टैक्स में फेसलेस का सिस्टम किया है, आज उसके मैं कई उदाहरण दे सकता हूं, जिससे हमारे व्यापारियों को, दुकानदार को कितनी राहत मिली है और आम जनता को राहत मिली है। अब किसी भी तरह का कोई extortion वगैरह नहीं हो सकता। अब मैं प्रोविजन्स पर आता हूं। इसमें 784 प्रोविजन्स में 80 सेंट्रल एक्ट के अंतर्गत सुधार हुआ है। प्रमोट ट्रस्ट बेस्ड गवर्नेंस, इंम्प्रूव रेगुलेटरी वगैरह हुआ है और विधेयक में कठोर साक्षी आधारित परामर्श प्रक्रिया का परिणाम है, जिसमें 24 सदस्यीय पूर्व समिति ने 49 बैठकें विभिन्न मंत्रालयों, उद्योगों और विशेषज्ञों के साथ व्यापक परामर्श शामिल रहा है, जिससे एक संतुलित, एक विश्वसनीय अपराधमुक्तिकरण ढांचा सुनिश्चित किया गया है। यह विधेयक आपराधिक अभियोजन से प्रशासिक न्यायनिर्णय की ओर बदलाव के उद्देश्य को आगे बढ़ाता है, जिसके तहत विभिन्न अधिनियमों में निर्णायक प्राधिकरणों, अपीलीय तंत्रों तथा वसूली प्रक्रियाओं की व्यवस्था की गई है। इससे एक मानकीकृत प्रवर्तन संरचना स्थापित होती है, जो न्यायालयों पर निर्भरता को कम करती है तथा अधिक त्वरित और कुशल अनुपालन प्रणाली सुनिश्चित करती है। इसी तरह से यह विधेयक दंडात्मक प्रावधानों के स्थान पर अनुपातिक दंडों को प्राथमिकता देकर विनियामक ढांचे में एक संरचनात्मक सुधार का प्रतिनिधित्व करता है। यह व्यवसायों और व्यक्तियों पर अनुपालन के बोझ को कम करता है, साथ ही तर्कसंगत कई मामलों में बढ़ाए गए मौद्रिक दंडों के माध्यम से निवारक प्रभाव को बनाए रखता है। यह विधेयक चयनित कम जोखिम वाले अपराधों के लिए चेतावनी आधारित एवं नोटिस आधारित तंत्र के माध्यम से एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाता है, जिससे दंड लगाए जाने से पहले स्वैच्छिक अनुपालन का अवसर प्रदान किया जाता है। यह व्यापक दंडात्मक दृष्टिकोण के स्थान पर चरणबद्ध परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम को दर्शाता है। यह विधेयक कार्यपालिका को नियम बनाने, निर्णायक अधिकारियों की नियुक्ति करने तथा समय-समय पर दंडों की समीक्षा करने का अधिकार देखकर निरंतरता एवं प्रशासनिक लचीलापन सुनिश्चित करता है। इसके साथ ही सार्वजनिक कोष पर किसी अतिरिक्त वित्तीय भार को भी नहीं डालता है। जनविश्वास विधेयक 2.0 के माध्यम से विश्वास आधारित शासन में पहले 42 कानूनों में 183 प्रावधानों को अपराध मुक्त किया गया था और विश्वास आधारित शासन के लिए नई शुरुआत हुई है। यह विधायक 80 केंद्रीय अधिनियमों में कुल 784 प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव करता है। इनमें से 717 प्रावधानों को अपराधमुक्त किया जा रहा है, ताकि व्यापार करने में सुगमता को बढ़ावा दिया जा सके, और 67 प्रावधान जीवन-यापन को सुगम बनाने हेतु प्रस्तावित हैं। इसके साथ ही लक्षित अपराधमुक्तिकरण के माध्यम से क्षेत्रीय दक्षता को बढ़ावाः 80 केंद्रीय अधिनियमों में लगभग 784 प्रावधानों को लक्षित करते हुए यह विधेयक अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में क्षेत्र-विशिष्ट राहत प्रदान करता है। औषधि क्षेत्र में, औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 में किए गए

Contents Page

संशोधनों के तहत रिटर्न या विवरण प्रस्तुत न करने जैसी मामूली प्रक्रियात्मक त्रुटियों को अपराधमुक्त किया गया है, जो 50 अरब डॉलर से अधिक मूल्य के उद्योग में त्वरित अनुपालन को सक्षम बनाता है और वाद-विवाद के जोखिम को कम करता है। हालांकि, निम्न-स्तरीय (घटिया) दवाओं के निर्माण या बिक्री को अब भी कठोर दंड, जिसमें कारावास भी शामिल है, के साथ आपराधिक अपराध ही रखा गया है। दवाइयों में घपला होता है, इसमें उस बात का ध्यान रखा गया है दवाई में घपला करने वालों को अपराध की सजा दी जानी चाहिए।

महोदय, इसी तरह से उन्होंने सड़क परिवहन को भी समझा है, जिसमें सड़क परिवहन के अनुपालन तथा प्रवर्तन को सुनिश्चित करना है। भारत का सड़क नेटवर्क 66.71 मिलियन किलोमीटर से अधिक विस्तृत है, जो अधिकांश माल और यात्री यातायात का वहन करता है। ऐसे में इस क्षेत्र में विनियामक दक्षता आर्थिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में किए गए संशोधन स्पष्टता प्रदान करने और अनुपालन को आसान बनाने पर केंद्रित हैं, जैसे राज्यव्यापी वाहन पंजीकरण की अनुमति देना आदि। जन विश्वास विधेयक, 2026 के अंतर्गत किए गए संशोधन सावधानीपूर्वक छोटे, प्रक्रियात्मक उल्लंघनों और गंभीर सड़क सुरक्षा अपराधों के बीच अंतर करते हैं तथा केवल कम-जोखिम वाले मामूली उल्लंघनों को अपराधमुक्त करते हुए कारावास के स्थान पर चरणबद्ध मौद्रिक दंड और प्रशासनिक न्याय निर्णयन का प्रावधान करते हैं। वहीं, सड़क सुरक्षा और जनकल्याण को प्रभावित करने वाले अपराधों के लिए आपराधिक दायित्व यथावत रखा गया है। इसमें सबसे बड़ी बात यह है – मैंने छोटी फैक्टरी भी चलाई है और मैं समझता हूं कि एमएसएमई में क्या परेशानियाँ होती हैं, उन्हें ध्यान में रखते हुए एमएसएमई और स्टार्ट-अप के पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनानाः इसका लक्ष्य है।

आदरणीय उपसभापति जी, जब देश को विकसित भारत बनाना है और देश विश्व की सर्वोच्च आर्थिक पारिस्थितिकी में लेकर जाना है, तब इसमें स्टार्ट-अप्स और एमएसएमई का ध्यान रखना ही पड़ेगा। यह आम जनता के लिए भी है, उद्योगों के लिए भी है और विकसित भारत के लिए भी है।

महोदय, जन विश्वास विधेयक, 2026 मेक इन इंडिया और स्टार्ट-अप इंडिया पहलों के लिए एक प्रत्यक्ष उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है, जो प्रारंभिक 2026 तक 2.12 लाख से अधिक डी.पी.आई.आई.टी मान्यता प्राप्त स्टार्टअप वाले एक विस्तृत पारिस्थितिकी तंत्र को महत्वपूर्ण राहत प्रदान करता है। सरकार व्यवसायों को बढ़ने और संचालन करने में सक्षम बना रही है, जिससे उन्हें मामूली और वास्तविक अनुपालन त्रुटियों को सुधारने का अवसर मिलता है, बजाय इसके कि वे जटिल न्यायिक प्रक्रियाओं में उलझे रहें। विभिन्न अधिनियमों के अंतर्गत लगभग 34 अपराधों के लिए चेतावनी और सुधार नोटिस की व्यवस्था करके, सरकार कारावास के भय को समाप्त कर विश्वास लेकिन सत्यापन की संस्कृति को बढ़ावा दे रही है। यह विशेष रूप से विधिक माप विज्ञान अधिनियम के अंतर्गत प्रभावी है, जहां पहले लेबलिंग या पैकेजिंग से संबंधित छोटी त्रुटियों पर एक वर्ष तक के कारावास का प्रावधान था, नए ढांचे में इन्हें सिविल उल्लंघन के रूप में माना गया है और सुधार पर जोर दिया गया है। 47,000 से अधिक अनुपालन आवश्यकताओं में

Contents Page

पहले ही कमी लाई जा चुकी है और पिछले 5 वर्षों में सक्रिय पंजीकृत कंपनियों की संख्या में 27% की वृद्धि हुई है। ये सुधार सुनिश्चित करते हैं कि उद्यमी नवाचार और विस्तार आत्मविश्वास के साथ कर सके, इस विश्वास के साथ कि राज्य उन्हें संभावित वादकारी के रूप में नहीं, बल्कि प्रगति के भागीदार के रूप में देखता है।

महोदय, इसी तरह से 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धताः जन विश्वास विधेयक, 2026, न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन के मोदी सरकार के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। यह छोटे, तकनीकी उल्लंघनों के लिए अनावश्यक उत्पीड़न और मुकदमेबाजी के भय को दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। जन विश्वास पहल के माध्यम से, मोदी सरकार भारत को दंडात्मक विरासत से हटाकर एक सुगम और विश्वास-आधारित शासन मॉडल की ओर अग्रसर कर रही है। ऐसे सुधारों के साथ, भारत का व्यावसायिक वातावरण अधिक प्रतिस्पर्धी और नागरिक अनुकूल बनता है, जिससे वैश्विक ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में इसकी स्थिति मजबूत होती है और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के परिवर्तनकारी नेतृत्व की पुनः पुष्टि होती है।

महोदय, यही कारण है कि आज हमारे यहाँ पर विदेश से इंडस्ट्रियलिस्ट आते हैं। पहले उन्हें लगता था कि यहाँ ऐसे कई कानून हैं, जो उनके लिए तकनीकी आधार पर कुछ न कुछ परेशानी खड़ी कर सकते हैं, इसीलिए आज हम यह जन विश्वास कानून लाए हैं। यह जन विश्वास कानून 2.0 है। इससे पहले भी हम 2023 में काफी सुधार कर चुके हैं। उन्हें देखते हुए आज विदेश की इन्वेस्टमेंट में वृद्धि हुई है। लोग छोटी-मोटी बातों को लेकर अदालतों में जाते थे, जिससे हजारों-लाखों केस पेंडिंग पड़े रहते थे, तो कम से कम अदालतों पर कम बोझ पड़ेगा। यह विधेयक 24 सदस्यीय चयन समिति द्वारा संचालित एक विस्तृत और साक्ष्य-आधारित विधायी प्रक्रिया का परिणाम है। वे अपने विभिन्न विषयों के माध्यम से इस निर्णय पर पहुँचे हैं और उन्होंने हर चीज का विस्तार से ध्यान रखा है।

[**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल)** *पीठासीन हुईं*]

भारत की आर्थिक नेतृत्व क्षमता को सुदृढ़ बनाना भी इसका एक उद्देश्य रहा है। यह विधेयक भारत की वैश्विक नेतृत्व की दिशा में प्रगतिशील यात्रा को दर्शाता है, जहाँ देश नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं की ओर निरंतर अग्रसर है। विश्व बैंक के ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस सूचकांक में उच्च रैंक प्राप्त करने से लेकर वित्त वर्ष 2025-26 में 790.86 अरब डॉलर के रिकॉर्ड निर्यात तक, भारत वैश्विक व्यापार के एक सशक्त स्तम्भ के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर रहा है। यह विधेयक इसी सुधार-प्रधान दृष्टिकोण का मूर्त रूप देता है, जो पुरानी दंडात्मक प्रावधानों को समाप्त करते हुए तेज व्यावसायिक विकास, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। मैं समझता हूँ कि माननीय सदस्य, गोहिल साहब गुजरात से हैं, तो वे व्यापार को समझते हैं। गुजराती व्यापार को समझते हैं, तो कम से कम ये बातें तो आपने समझी होतीं, इन्हें आपने देखा होता। उनके पास रिटोरिक सिवाय आलोचना के लिए कुछ

Contents Page

नहीं था, इसलिए उन्होंने रिटोरिक और कुछ ऐसी ही बातें कीं और अपनी आवाज बुलंद करके भी कुछ कमियाँ गिना नहीं सके।

यह विधेयक अत्यधिक अपराधीकरण वाले नियामक दृष्टिकोण से हटकर एक अनुपालन-आधारित ढाँचे की ओर स्पष्ट परिवर्तन को दर्शाता है, जो नागरिकों और व्यवसायों में विश्वास स्थापित करता है। मामूली, तकनीकी खामियों को अपराध की श्रेणी से हटाकर और उनके स्थान पर उचित दंड निर्धारित करके, यह विधेयक अत्यधिक विनियमन से बचता है और विकास, स्वैच्छिक अनुपालन तथा अधिक सुगम शासन वातावरण के लिए स्थान प्रदान करता है। इसका नागरिकों और व्यवसायों पर प्रत्यक्ष सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, क्योंकि यह सरल शासन तंत्र के माध्यम से एक उच्च-विश्वास समाज के निर्माण को प्रोत्साहित करता है।

जहाँ पिछली काँग्रेस सरकार ने लाइसेंस कोटा राज जैसी व्यवस्था को संस्थागत रूप दिया, जिसमें जटिल नियमों का उपयोग प्रणालीगत भ्रष्टाचार और बिचौलियों द्वारा शोषण के लिए किया जाता था, वहीं नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने पिछले एक दशक में इस नियंत्रण-आधारित विरासत को भारत के नियामक तंत्र से हटाने का निरंतर प्रयास किया है। इसका सबसे गम्भीर उदाहरण 2012 का प्रतिगामी कर संशोधन था, जिसके माध्यम से वैश्विक निवेशकों जैसे वोडाफोन और केयर्न एनर्जी को लक्षित किया गया। माननीय सदस्य गोहिल साहब चले गए हैं। 2012 में एक रेट्रोस्पेक्टिव कानून लाया गया था, जिससे कम्पनियों के अस्तित्व पर ही संकट पड़ गया था, तो वापस हमारी सरकार ने सुधार किया, ताकि व्यापारियों का इस तरह से हैरेसमेंट न हो और इसमें वापस सुधार किया गया। रेट्रोस्पेक्टिव कानून के तहत इन्होंने हमारी आर्थिक व्यवस्था के साथ जो छेड़खानी की है, उसका जो दुष्परिणाम हुआ, उसी की वजह से इन्हें 2014 में जाना पड़ा।

एनडीए की सरकार ने काँग्रेस को दोषी सिद्ध होने तक निर्दोष नहीं होने वाली मानसिकता को बदलकर विश्वास आधारित शासन का एक क्रांतिकारी ढाँचा स्थापित किया है। मोदी सरकार ईमानदार उद्यमियों और नागरिकों को सशक्त बनाते हुए, उस व्यवस्था से परिवर्तन ला रही है, जहाँ छोटी रेखात्मक त्रुटियों को दंडात्मक हथियार बनाकर नागरिकों को दंडित किया जाता है। इसके स्थान पर एक पारदर्शी न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन मॉडल को अपनाया गया है। अपराधीकरण की बजाय सुधार और लालफीताशाही की बजाय...

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं अपने समय की सीमा रखते हुए, पुनः हमारे मंत्री जी और सरकार को बधाई देना चाहता हूँ कि वे पिछले 10-12 वर्षों के लगातार प्रयत्न से कानूनों में सुधार लाए हैं और आर्थिक प्रगति की ओर देश को बढ़ाया है और देश में अच्छा वातावरण बनाया है। आज विश्व में जो लड़ाइयाँ हो रही हैं, वे हमारे कारण से नहीं हो रही हैं, वे आपस में लड़ रहे हैं, जिसका संकट हम पर भी आ रहा है, उसका किस तरह से हमने सामना किया है। जब हमारे अगल-बगल के राष्ट्रों में पेट्रोल की कीमत दोगुनी, तिगुनी, चौगुनी हो रही है, वहाँ हमारे यहाँ पर पेट्रोल की कीमत घटाई गई है, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। इसके लिए मैं देश की तरफ से आदरणीय प्रधान मंत्री जी का और उनकी सरकार का अभिनंदन करना चाहता हूं। मैं

Contents Page

अपने विपक्षी भाइयों से निवेदन करना चाहता हूं कि इस संकट की घड़ी में सरकार का साथ दें, न कि अपनी ओछी राजनीति करके ...(**व्यवधान**)... मनोज जी हमारे साथी हैं, तो मनोज जी भी इस बात को समझेंगे कि अपने कुछ पूर्वाग्रहों को थोड़ा अलग रखें। ...(**समय की घंटी**)... पुनः मैं इस बिल का समर्थन करते हुए अपना स्थान ग्रहण करता हूं, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRPERSON (SHRIMATI RAJANI ASHOKRAO PATIL): Shri Mohammed Nadimul Haque; eight minutes.

SHRI MOHAMMED NADIMUL HAQUE (West Bengal): Madam, on behalf of my party All India Trinamool Congress, I would like to thank my leader Ms. Mamata Banerjee for this opportunity. This one Bill is amending nearly 80 Central Acts. 80! Why have all the criminal provisions been merged into one law? Every Act serves a different purpose and context. What is the approach of the Government? Once again, the Government has done what it does best: Undermine legislative spirit and intent. The Secretary of the Ministry of Commerce and Industry wrote a letter to the Chairperson of the Select Committee on the Jan Vishwas (Amendment of Provisions) Bill, 2026 asking to widen the scope of the legislation and for more Acts to be examined. With what authority is the executive asking the Chairman of the Select Committee to make changes? Since when is one arm of the legislature taking orders from the executive? The executive is beyond its limits to ask such a thing. It is only the Speaker of the House, which has the authority, to examine what can be and what cannot be considered by the Select Committee. Why was such a major Bill with a significant volume of amendments brought in after the entire Session has passed? We cannot even claim today is the last day of the Session. The Government has kept us in the dark even about that.

SHRI JAIRAM RAMESH (Karnataka): Today is not the last day.

SHRI MOHAMMED NADIMUL HAQUE: You have brought this Bill to improve the Ease of Doing Business. But, what is the reality of business in India? India ranked 63 in Ease of Doing Business Index. The top 10 per cent here earns 58 per cent of the national income while the bottom 50 per cent gets only 15 per cent. The truth is: Four out of five Indians earn less than Rs. 171 per day! Who is this Bill really for? If the Government really wants to bring Ease of Doing Business, come to Bengal. We will teach you. In the last fourteen years, the total number of registered companies in Bengal has increased by 83 per cent. Nearly 93 lakh MSMEs operate in Bengal. That means, over one in three female MSME entrepreneurs in the country come from Bengal. On the other hand, the highest number of MSMEs that closed between 2020

Contents Page

and 2025 were in Maharashtra, Tamil Nadu, Gujarat, Rajasthan and Uttar Pradesh. In Bengal, we have more than 1,000 software companies. Six new economic corridors are being set up. These corridors are projected to attract Rs. 2 lakh crore in investments. We have the country's largest leather complex, largest garment cluster, largest hosiery park, largest foundry park and a very large Railway Manufacturing Hub. Learn Ease of Doing Business from us and our leader's vision of *Maa, Mati* and *Manush*. A major concern in the Bill is that the Bill replaces criminal liability with monetary penalties in a sweeping manner, creating a class bias in enforcement. Many offences classified as "minor" are embedded in regulatory frameworks governing public health, environmental safety, etc. The Select Committee had expressed concerns on removing criminal provisions on public health issues. But, of course, the Government did not take this under consideration. Either the Government does not send Bills to Committees or when they are forced to, they dismiss all recommendations. Even offences like giving false fire alarm under the Delhi Police Act are now removed from criminal offences. Why, Madam? What is the Government trying to achieve? You have named this Bill Jan Vishwas. I must tell you the *jan* have no *vishwas* in you. [&]Why would we have any *vishwas* in you? The people of Bengal will give the answer of this misdeed on 4th of May, 2026.

"At the end, Madam, I want to speak something in Bengali. Madam, I want to ask where our Home Minister is, where Mr. Amit Shah is. I have heard that he has announced in Kolkata that he is going to stay there for fifteen days." Madam, through you, I want to ask him, I want to request him to stop this political tourism. [*]

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल): आप विषय पर बोलिए। ...(**व्यवधान**)... आप विषय को ध्यान में रख कर बोलिए। Please do not go out of context. *...(Interruptions)...* Please.

श्री मोहम्मद नदीमुल हक: *यह कह कर हम सदन से वॉक आउट कर रहे हैं। [†] یہ کہہ کر ہم سدن سے واک آؤٹ کررہے ہیں۔

THE VICE- CHAIRPERSON (SHRIMATI RAJANI ASHOKRAO PATIL): This is not the subject.

श्री मोहम्मद नदीमुल हक: मैडम, हम सदन से वॉक आउट कर रहे हैं।

[†]**جناب محمد ندیم الحق :** میڈم، ہم سدن سے واک آؤٹ کررہے ہیں۔

[&] English translation of the original speech delivered in Bengali.

[*] Not recorded.

[†] Transliteration in Urdu script.

Contents Page

(At this stage, some hon'ble Members left the Chamber.)

THE VICE-CHAIRPERSON (SHRIMATI RAJANI ASHOKRAO PATIL): Now, Shri P. Wilson.

SHRI P. WILSON (Tamil Nadu): Madam Vice-Chairman, I rise today not merely to oppose, but to vehemently resist this dangerous, deeply flawed and utterly reckless piece of legislation, the Jan Vishwas (Amendment of Provisions) Bill, 2026. Let me say this at the outset without mincing words. This Bill is not reform, it is not progressive governance, it is a calculated dismantling of deterrence, systematic dilution of accountability and a brazen surrender of the rule of law at the altar of corporate convenience. What is being sold as trust-based governance is in truth a pay and escape regime where the powerful can violate the law and walk away by writing a cheque. In August 2025, the Government introduced the *Jan Vishwas* (Amendment) Bill, 2025 seeking to amend 355 provisions across 16 Central Acts administered by ten ministries. The Bill was rightly referred to a Select Committee. The Committee recommended decriminalizing across 62 additional Central Acts. Following this, the 2025 Bill was withdrawn, but instead of exercising restraint, the Government has returned today with an even more sweeping and liberal version, the Jan Vishwas (Amendment of Provisions) Bill, 2026 to help the corporate friends. This new Bill now seeks to amend 80 Central Acts, decriminalize staggering 717 offenses and modify 784 provisions spanning 23 ministries. The Bill is pushed through this House without stakeholder consultation, without engagement with States and without public scrutiny. Why is there a tearing hurry to move this Bill? Whom do you want to save? The first and foremost glaring flaw is the blanket decriminalization of offences without any rational classification. There is no distinction between minor procedural lapses and serious violations that endanger human life. Everything is treated as technical and swept under the same umbrella. This one-size-fits-all approach is not a reform. It is a legislative irresponsibility. It ignores the ground reality that not all offences are equal and some demand strict deterrence. Take the Drugs and Cosmetics Act, 1940. Earlier, manufacturing or selling substandard or harmful cosmetics could lead to imprisonment of one year. Now, a fine, just a fine! So let us understand what this means in real life. A company manufactures toxic skin products, women suffer burns, children develop infection, liver, kidney, brain are affected by the products. Lives are permanently scarred and what happens to the offender? He pays a penalty, they continue business and continue to make profit! Madam, this is not decriminalization. The victims, ordinary citizens, bear the irreversible consequences, while violators treat penalties as cost of doing business. Madam, the Food Safety

Contents Page

Standards Act is compromised. The stealing of electricity and severe provisions under the Electricity Act, 2003, is diluted. The builder under the Real Estate Regulation and Development Act, 2016, will not comply and will not give a constructed flat. The clinical test and diagnosis will not take seriously as Clinical Establishment Act, 2010, decriminalizes with penalty. Fake stamps can be sold and only penalty is charged. Now, you can threaten officers of Defence and only penalty is leviable as the Works of Defence Act is diluted. Now, you can steal copyright and walk away with penalty. Public safety is similarly compromised under laws like National Highways Act, 1956. Acts that make highways unsafe or impassable, potentially causing fatal accident, delaying ambulances and endangering thousands of lives, earlier attracted imprisonment up to five years. Now, this has been converted into a monetary penalty ranging from rupees ten lakhs to one crore. A corporate entity can block a highway, disrupt emergency services, cause accident and settle the matter financially. Deterrence disappears entirely. What message are we sending? The same pattern is visible across transport laws, including the Railways Framework. Offences such as drunken and disorderly behavior, endangering passengers, trespassing, smoking in prohibited areas and even violations affecting women's safety like entering reserved compartments are diluted to fines or reduced penalty. The message is deeply troubling that public order, passenger safety and women's dignity can be compromised without serious consequences. Environmental protection is also significantly weakened. Across multiple laws, offences relating to air pollution, noise pollution and discharge from the inland vessels are CC, imprisonment removed or reduced. Polluters can continue harmful activities, pay fines and carry on operations. At a time when environmental degradation is a major public health crisis, this approach prioritizes convenience over sustainability. The impact extends to rural and labor sectors as well. Under the Cattle Trespass Act, 1871, damage to farmer's crops caused by stray cattle is now reduced to a fine only; offence leaving farmers with little real remedy. Labor law violations relating to dock workers, provident funds and employment conditions are also diluted into a monetary penalty, weakening already fragile protection for workers. Madam, are we in a jungle raj or should there be a rule of law?

The second major flaw is the structural shift from judicial courts to executing adjudicating officers. Penalties will now be imposed by bureaucrats rather than independent judges. Appeals are limited and often remain with the same administrative hierarchy. This removes judicial oversight, concentrates power with the executive... ...(*Time-bell rings*)... Madam, I will just take two minutes to finish it off.

Contents Page

And, the executive, increasing the risk of arbitrariness and misuse. It replaces due process with discretion and transparency with opacity.

Third, the Bill creates two tiered systems of justice. For large corporations, penalties become manageable financial liabilities. For ordinary citizens and small business, the same system can be burdensome and unpredictable. The Bill even provides for an automatic enhancement of fines by 10 per cent every three years. Yet, this is unlikely to act as a deterrent for entities with significant financial resources. Violation becomes budgeted expenses, while justice becomes unequal in this application.

Fourth, the Bill omits certain offences entirely, including false fire alarms under the Delhi Police Framework, failure to report births and deaths, false entries in copyright registers, while they may appear minor individually. ...(*Time-bell rings*)... One minute, Madam, I will finish. Removal, weakness, accountability, data, integrity and public order are viewed collectively. The Government claims that this Bill reduces the burden on courts and eliminates Inspector Raj. However, over 7,300 criminal provisions already existing across criminal laws, the decriminalization 717 offences without detailed impact assessment is deeply concerning. The earlier Select Committee has flagged issues such as lack of safeguards, inadequate penalty structures and absence of classification. These concerns remain unaddressed. Madam, laws are not meant to be convenient for violators. They are meant to protect citizens. Deterrence is not an obstacle. It is an essential to maintaining order and accountability. When the fear of meaningful consequences removed, compliance weakens, violations increase. This Bill risks sending a message that compliance is optional, violation can be monetized and the accountability can be negotiated. It shifts the focus from the justice to revenue, from protection to convenience. Therefore, I urge that the Bill may not be passed in haste. Let it be referred to a Joint Parliamentary Committee for a comprehensive review. Stakeholders, including States, experts, regulators and civil society must be consulted. The framework must be reworked to include clear classification of offences, proportionate penalties and adequate judicial oversight of serious violations. The responsibility of this House is to protect the people of the country. Any reform must strengthen, not dilute, the principles of justice, accountability and public safety. Thank you very much.

THE VICE-CHAIRPERSON (SHRIMATI RAJANI ASHOKRAO PATIL): No, unparliamentary word will go on record. The next speaker is Dr. Ashok Kumar Mittal; you have six minutes.

Contents Page

डा. अशोक कुमार मित्तल (पंजाब): मैडम, आपने मुझे 'जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक, 2026' पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद। मैडम, 'जन विश्वास' सुनने में बहुत अच्छा लगता है, लेकिन जब हम इस बिल के पन्ने पलटते हैं, तो सच्चाई कुछ और ही नजर आती है। इसमें कुछ प्रावधान ऐसे हैं, जिनमें जनता का विश्वास कम और अविश्वास ज्यादा बढ़ जाता है। मैडम, मैं सरकार की intent का स्वागत करता हूँ कि वह Ease of Doing Business के लिए या जनता को बाकी और सहूलियत देने के लिए यह बिल लेकर आई है, लेकिन अकेले इससे काम नहीं चलेगा। यदि सरकार वाकई में सीरियस है, तो कुछ कानूनों को हमें रिपील करना पड़ेगा, कुछ कानूनों को अमेंड करना पड़ेगा और कुछ कानूनों को इम्प्रूव करना पड़ेगा। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर साहेब ने बड़े स्पष्ट शब्दों में कहा, "Law and order are the medicine of the body politic, and when the body politic gets sick, medicine must be administered". मैडम, हम इसको ठीक करने के रूप में दवाई तो दे रहे हैं, लेकिन इन दवाइयों का जो साइड इफेक्ट है, वह बीमारी से भी ज्यादा है। मैं उनमें से कुछ चीजों को आपके माध्यम से सरकार के संज्ञान में लाना चाहूँगा। मैं उन कुछ खतरनाक प्रोविजंस की तरफ ध्यान दिलाना चाहूँगा, जो प्रोविजंस ease of committing crime बन जाएँगे। मैं समय के अभाव की वजह से उनमें से कुछ को ले पाऊँगा। पहला, Coal Mines Provident Fund And Miscellaneous Provisions Act, 1948 की धारा 9 में, पहले यदि कोई किसी गरीब मजदूर का प्रोविडेंट फंड मार लेता था, तो उसे छः महीने की जेल होती थी, लेकिन अब पाँच हजार रुपए से 50 हजार रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। हम यह कोल माइंस मजदूरों के साथ अन्याय कर रहे हैं कि कोई करोड़ों रुपए, यानी उनका पूरा पैसा मार ले और वह 50 हजार रुपए का जुर्माना देकर बच जाए।

अब मैं महिलाओं की सुरक्षा की बात करता हूँ। सरकार महिलाओं को 33 परसेंट आरक्षण देने में बहुत सीरियस है, लेकिन उन्हीं महिलाओं के लिए इस बिल में जो दावे हैं, वे उल्टे साबित हो रहे हैं। रेलवे एक्ट की धारा 162 के तहत यदि कोई पुरुष महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बे में गैर-कानूनी तरीके से घुसता है, तो उसे पहले जेल होती थी, लेकिन अब सिर्फ ढाई हजार रुपये की पेनल्टी का प्रावधान है। यह कैसा 'जन विश्वास' है? रेलवे एक्ट की धारा 145 के तहत ट्रेन में जो लोग शराब पीकर हंगामा करते थे या अवैध प्रवेश वाली जो धारा 147 थी, उनको कमजोर कर दिया गया है। मैडम, ऐसा लग रहा है कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा नहीं, बल्कि रेवेन्यू जेनरेशन का टूल बनाने जा रही है। मैडम, चूँकि आप भी महिला हैं और आप इस पद पर बैठी हुई हैं, तो मैं चाहूँगा कि आप भी इस मामले में सरकार को कहें। उसी रेलवे एक्ट में और अमेंडमेंट किया गया है और वह यह है कि जो हॉकर्स सामान बेचते थे, उन पर 2,000 रुपए का जुर्माना लगा दिया गया है। मैडम, वह 200 रुपए कमाता नहीं है, तो वह 2,000 रुपए का जुर्माना कहाँ से दे देगा? अगर उसने फाइन न दिया, तो उसको जेल भी हो जाएगी। यहाँ उसको जेल भी हो जाएगी। इन प्रोविजंस में कैसा विरोधाभास है?

मैडम, पहले जो गलत मेडिसिन बनाते थे, मिलावटी कॉस्मेटिक्स दवाइयां बनाने वालों को एक साल तक की सजा थी, अब उसको भी एक लाख रुपए से पांच लाख रुपए तक की पेनल्टी के रूप में तब्दील कर दिया गया है। आम आदमी की सेहत खराब हो जाए, आँखें चली

Contents Page

जाएँ, अभी पीछे ही कितने बच्चों की कफ सिरप पीने से डेथ हो गई थी, लेकिन इसके लिए पांच लाख रुपए के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। कोई सजा नहीं है। यह कैसा 'जन विश्वास' है? हम दूसरी तरफ इसके साथ-साथ न्यायपालिका को भी कमजोर कर रहे हैं। जो पावर जजेज़ की थी, न्यायपालिका की थी, वह उनसे छीन कर हम बाबुओं को दे रहे हैं, ज्वाइंट सेक्रेटरी और डायरेक्टर स्तर के अधिकारियों को दे रहे हैं। वे डिसाइड करेंगे कि क्या जुर्माना हो। वे तो फिर ब्लैकमेल करेंगे और करप्शन की एक नई दुकान खुल जाएगी! इस तरह से, हम जुडिशियरी को भी साथ में कमजोर करेंगे। मैडम, अब मैं सरकार को कुछ सुझाव देना चाहूंगा। सरकार ने इनमें तो कर दिया, लेकिन दूसरी तरफ जीएसटी लॉ है, जिसमें छोटी-छोटी वजहों से व्यापारियों पर क्रिमिनल केसेज़ भी होते हैं और वे इमीडिएटली अरेस्ट भी हो जाते हैं। अगर ऑफिसर्स ने 5 करोड़ तक का कोई टैक्स ऊपर-नीचे शो कर दिया, तो व्यापारियों को सीधे अरेस्ट किया जाता है। उसमें पूरा करप्शन भरा पड़ा है, जबकि उस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया, इसलिए सरकार उस पर भी संज्ञान ले। ऐसे ही, कभी गलती से इनपुट क्रेडिट ऊपर-नीचे हो गया, तो उसमें भी सीधे जेल, सीधे कैद होती है। यदि हम इनकम टैक्स की बात करें, तो अगर टीडीएस की कैलकुलेशन में गलती हो गई, उसे जमा कराने में देरी हो गई, तो उसके लिए तीन महीने से लेकर सात साल तक की सजा का प्रावधान है। उसमें भी जुर्माने का प्रावधान लाइए, मेरा यह सरकार से निवेदन है।

इसके साथ-साथ मैं यह कहना चाहता हूँ कि सरकार ने कई ऑफेंसेज़ को डिक्रिमिनलाइज़ किया है, जो बहुत अच्छी बात है, लेकिन जो ऑफेंसेज़ अभी तक हो चुके हैं और इन धाराओं के अंतर्गत जिन्हें आप जन विश्वास बिल में दूर कर रहे हैं, उनके लिए एक कंपाउंडिंग पॉलिसी होनी चाहिए थी, जो इसी का हिस्सा होती कि हम पुराने ऑफेंसेज़ को भी क्रिमिनल नहीं मानेंगे, बल्कि उनको भी सिविल मानकर, जुर्माने में तब्दील करके उनका निपटारा कर देंगे, ताकि यह जन विश्वास वाकई में पूरा जन विश्वास बन सके, धन्यवाद।

THE VICE- CHAIRPERSON (SHRIMATI RAJANI ASHOKRAO PATIL): Now, Shri Golla Baburao. You have five minutes.

SHRI GOLLA BABURAO (Andhra Pradesh): Madam Vice-Chairperson. I rise to speak on the Jan Vishwas (Amendment of Provisions) Bill, 2026. It is a significant step towards reforming our regulatory legal framework. At its core, the Bill seeks to replace the culture of criminalization for minor offences with one rooted in trust and ease of compliance. It reflects an important shift in governance, where the aim is to balance enforcement with the needs of a modern growing economy. Having said this, I would first like to speak about its achievements. As decriminalization reduces fear and unlocks economic activity, the key positive of the Jan Vishwas Bill, 2026, is the large-scale decriminalization of minor technical offences. By removing the threat of imprisonment for procedural lapses, such as filing delays or documentation errors, the Bill creates a more enabling environment for business, especially MSMEs and

Contents Page

start-ups. Entrepreneurs are more likely to take risks and expand operations when compliance mistakes no longer carry criminal consequences. The shift from a punishment-based to a trust-based regulatory framework improves investor sentiment, encourages formalization of enterprises, and aligns India's legal architecture with global best practices in business regulation and economic governance. It also reduces litigation and enables faster dispute resolution.

The Bill significantly eases the burden on India's already overburdened judicial system by shifting minor offences from criminal courts to administrative adjudication. Instead of lengthy trials, such cases can now be resolved through designated officers and monetary penalties. It also allows courts to focus on serious criminal matters rather than routine compliance violations. In a country like India, where 4.87 crore cases are currently pending, of which about 18 per cent have been pending for over 10 years and nearly 20 per cent between 5 to 10 years, this reform is particularly significant. It strengthens institutional capacity, enhances regulatory clarity, and contributes to a more predictable and time-bound enforcement ecosystem. However, some concerns remain. While the Bill seeks to decriminalize several offences by replacing imprisonment with civil penalties, in some cases the penalty amounts remain unchanged and outdated. For instance, under the NDMC Act, 1994, fines ranging from ₹25 to ₹100 have been retained at the same level despite being introduced over three decades ago. Unrevised penalties may, therefore, weaken the overall deterrence. Similarly, offences such as failure to give notice of transfer of property and failure to disclose liability continue with unchanged civil penalties under the Bill. In other instances, the Bill neither decriminalises the offence nor revises the fine. For example, interference with a municipal drain under the NDMC Act, 1994, still carries a fine of ₹50, and has been unchanged since 1994. There is a need for a standardised framework to ensure consistency in penalties. The most important is, there is a risk of increased administrative discretion; and, hence, there is a need for safeguards. This makes it essential to build strong safeguards into the system. Clear guidelines, transparent procedures, and effective appellate mechanisms are necessary to ensure fairness and accountability. Without such protections, the intended benefits of efficiency and ease of compliance may be undermined by uncertainty and misuse.

The next is limited focus on strengthening compliance capacity. (*Time-bell rings*) Madam, give me one minute. While the Bill reduces penalties and simplifies enforcement, it does not sufficiently address the deeper issue of compliance capacity, especially among MSMEs. India has over 6.3 crore MSMEs, many of which

Contents Page

struggle not with intent, but with understanding and managing complex regulations. With these negative points, I request that this Bill be sent to a Select Committee. Thank you.

THE VICE- CHAIRPERSON (SHRIMATI RAJANI ASHOKRAO PATIL): Thank you. Now, Shri Niranjan Bishi, you have five minutes.

SHRI NIRANJAN BISHI (Odisha): Madam Vice-Chairperson, I thank you for giving me an opportunity to speak on the Jan Vishwas (Amendment of Provisions) Bill, 2026. First of all, I would like to say- Can public trust or *Jan Vishwas* be built merely by amending provisions, or does it require accountability, justice, and sincerity in governance? Madam, the Government claims that the Jan Vishwas Bill will decriminalize minor offences and improve Ease of Doing Business. On paper, it sounds progressive. But on the ground, especially in States like Odisha, reality is very different because small MSME traders, farmers, forest dwellers, SCs, STs and OBC people, women, innocent citizens are still harassed by excessive regulations and bureaucratic control continues to dominate, while accountability remains weak. So, I ask: Is this Bill truly about Jan Vishwas or public trust or only about easing compliance for big entities? Why are tribal communities penalized for accessing forest resources, which are their traditional rights? We decriminalize on one side, but on the other side, systems continue to criminalize poverty and survival. This contradiction must be addressed. As regards the impact on Tribal India, again, it has been ignored. Madam, I come from Odisha, a land of rich tribal heritage. For tribal communities, forest produce is not a "commodity", it is life and livelihood. Minor procedural violations should not lead to penalties or fear of law. But unfortunately, the system still treats them as offenders instead of rightful stakeholders. The Bill should have explicit safeguards for the Scheduled Tribes, the Scheduled Castes and Backward communities; protection under Forest Rights framework and clear instructions to prevent administrative harassment. Without this, 'Jan Vishwas' becomes just a slogan. I want to ask: What about ease of living for the poor? I am asking this because farmers are struggling with the problems of paddy procurement token and getting MSP and input subsidy in the State of Odisha. While tribal people collect forest produce for their livelihood, they are being implicated in false cases by the Forest Department. If they oppose any mining project or dam project on their forest land or on their *raiyati* land, the police implicate them in false cases and send them to jail.

Contents Page

5.00 P.M.

A small entrepreneur who is facing inspection, for them, the fear of law is still real. If trust has to be built, it must begin from the last person in the queue. True Jan Vishwas must also mean "Trust between Centre and State." My demands are: Clear safeguards for poor, for farmers, for women, for people belonging to Scheduled Castes, Schedule Tribes, Backward Castes and Minorities; mechanism to ensure no misuse of decriminalized provisions; greater consultation with States; and accountability of officials to prevent harassment at grassroots level. I urge the Government, do not reduce this Bill to a headline reform. Make it a people's reform. Only then will India move from "Ease of Doing Business" to "Ease of Living with Dignity." Thank you, Madam.

THE VICE- CHAIRPERSON (SHRIMATI RAJANI ASHOKRAO PATIL): Thank you. Prof. Manoj Kumar Jha; three minutes.

प्रो. मनोज कुमार झा (बिहार): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदया, माननीय मंत्री जी बड़े गौर से सुन रहे हैं, पढ़ भी रहे हैं, उनसे आग्रह करूंगा कि नाम बड़ा बढ़िया रखा है -जनविश्वास। अब मैं यहीं जानना चाहता हूं कि उस कागज़ के पीछे कौन-सी चीज़ है। बहरहाल, माननीय मंत्री जी हमारे यहां एक कहावत है, जो महाराष्ट्र में भी होगी और गुजरात में भी होगी - 'नाम बड़े और दर्शन छोटे।' मैं यह बात क्यों कह रहा हूं? इसके पीछे एक छोटी सी कहानी सुनाना चाहता हूं। There is a paper on Criminology in my university as part of Department of Social Work. Criminology में हम लोग 'White-collar crime' versus 'Blue-collar crime' के बारे में पढ़ाते थे। एक निम्न आय वर्ग का आदमी भूख से परेशान होकर एक दुकान से ब्रेड का एक टुकड़ा लेकर भागता है। पुलिस उसको चेज करती है, थाने में बिठाती है कि तूने ब्रेड की डकैती की। एक कॉरपोरेट का आदमी एक लाख करोड़ का घपला करता है और उसे सोफे पर बिठा कर उसके साथ डील की जाती है। मैं एक स्पष्ट झुकाव, जो इस बिल के माध्यम से देख रहा हूं, वह मैंने माननीय मंत्री जी आपके समक्ष रखा है। यह Freudian slip भी नहीं है। माननीय मंत्री जी यहाँ हैं और मेरे मुंह से प्रधान मंत्री निकल गया था। मैं माननीय मंत्री जी से कहूंगा कि कॉरपोरेट के प्रति जो झुकाव है, इस पर थोड़ी लगाम की आवश्यकता है। जैसे आपने कहा कि एमएसएमई को प्रोटेक्ट करेगा। क्या कोई डेटा है कि बीते वर्षों में कितना प्रोटेक्शन बड़े कॉरपोरेट को मिला और कितना प्रोटेक्शन एमएसएमई सेक्टर को मिला? इसके माध्यम से एक सामानांतर न्यायिक प्रणाली का जन्म हो रहा है। उसमें जवाबदेही क्या है, उसकी प्रणालियां क्या होंगी, उसकी पद्धति क्या होगी, इस बारे में कोई स्पष्टता नहीं है। मैं एक मिनट ज्यादा लूंगा। छोटे व्यवसाय और व्यवसायियों के लिए क्या उत्पीड़न का एक नया रास्ता खुल जाएगा? particularly, with regard to women workers, if there are certain things which have been decriminalized, तो चिंता का विषय है कि उसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था आपने क्या की है, क्योंकि महिलाएं अपने कार्यस्थल पर अक्सर शोषण का शिकार होती हैं, उसके लिए फार्मा सेक्टर की मैं बात करता हूं।

Contents Page

महोदया, आप घंटी मत बजाइएगा। मैं एक मिनट में खत्म कर दूंगा। वैसे भी इस पर मैं कहूं कि फार्मा सेक्टर को लेकर शक्तिभाई ने लाइटर वे में एक बात कही, तो गंभीरता से मैं भी एक बात कह सकता हूं कि बीते वर्षों में हमारे देश के, चूंकि फार्मा में हमारा योगदान है, तो डब्ल्यूएचओ और अन्य मुल्कों में भी शिकायतें दर्ज की गई हैं, उसके मद्देनजर मुझे लगता है कि इसे रिविजिट करने की बेहद आवश्यकता है। ड्रग और कॉस्मेटिक्स के मामले में भी मैं चाहता हूं कि कोई भी सरकार हो, लॉबिंग से उनकी प्रणालियों पर, कानून पर असर ना पड़े, उससे प्रोटेक्शन बेहद आवश्यक है। जैसा मैंने प्रारंभ में कहा कि यह स्पष्ट करना होगा कि हाल के दिनों में जितने बिल देखे हैं, उनकी कोई आवश्यकता नहीं थी। ट्रांसजेंडर बिल की कोई आवश्यकता नहीं थी। इसको एक पॉजिटिव नज़रिये से डेवलप किया जा सकता था।

महोदया, मैं आखिरी टिप्पणी कहकर अपनी बात खत्म करूंगा। मुझे डेढ़ घंटा विलंब हो गया है। अभी, इसके ठीक बाद मुझे प्रैस क्लब जाना है। मैडम, क्या आप जानती हैं कि मुझे वहाँ क्यों जाना है? मुझे वहाँ सिर्फ इसलिए जाना है, क्योंकि सरकार की आलोचना देश की आलोचना हो गई है। सरकार की नीतियों में कुछ डिक्रिमिनेलाइज कीजिए। मैडम, मेरे देश और मेरी सरकार में फर्क है। यह फर्क 75 वर्ष पूर्व भी था, यह फर्क 75 वर्ष बाद भी रहना चाहिए, क्योंकि आज मैं जहाँ जा रहा हूं, वहाँ यू ट्यूब बैन कर दिया गया है, journalists have been banned और मैं सदन की तरफ से, अपने दल राष्ट्रीय जनता दल की तरफ से वहाँ जा रहा हूं। मैं अंत में माननीय मंत्री जी को जय हिंद के माध्यम से कहता हूं कि तय कीजिए कि सरकार किसके लिए है। आपकी नीतियाँ कॉरपोरेटपरस्त हों, चौबीसों घंटे, सातों दिन सिर्फ समृद्धि के पाँच टापू चुनाव में वोट नहीं देते हैं, बल्कि असमानता के महासागर वाले लोगों ने ही आपको चुनकर यहाँ तक बिठाया है, नहीं तो यहां और वहां में फर्क नहीं है। जय हिंद!

THE VICE-CHAIRPERSON (SHRIMATI RAJANI ASHOKRAO PATIL): Shri Ramji Lal Suman; three minutes.

श्री रामजी लाल सुमन (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदया, 'जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक, 2026 पर चर्चा हो रही है। कहा तो यह गया है कि यह कारोबार की सुगमता और विश्वास पर आधारित कानून है। इसमें 1,000 छोटे अपराधों को एक तरह से अपराधों की श्रेणी से मुक्त रखा गया। इस बिल के मुताबिक अदालतों की निगरानी कम होगी, न्यायपालिका कमजोर होगी, अधिकारियों का दबदबा बढ़ेगा, उनकी शक्तियां बढ़ेंगी। वाइस चेयरमैन मैडम, सबसे बड़ा सवाल यह है कि इस बिल से अपराधों पर लगाम नहीं लगेगी, बल्कि अपराध और बढ़ेंगे।

उपसभाध्यक्ष महोदया, देखने में आता है कि सरकार का जो काम करने का तरीका है, उससे यह लगता है कि हम कहीं न कहीं सरमायादारों के बहुत निकट हैं, कॉरपोरेट हाउसेस के बहुत निकट हैं और यह भी लगता है कि उन को ही लाभान्वित करने के लिए ही यह बिल लाया गया है। स्वास्थ्य, कृषि और खाद्य सुरक्षा की बात कही गई है। मैं यह जानना चाहूंगा कि जब

Contents Page

किसानों की बात होती है, तो किसानों को जो बीज मिलता है या खाद मिलती है, यदि उसकी गुणवत्ता ठीक नहीं है, तो उसके लिए कठोर दंड का प्रावधान होना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष महोदया, आजकल नकली दवाओं का कारोबार बड़े पैमाने पर हो रहा है और आगरा तो इसका हब है। इससे तमाम लोगों की जानें चली गईं। उन लोगों के लिए कठोर दंड का प्रावधान होना चाहिए था, लेकिन इसमें उस कठोर दंड के प्रावधान को कमजोर करने की कोशिश हो रही है। मैं आपके मार्फत एक ही बात कहना चाहूंगा और वह यह है कि मैं जानता हूं कि अपराधियों पर कानून का, जेल का, एक मनोवैज्ञानिक प्रभाव होता है। मैं समझता हूं कि अपराधियों पर जब यह मनोवैज्ञानिक प्रभाव खत्म हो जाएगा, उनको यह लगेगा कि हम जो चाहें, वह गुनाह करें, हमें जेल जाना ही नहीं है, तब कुल मिलाकर, हम जो मकसद हासिल करना चाहते हैं, हम वह मकसद हासिल नहीं कर सकते। जिस मकसद से यह बिल लाया गया है, वह किसी भी कीमत पर अपराध को नियंत्रित नहीं करेगा, बल्कि अपराध को बढ़ाने की कोशिश करेगा। कुल मिलाकर जो महिलाएं, बच्चे हैं, उन पर रोजाना अत्याचार होता है। आप जानती हैं कि ऐसी घटनाएं रोज समाचार-पत्रों की सुर्खियां बनती हैं। महिलाओं के अत्याचार के सिलसिले में, बच्चों के अत्याचार के सिलसिले में, अगर हम दृढ़ इच्छा शक्ति से इन अपराधों पर नियंत्रण नहीं रखेंगे, न्यायपालिका की स्थिति कमजोर हो जाएगी, अधिकारियों के तंत्र की शक्ति और ज्यादा बढ़ जाएगी, तो वह उचित नहीं होगा। मैं यह कहना चाहूंगा कि यह बिल जन विरोधी है और ये जो इससे हासिल करना चाहते हैं, इसके पीछे इनकी नीयत खराब है। उपसभाध्यक्ष महोदया, आपने मुझे सदन में अपनी बात रखने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE- CHAIRPERSON (SHRIMATI RAJANI ASHOKRAO PATIL): The next speaker is Shri Surendra Singh Nagar; ten minutes.

श्री सुरेन्द्र सिंह नागर (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष जी, मुझे यहाँ से बोलने की अनुमति दी जाए। माननीय मंत्री जी वहाँ बैठे हैं। उपसभाध्यक्ष जी, जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक, 2026 सबका साथ, सबका विश्वास, सबका प्रयास, भाजपा के दर्शन से बना है। इस बिल में 784 प्रोविज़न्स को अमेंड किया गया है, इसमें 23 मिनिस्ट्रीज़ कवर होती हैं, 717 प्रोविज़न्स को डिक्रिमिनलाइज़ किया गया है, 67 प्रोविज़न्स को अमेंड किया गया है। सिलेक्ट कमेटी में इसकी 49 बैठक हुईं, विस्तृत चर्चा हुई, तब जाकर यह बिल आज सदन के सामने आया है। यह लोकसभा से पास हो चुका है और इस पर आज हम राज्य सभा में डिस्कशन कर रहे हैं।

माननीया उपसभाध्यक्ष जी, 2014 में नरेन्द्र मोदी जी की सरकार बनी और नरेन्द्र मोदी जी ने देश से वादा किया था कि यह सरकार अंतिम व्यक्ति के लिए काम करेगी। यह जन विश्वास विधेयक नरेन्द्र मोदी जी के उस वादे की सीधी पूर्ति है। यह बिल दीनदयाल जी के अंत्योदय को अनुवादित करता है। यह बिल 75 वर्षों तक शासन में रहने वाले कांग्रेस के लोगों को, जिन्होंने इसे एक दंडात्मक उपनिवेश राज्य बना दिया था और जिसे अपने नागरिकों, अपनी प्रजा को नियंत्रित करने के लिए एक डिवाइस माना गया था, उसे बदलने वाला बिल है। यह बिल भारत को एक वैश्विक अर्थव्यवस्था बनाने वाला बिल है।

Contents Page

माननीया उपसभाध्यक्ष जी, यह बिल दीनदयाल जी के अंत्योदय, अंतिम पायदान पर रहने वाले व्यक्ति की सोच को दर्शाता है। दीनदयाल जी ने कहा था कि किसी समाज के विकास का पैमाना यह नहीं है कि वह विशेषाधिकार प्राप्त कुछ लोगों के लिए क्या करता है -- हमारे मनोज जी चले गए हैं, मनोज जी अभी बात कर रहे थे। मैं कहना चाहता हूँ कि दीनदयाल जी ने जो अंतिम पायदान पर रहने वाले व्यक्तियों के लिए कहा, यह बिल उसे दर्शाता है। दीनदयाल जी ने कहा था कि किसी समाज के विकास का पैमाना यह नहीं है कि वह विशेषाधिकार प्राप्त कुछ लोगों के लिए क्या करता है, बल्कि यह है कि वह पंक्ति में अंतिम खड़े व्यक्ति के लिए क्या करता है और यह बिल अंतिम पायदान पर खड़े होने वाले व्यक्तियों के लिए ही है। दीनदयाल जी ने एक बात और कही थी। यह बिल अति अपराधीकरण की मानवीय लागत का एक उदाहरण भी है। मैं दो-तीन उदाहरण देकर अपनी बात को आगे बढ़ाना चाहूँगा। मैं उदाहरण के तौर पर समाज में एक फल विक्रेता के बारे में कहना चाहूँगा। अगर उसका तराजू, जिस पर वह वेट करता है, उसके निरीक्षण में थोड़ी भी गलती पाई जाती है, तो आज का कानून क्या कहता है, उसमें उसके लिए क्या प्रोविजन है? लीगल मेट्रोलॉजी एक्ट के तहत, यह आपराधिक अभियोजन है, उसे सजा मिलती है। यह बिल क्या करता है? यह बिल उस फल विक्रेता के लिए है। यह विधेयक उसे चेतावनी देने के बाद, उसे जुर्माना करता है और इससे उसकी आजीविका को सुरक्षित करता है। यह है आम व्यक्ति के लिए बिल। यह उस फल विक्रेता के लिए बिल है, जिसे तराजू के लिए भी आपराधिक कानून के अंतर्गत लाया जाता है। यह बिल उस छोटे कारखाने मालिक के लिए है कि अगर रिटर्न भरने में थोड़े समय की चूक हो जाती थी, तो उस पर भी क्रिमिनल एक्ट लग जाता था। यह उसे इससे मुक्ति देने वाला बिल है। सड़क के किनारे एक मैकेनिक, जो अपने परिसर में बिना डिस्प्ले लाइसेंस काम करता था - जो आज का कानून है, वह कहता है कि यह अपराध है। लेकिन अंतिम पायदान पर रहने वाले व्यक्ति की सोच, जिसका वादा देश के प्रधानमंत्री, नरेन्द्र मोदी जी ने किया था, यह बिल कहता है कि अब वह केवल जुर्माना है और उसके लिए वह व्यक्ति वह जुर्माना भुगतान करता है, उसका अनुपालन करता है और अपने काम पर लौट आता है। अब उस पर कोई आपराधिक मुकदमा नहीं होता है। यह मैकेनिक के लिए जीवन में परिवर्तन लाने वाला बिल है। उस पर जो कानून का दायरा लगता था, यह उससे मुक्त करने वाला बिल है। यह बिल महात्मा गांधी जी की भावनाओं के अनुरूप है। स्वराज, न्यूनतम बल प्रयोग और राज्य की शक्तियों की सीमाओं की जो सोच महात्मा गांधी जी की थी, यह उसको प्रदर्शित करने वाला बिल है। महात्मा गांधी जी ने कहा था कि राज्य हिंसा का एक केंद्रित और संगठित रूप में प्रतिनिधित्व करता है। शासन को नागरिक की नैतिक एजेंसी पर निर्भर होना चाहिए, न कि जेलर के डर पर निर्भर होना चाहिए। यह महात्मा गांधी जी ने कहा था। यह बिल महात्मा गांधी जी की स्वराज की सोच, उन्होंने जो ग्राम स्वराज का सपना देखा था, उसको प्रदर्शित और दर्शाने वाला बिल है। यह बिल प्रशासन को वास्तविक बनाएगा और न्याय को विकेंद्रित करेगा।

यह बिल स्वराज प्रदर्शित कैसे करता है, यह कैसे दिखाता है? मैं इसका एक उदाहरण देना चाहता हूं। वाराणसी के एक छोटे व्यवसाय की मालिक जाने-अनजाने में गलत रिटर्न भर देती है। वह इस बिल के आने के बाद निर्णायक अधिकारी से कारण बताओ नोटिस प्राप्त करती है, लेकिन अब समन प्राप्त नहीं करती है। पहले एक कारीगर को मामूली लाइसेंस की चूक के

Contents Page

कारण पेश होना पड़ता था, किसी मजिस्ट्रेट के यहां जाना पड़ता था। अब उसे किसी मजिस्ट्रेट के यहां जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह नीति के रूप में स्वराज है, जिसकी कल्पना महात्मा गांधी जी की सोच के अनुरूप है। यह बिल एक कानून के साथ-साथ राजनीतिक दर्शन का भी एक बयान है। यह स्पष्ट संभव शब्दों में घोषित करता है कि यह भाजपा की नेतृत्व वाली सरकार सजा के ऊपर विश्वास, जबरदस्ती के ऊपर आनुपातिकता और नियामक राज्य की सुविधा के ऊपर नागरिक की गरिमा में विश्वास रखती है।

माननीया उपसभाध्यक्ष जी, मैं एक ऐसे समाज से आता हूं, जिसमें करोड़ों पशुपालक हैं और जिनका मुख्य धंधा पशुपालन है और मैं भी उससे जुड़ा हुआ हूं। इस बिल में पहले क्या था? अंग्रेजों का कानून क्या था? अभी हमारे शक्तिसिंह जी चले गए। वे मेरे बारे में कुछ बात कर रहे थे। अच्छा होता, अगर वे सुन लेते कि मैं इस बिल का समर्थन क्यों कर रहा हूं। मैंने दो-तीन उदाहरण दिए हैं। मैं एक उदाहरण और देना चाहता हूं। आज देश में कानून क्या है? कानून है कि अगर किसी का मवेशी, पशुपालक का कोई पशु गलती से प्रतिबंधित सरकारी परिसर में घुस जाता है - हमारी अन्नपूर्णा जी भी बैठी हैं, हम और आप एक ही हैं - अगर हमारा पशु चला जाए, खूंटे से छूट जाए और चला जाए, खुलकर चला जाए और किसी सरकारी परिसर में घुस जाए, तो क्या आपको पता है कि उस पशुपालक को क्या सजा मिलेगी? उसे 1 महीने से 6 महीने तक की सजा मिलती है। ...(**व्यवधान**)... यह है अंग्रेजों का कानून। आज मैं बधाई देना चाहता हूं देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी को, पीयूष गोयल जी को, जिन्होंने उन करोड़ों पशुपालकों की पीड़ा को समझा और यह जो सजा हमें मिलती थी, उससे मुक्त करने का काम किया है। इसके लिए भी मैं आभार व्यक्त करता हूं।

अंत में, मैं यह कहना चाहूंगा कि सबका विश्वास केवल एक नारा नहीं है। यह जन विश्वास विधेयक, 2026 के साथ देश का कानून भी बन गया है। इसके साथ-साथ मैं देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी को बधाई देते हुए यह कहना चाहता हूं कि यह अंतिम पायदान पर रहने वाले व्यक्ति के जीवन में राज्य का जो कम से कम हस्तक्षेप होगा, वह सुनिश्चित करेगा। यह कहते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं, बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE- CHAIRPERSON (SHRIMATI RAJANI ASHOKRAO PATIL): Now, Shri Masthan Rao Yadav Beedha.

SHRI MASTHAN RAO YADAV BEEDHA (Andhra Pradesh): Madam, on behalf of our Telugu Desam Party and our leader, Shri Nara Chandrababu Naidu Garu, I rise to speak on the Jan Vishwas (Amendment of Provisions) Bill, 2026. This Bill reflects a progressive shift in governance. It aims to reduce fear of criminal penalties, promote trust-based compliance and create a more business-friendly and citizen-friendly regulatory environment across the country. Let me mention the benefits of the Bill. The Jan Vishwas Bill, 2026 is a landmark reform that focuses on decriminalization and rationalization of laws. It amends around 80 Central Acts and addresses more than

Contents Page

1,100 offences by replacing criminal punishment with civil penalties. First, the Bill removes unnecessary criminal provisions. Many minor and technical offences, which earlier carried imprisonment, will now attract only monetary penalties. This reduces the burden on the courts and prevents harassment of citizens and businesses for procedural lapses. Second, the Bill improves Ease of Doing Business. By decriminalizing 717 provisions, it sends a strong message to investors that India trusts the entrepreneurs. Businesses can now operate with greater confidence without fear of imprisonment for minor errors. This reform will encourage investment, innovation and job creation. Third, the Bill introduces a graded approach to compliances. For many offences, the first instance will attract an advisory, the second a warning, and only repeated violations will lead to penalties. Fourth, the Bill modernizes penalties. Fifth, it introduces improvement notices and adjudication mechanisms. Instead of immediate punishment, individuals and businesses are given time to correct their mistakes. By removing outdated offences and simplifying procedures, it reduces unnecessary legal burden on ordinary citizens. It reflects a governance model based on trust, transparency and efficiency.

Hon'ble Vice-Chairperson, Madam, coming from the State of Andhra Pradesh, I would like to highlight an initiative undertaken by hon'ble Chief Minister, Nara Chandrababu Naidu Garu, that has led to our State emerging as a leader in investments and growth, that is, the 'Speed of Doing Business'. This approach ensures that investors do not face delays and uncertainties. Our State emphasizes transparency, accountability and time-bound clearances, leading to increased investor confidence and positioned our State as a competitive investment destination. This model aligns perfectly with the spirit of Jan Vishwas Bill ...(*Time bell rings*)... I am concluding, Madam. It demonstrates how reforms at the ground level can translate into real economic growth and employment. In conclusion, I would say that the Jan Vishwas Bill, 2026 is a forward-looking reform that strengthens trust among Government, citizens and businesses. With these words, I support the Bill. Thank you.

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल): श्री मोकरिया रामभाई।

श्री मोकरिया रामभाई (गुजरात): उपसभाध्यक्ष महोदया, जय बजरंगबली, जय श्री मारुति नंदन! आज बजरंगबली का दिन है, इसलिए मैं आपके माध्यम से हमारे सभी संसद सदस्यों और देशवासियों को शुभकामनाएं देना चाहता हूँ, क्योंकि मैं हनुमान जी को बहुत ज्यादा मानता हूँ।

Contents Page

महोदया ,मैं अपनी गुजराती भाषा में बोलना चाहता हूँ। * "Hon'ble Chairperson Madam, Greetings. I would like to speak in my mother tongue, Gujarati. Jay Bajaranga Bali, Jay Shri Marutinandana!

Today is the day of Shri Bajarangabali. On this occasion, through you Madam, I would like to extend greetings to the hon'ble Members of this august House and the citizens of our country. I have a lot of faith in Shri Hanumanji. Madam, I rise today to express my strong and unwavering support for the Jan Vishwas (Amendment of Provisions) Bill, 2026—a visionary and transformative legislative initiative, introduced under the visionary leadership of our hon'ble Prime Minister, Shri Narendra Modi, and taken forward under the guidance of hon'ble Minister, Shri Piyush Goyal.

This Bill is not just a change in law; it is an attempt to redefine the relationship between the Government and the citizens—a path of trust instead of suspicion and reform instead of rigidity. Madam, the essence of this Jan Vishwas Bill is anchored in the principle of "Minimum Government, Maximum Governance". For decades, our legal system was riddled with outdated and irrelevant provisions that criminalized even minor and technical errors. This created fear among ordinary citizens and traders, discouraged entrepreneurship and increased pressure on the judiciary. The Jan Vishwas Bill, 2026 is an important step towards removing this legacy and creating a modern, practical and citizen-centric legal framework. Madam, this Jan Vishwas Bill is the result of democratic debate and deliberation. The initial Bill introduced in 2025 included only 17 laws. But after the recommendations of the Lok Sabha Select Committee—chaired by Shri Tejashwi Surya—this scope has been increased to 80 Central Acts. This is a testament to the government's commitment to open thinking and dialogue. The most important aspect of this Jan Vishwas Bill is—decriminalization of crimes, i.e., removing many minor errors from the category of crimes. For example, under the Drugs and Cosmetics Act, 1940, some offences were punishable by imprisonment, but now they have been replaced by monetary fines. Similarly, under the National Highways Act, 1956, some offences are punishable by heavy fines instead of imprisonment. This reflects a more balanced and equitable approach. Hon'ble Chairperson Madam, in some cases, imprisonment has been completely abolished. In laws like the Indian Succession Act, 1925 and the Electricity Act, 2003, only fines will be imposed. This is a humane and practical approach, which avoids unnecessary imprisonment. In addition, this Jan Vishwas Bill has removed several old and unnecessary offences—such as raising a false fire alarm or not giving

* English translation of original speech in Gujarati.

Contents Page

birth or death information. Such provisions have become irrelevant in today's times and unnecessarily complicate the law. Madam, the amendment in fines and penalties is also an important part of this Jan Vishwas Bill. Many fines have now been made time-sensitive and a provision has been made for an increase of 10% every three years, so that they remain effective. This Jan Vishwas Bill also has a system of warnings and advice. Advice for the first mistake, warning for the second and only then fine—this approach is not punitive but corrective, which encourages voluntary compliance. The idea of "correction notice" under the Legal Metrology Act, 2009 is also very progressive. This gives people and traders an opportunity to correct their mistakes, which helps in building trust and cooperation. This public confidence Bill also has a system of statutory officers and appellate powers to strengthen the decision-making process, which will ensure speedy and transparent justice. We should see this Jan Vishwas Bill as part of the broader reformist vision of Prime Minister Shri Narendra Modi. From Ease of Doing Business reforms to digital governance—this Government is constantly striving to empower citizens. Hon'ble Minister, Shri Piyush Goyal has been instrumental in taking these reforms forward. His commitment and vision have shaped this Jan Vishwas Bill.

Finally, I would say, the Jan Vishwas Bill, 2026 is not just a legislative amendment—it is an idea, a message that the Government has faith in its citizens. It symbolizes trust instead of fear, cooperation instead of punishment, and simplicity instead of complexity. I wholeheartedly support this Jan Vishwas Bill and urge all the members of this august House to pass it unanimously. Thank you. जय बजरंग बली! जय भीम!"

THE VICE- CHAIRPERSON (SHRIMATI RAJANI ASHOKRAO PATIL): Thank you. Now, Shrimati Shrimati Maya Naroliya; five minutes.

श्रीमती माया नारोलिया (मध्य प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदया, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक 'जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक, 2026' पर बोलने का अवसर प्रदान किया है। माननीय उपसभाध्यक्ष महोदया, सबसे पहले मैं विश्व के सबसे शक्तिशाली नेता, हमारे भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने दशकों से हमारे नागरिकों और व्यापारियों के पैरों में जंजीर बनकर पड़ी थीं।

महोदया, मैं मध्य प्रदेश की पावन धरा, मां नर्मदा के तट, नर्मदापुरम से आती हूं। चाहे वहां का कोई किसान हो या छोटा व्यापारी हो, वह चाहता है कि सरकार उसे शक की निगाह से नहीं, बल्कि विश्वास की निगाह से देखे। यह विधेयक उसी जन विश्वास को धरातल पर उतारने का एक क्रांतिकारी प्रयास है।

Contents Page

(**उपसभापति महोदय** *पीठासीन हुए।*)

माननीय उपसभापति महोदय, यह विधेयक केवल कुछ धाराओं का संशोधन नहीं है, बल्कि यह सरकार की सोच में आए आमूल-चूल परिवर्तन का प्रमाण है। विधेयक का विस्तार - जहां 2023 के पहले जन विश्वास अधिनियम में हमने 42 कानूनों में सुधार किया था, वहीं जन विश्वास 2.0 के तहत, हम 80 केंद्रीय अधिनियमों के 784 प्रावधानों को अपराधमुक्त और तर्कसंगत बना रहे हैं। व्यापार और जीवन की सुगमता के संबंध में बताना चाहती हूँ। इनमें से 717 प्रावधान 'ईज़ ऑफ डुइंग बिजनेस', यानी व्यापार की सुगमता के लिए हैं और 67 प्रावधान हमारे नागरिकों के जीवन जीने की सुगमता को बढ़ाने के लिए प्रस्तावित हैं।

अपराधीकरण से अनुपालन की ओर - अब छोटी-छोटी तकनीकी या प्रक्रियात्मक गलतियों के लिए जेल की सलाखें नहीं, बल्कि सुधार का अवसर दिया जाएगा। हम एक दंडात्मक विरासत से निकल कर एक सुगम और विश्वास आधारित मॉडल की ओर बढ़ रहे हैं।

उपसभापति महोदय, मैं सदन का ध्यान इस विधेयक के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ। स्वास्थ्य और औषधि क्षेत्र में औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम में मामूली त्रुटियों को अपराध मुक्त किया गया है, जिससे हमारे 50 अरब डॉलर के फार्मा उद्योग को राहत मिलेगी, लेकिन मै यह भी स्पष्ट कर दूँ कि मोदी सरकार जनता के स्वास्थ्य के साथ समझौता नहीं करती। घटिया दवाओं के मामले में कठोर दंड का भी प्रावधान है।

सड़क परिवहन और इंफ्रास्ट्रक्चर - भारत का 66.71 मिलियन किलोमीटर का सड़क नेटवर्क हमारे विकास की धमनियाँ हैं। मोटर वाहन अधिनियम और राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम में संशोधन से छोटे उल्लंघनों के लिए अब जेल नहीं, बल्कि प्रशासनिक न्याय निर्णयन की व्यवस्था होगी, जिससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और प्रक्रिया पारदर्शी होगी।

एमएसएमई और स्टार्टअप - आज भारत में 2.12 लाख से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स हैं। इन युवाओं को फाइलिंग या लेबलिंग की छोटी-सी गलती पर जेल जाने का डर नहीं होगा। महोदय, हमारे देश की अदालतों पर 4.8 करोड़ से अधिक मामलों का बोझ है। यह विधेयक प्रशासनिक न्याय निर्णय की एक मजबूत व्यवस्था खड़ी कर रहा है।

माननीय महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन से आग्रह करती हूँ कि आज मोदी जी की रिफार्म एक्सप्रेस चल रही है, चाहे वह चार श्रम संहिता हों या कॉरपोरेट कानूनों में सुधार हो, हमने 47 हजार से अधिक फालतू अनुपालनों को समात कर लालफीताशाही को जड़ से उखाड़ फेंका है। अतः मैं यही कहूँगी कि यह विधेयक विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने का एक सशक्त माध्यम है। यह विधेयक उद्यमी को संभावित अपराधी ही नहीं, बल्कि प्रगति का भागीदार मानता है। आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में भारत आज वैश्विक Ease of Doing Business ranking में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। हम एक ऐसे समाज का निर्माण कर रहे हैं, जहाँ सरकार का हस्तक्षेप न्यूनतम हो और शासन का प्रभाव अधिकतम हो, यानी न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन। ...(**समय की घंटी**)... अतः मैं सदन से और सभी सदस्यों से आग्रह करती हूँ

Contents Page

कि दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर राष्ट्र हित में इस विधेयक का समर्थन करें, जय हिन्द, जय मध्य प्रदेश!

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Arun Singh. He is not present. Now hon'ble Minister Piyush Goyal *to* reply to the discussion.

श्री पीयूष गोयलः उपसभापति महोदय, मैं सभी माननीय सदस्यों का धन्यवाद करना चाहता हूँ, जो आज के दिन, जब सब लोग घर जाने की जल्दी में हैं, लेकिन फिर भी रुके हैं और इस महत्वपूर्ण बिल पर बातचीत की है। शक्तिसिंह गोहिल जी बता रहे थे कि मैं जब भी बिल पर बात करता हूँ, तो मैं अंत तक उसका जवाब भी सुनने के लिए रुकता हूँ। मैं समझता हूँ कि आज के पावन अवसर पर, हनुमान जयंती के दिन, जब हम यह बिल पारित कर रहे हैं, तो स्वाभाविक रूप से प्रभु श्रीराम याद आते हैं। अब आपने रूलिंग दे दी है कि विषय पर ही रहना है, तो मैं राम मंदिर के बारे में नहीं बोल रहा हूँ। मैं सिर्फ इतना याद दिला रहा हूँ कि प्रभु श्रीराम जी जिस प्रकार से हनुमान जी पर अटूट विश्वास करते थे, उसी प्रकार से, और अटूट विश्वास इतना था कि असंभव कार्य को भी हनुमान जी संभव बना देते थे। चाहे वह समुद्र लांघना हो, पर्वत उठाना हो, एक सिपाही की तरह उन्होंने हर एक काम बड़ी निष्ठा के साथ किया, क्योंकि हनुमान जी पर प्रभु का विश्वास था। मैं समझता हूँ कि माननीय प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी भी भारत की जनता पर उसी प्रकार का विश्वास करते हैं, जैसा विश्वास प्रभु श्रीराम जी हनुमान जी पर करते थे।

श्री जयराम रमेशः इंट्रोडक्शन की जरूरत नहीं थी।

श्री पीयूष गोयलः सर, आज जयराम जी बहुत नाराज हैं। मैं प्रभु श्रीराम की बात नहीं कर रहा हूँ, जयराम जी की बात कर रहा हूँ। शक्तिसिंह जी ने मेरे हेयर स्टाइल को तो बड़ा अच्छा बताया, पर जयराम जी के हेयर स्टाइल के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की, इसलिए आज वे बड़े दुखी नजर आ रहे हैं।

श्री उपसभापतिः माननीय मंत्री जी, आप "जय राम जी" तो बोल ही रहे हैं!

श्री पीयूष गोयलः प्रभु श्रीराम जी की कृपा है कि 140 करोड़ भारतवासियों के ऊपर पूरे तरीके से विश्वास रखा जाता है। उनकी निष्ठा के ऊपर, उनकी देशभक्ति के ऊपर, उनके काम करने के तरीके के ऊपर जब हम भरोसा करते हैं, तब हम दंड के प्रभाव में, दंड के डर से, दंड के भय से देश के कानूनों को नहीं चलाना चाहते हैं, बल्कि हम चाहते हैं कि यह देश विश्वास से आगे बढ़े, हम विश्वास से "विकसित भारत-2047" का रास्ता प्रशस्त करें।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं चाणक्य जी का बताया हुआ रास्ता, "यथार्थ दंड" पढ़ रहा था। यथार्थ दंड, यानी the concept of balanced punishment. उन्होंने "न्याय शास्त्र" में यह लिखा है। जब हम आज के कानूनों की चर्चा करते हैं, तब हमें यह ध्यान आता है कि प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी बार-बार कहते हैं कि देश को विकास भी चाहिए, लेकिन देश के लिए विरासत भी उतनी ही आवश्यक है। हमें अपनी विरासत को कभी भूलना नहीं है, बल्कि हमें अपनी

Contents Page

विरासत से सीखना है, इतिहास से सीखना है। चाणक्य जी ने "न्याय शास्त्र" में कहा है and I quote, "Whoever imposes punishment as deserved becomes respectable. Punishment when awarded with due consideration makes people devoted to righteousness." जब आप किसी को बहुत भय के साथ, बहुत बड़ी पनिशमेंट से डराकर कानून का पालन करवाना चाहें, तो वह शायद डर के मारे कानून का पालन कर ले और शायद कई बार न भी करे, लेकिन उससे समाज ठीक नहीं होता है। व्यक्ति को यह विश्वास हो कि मेरे देश के न्याय तंत्र में मेरे साथ न्याय होगा, अगर कभी मैं न चाहते हुए भी छोटी-मोटी गलतियां कर दूं, तो मेरे ऊपर दंडित होने की छाप नहीं पड़ेगी, मेरे ऊपर दंड नहीं लगेगा, मेरी बदनामी नहीं होगी, क्योंकि मेरे ऊपर सरकार का, सरकारी अफसरों का और सरकारी व्यवस्थाओं का विश्वास है। यथार्थ दंड का यह जो मूल-मंत्र है, यही जन विश्वास कानून लाने का हेतु है।

सर, हम पहले भी जन विश्वास बिल लाए थे। शायद इतिहास में पहली बार देश में किसी ने यह ठीक समझा कि जनता पर इतना विश्वास किया जाए कि लोग अपने आप यह सोचें कि हमें गलती नहीं करनी है और उसका परिणाम अच्छा मिला, छोटी -मोटी गलतियों के लिए कोर्ट कचहरी में दौड़ना नहीं पड़ा, लोगों को परेशान नहीं होना पड़ा। हर छोटी-मोटी गलती के लिए कायदे कानून का एक लंबा प्रोसेस होता था और गलती भी इतनी छोटी होती थी कि उसमें दंड भी 100-200 रुपये का होता था, लेकिन उससे पूरी व्यवस्था का समय बर्बाद होता था। आज जितने कानूनी केसेज़ बढ़ते जा रहे हैं और उनका व्यवस्था में जो प्रभाव है, उसकी वजह से शायद 100 रुपए के दंड के पीछे 50,000 रुपए का नुकसान होता, लेकिन ये कानून चलते आ रहे हैं। कई कानून अंग्रेजों के समय से चलते आ रहे हैं। कभी किसी सरकार ने, कभी किसी नेता ने यह नहीं सोचा कि इसका full stop किया जाए। एक बार अच्छे तरीके से देखा जाए कि किन चीजों को हम simplify कर सकते हैं, क्या compliances हैं, जिनको हम कम कर सकते हैं, किन procedures में हम कमी ला सकते हैं, क्या process लोगों के लिए और सुविधाजनक बन सकता है, paper work कैसे कम हो और अगर कोई छोटी-मोटी गलती हो जाए — *mens rea* नहीं है, यानी गलती करने की मानसिक सोच नहीं है — तो उनको एक penalty लगाकर छोड़ दिया जा सकता है। कहीं ऐसे कानून थे, जिनमें अगर कोई गलती कर भी ले, तो कानून में fine का प्रावधान था और fine लगाने का अधिकार सिर्फ और सिर्फ court को है। कोई adjudicating officer या अधिकारी fine नहीं लगा सकता है। मुझे पता नहीं कि सबके ध्यान में है या नहीं है, पर कई ऐसी छोटी-छोटी चीजें हैं। मेरे पास ढेर सारे उदाहरण हैं। यह जो एक साथ, एक कानून के जरिए हजार से अधिक कानूनों में बदलाव लाया गया है, उन सब का जो सामूहिक प्रभाव है, समुचित प्रभाव है, सबको जोड़कर अगर हम देखें, तो बहुत बड़े रूप में यह जनता को सुविधा देगा। जनता को ease of living, जीवन में सरलता लाएगा। जो छोटे व्यापारी हैं, MSMEs हैं, उनको भय-मुक्ति देगा। अगर किसी नागरिक के ऊपर बहुत अत्याधिक दंड लगाया जाए, उसे भयभीत किया जाए, तो वह अनुशासन नहीं लाता है। आप किसी की उपेक्षा करके अनुशासन नहीं ला सकते हैं। मुझे लगता है कि समझा-बुझाकर, गलती का एहसास दिलाकर, छोटा-मोटा दंड भी हो, तो दंड लगाकर, लेकिन court-कचहरी से बचाकर, व्यवस्थाओं को सुधारने के और कानून का पालन करवाने के लिए ज्यादा better outcome मिल सकता है।

Contents Page

माननीय उपसभापति महोदय, रामराज्य की भी विशेषता यही थी। अगर हम याद करें, तो शासन की सबसे बड़ी विशेषता — जब प्रभु श्री राम शासन करते थे— तब न्याय था, विश्वास था, दंड नहीं था। वे हर नागरिक को सुनते थे, हर नागरिक को बिना भय के रहने के लिए प्रोत्साहित करते थे और हर नागरिक का सम्मान करते थे। जन विश्वास बिल इसी दिशा में अगला कदम है, जो पहले जन विश्वास बिल की सफलता के बाद आया है। यह एक प्रकार से 21वीं सदी का रामराज्य है और मैं समझता हूं कि जहां शासन प्रजा की सेवा करे, शासन प्रजा के ऊपर विश्वास करे, शासन प्रजा को परेशान न करे, इसी हेतु से इस कानून को बदलने का प्रयास किया गया है।

भारत आज दुनिया का सबसे युवा देश है। आज हमारे युवा-युवतियां startups लगा रहे हैं। नौकरी के पीछे दौड़ने के बदले, बड़े पैमाने पर job creators बन रहे हैं, नए लोगों को नौकरी का साधन दे रहे हैं। नई-नई सोच के साथ, नए नवाचार के साथ, देश को आगे बढ़ाने के लिए नई चीजें लेकर आ रहे हैं, नई सोच लेकर आ रहे हैं। अब यह लाखों नौजवान — और हम सब जानते हैं कि 2015 में जब Startup India शुरू किया गया था, तब मात्र 500 startups registered थे। आज वह संख्या बढ़कर लगभग 3 लाख हो गई है, तो आप कल्पना कीजिए कि कितने सारे नौजवान युवा-युवतियां आज अपना स्वयं का काम नई सोच और नए विचार के साथ कर रहे हैं। उन सबको हर एक कानून की जानकारी नहीं है। Ignorance of the law is no excuse — यह कानून का maxim है, पर स्वाभाविक है कि ये उत्साहित युवा-युवतियां हर एक कानून को जानते नहीं हैं। कभी-कभी छोटी-मोटी गलतियां हो जाती हैं। अब ऐसी गलती पर उनके ऊपर criminal case का बोझ डालना, उनको court-कचहरी के चक्कर लगवाना या उनसे सलाह-मशवरा करके इन नौजवानों को आगे बढ़ने का मौका देना, प्रोत्साहित करना, यह भी हम सबको सोचना पड़ेगा।

उपसभापति महोदय, आज पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही है। भारत को एक manufacturing hub के रूप में देखती है। भारत में नई सर्विसेज़ आ रही हैं। 1800 से अधिक Global Capability Centres चल रहे हैं। अनुमान है कि आने वाले दिनों में तीन हजार तक Global Capability Centres भारत से काम करेंगे। लाखों लोगों को नौकरी मिलेगी, करोड़ों लोगों को व्यापार या कोई ना कोई व्यवसाय से इस पूरे इकोसिस्टम को सपोर्ट करने का मौका मिलेगा। नए इन्वेस्टमेंट्स आ रहे हैं। चाहे वह डेटा सेंटर्स हों, चाहे वह research and development हो, डिजाइन की फील्ड हो, क्रिएटिव इकोनॉमी हो, नई-नई इकोनॉमीज़ में, नए-नए सेक्टर्स में बड़े निवेश आ रहे हैं। ऐसे सब निवेशक थोड़ा हिचकिचाएंगे, अगर डर और भय का माहौल रहा। अगर उन्हें लगा कि हर छोटी गलती पर हमें कोर्ट-कचहरी या पुलिस थाने जाना पड़ेगा या हमें जेल की सजा हो सकती है। इसलिए भारत अब नई सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार है। हम खुद अब दूसरों को फॉलो नहीं करते। हम वेट नहीं करते हैं कि कोई और देश बदलाव लाएगा और फिर हम उसके पीछे भागेंगे। अब भारत नए global benchmark सेट कर रहा है और शायद इतिहास में पहली बार होगा कि माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में एक हज़ार से अधिक प्रावधान एक-साथ, एक कानून से सरलीकरण करना, de-criminalize करना, कानून के बोझ को कम करना और लोगों को न्याय दिलवाना, न्याय देना, दंड तय करना, बदनाम नहीं करना, पर न्याय देकर उनको आगे सुधार का रास्ता देना।

Contents Page

उपसभापति महोदय, जिस सोच के साथ जनविश्वास बिल बना, यह एक प्रकार से संदेह की भावना को खत्म करने की सोच है। हर एक चीज को संदेह से क्यों देखना? क्यों नहीं लोगों के ऊपर विश्वास रखना और इसका जो litmus test है, हमें उसका कितना नुकसान होता है, वह देखकर एक-एक कानून को स्टडी किया। Harm-based litmus test अगर लगा कि कोई गलती से बहुत बड़ा नुकसान होता है, किसी और को बहुत बड़ा नुकसान होता है, व्यवस्थाओं को, देश को नुकसान होता है, तो कम सजा के बदले उल्टे सजा बढ़ाई भी गई है। कम दंड के बदले दंड ज्यादा भी किया गया और मैं उसके दो-चार उदाहरण भी बता सकता हूं। हर एक प्रावधान को देखते हुए जिस मिनिस्ट्री का, जिस डिपार्टमेंट का यह कानून था, उनसे पूछा गया कि आप बताइए कि प्रावधान को आपराधिक क्यों रखना चाहते हैं? आपको इसको आपराधिक रखने का इसमें क्या लाभ दिखते है? हर एक के साथ समन्वय किया गया, बातचीत की गई। Extensive stakeholder consultations हुए। प्राइवेट सेक्टर के साथ, सरकार के अलग- अलग विभागों के साथ, अलग-अलग ऑर्गेनाइजेशन्स जो इस टाइप की स्टडीज़ करती हैं, इन सबके सलाह मशवरे के बाद जब देखा गया कि प्रावधान आपराधिक रहने की आवश्यकता नहीं है या जो प्रिंसिपल्स हमने रखे थे कि किस प्रावधान को डिक्रिमिनलाइजेशन करना है, अगर कोई उस टेस्ट में फेल होता है कि इसको आपराधिक रखना आवश्यक है या नहीं है, उसमें क्रिमिनलाइज रखने के लिए जब कोई प्रावधान फेल होता था, तभी हमने de-criminalization की तरफ उसको लिया। साथ ही साथ देखा कि उल्लंघन की प्रकृति क्या है? What is the nature of the breach of law? उन्हीं कानूनों को, उन्हीं गलतियों को हमने आपराधिक रखा, जब वास्तविकता से बड़ी हानि होती है। किसी को बड़ा नुकसान होता है या सार्वजनिक जोखिम होता है, तभी हमने उसके ऊपर criminal action का provision रहने दिया। अगर किसी को धोखा देने के इरादे से किसी ने कोई काम किया, तो उसको आपराधिक रखा, लेकिन जैसा मैंने कहा *mens rea* नहीं हो या गलत सोच नहीं हो, उसको de-criminalize करने का प्रयास किया। न्याय प्रणाली से बोझ हटाना भी एक आवश्यकता है। कोर्ट कचहरी में हम करोड़ों केस देखते हैं। Delayed justice है। कई बार कहा जाता है कि, justice delayed is justice denied. एक प्रयास यह भी है कि छोटी-मोटी गलतियों को कोर्ट-कचहरी में डालकर समय क्यों बर्बाद करें? कोर्ट-कचहरी के बाद भी क्या होगा? छोटा-मोटा फाइन ही लगेगा। उसके बदले, अगर प्रावधान में ही पेनल्टी का प्रावधान लगा दें, फाइन के बदले पेनल्टी होगी, तो adjudicating officer या अधिकारी ही वह penalty लगा सकता है। इसमें limit रखी गई है कि अगर गलती बड़ी हो तो बड़ा फाइन लगेगा, बड़ी पेनल्टी लगेगी, लेकिन गलती छोटी हो, तो कम पेनल्टी लगेगी। हमने उस कार्रवाई को criminal courts से हटाकर adjudicating officers और appellate officers को दे दिया है और एक defined timeline के साथ दिया है। ऐसा नहीं है कि वह कितना भी समय लगाए औऱ व्यक्ति को परेशान रखे। यह जो graded approach इस्तेमाल की गई है, punishment की तरह, दंड की तरह, इस graded approach में अगर कोई गलती बड़ी है, तो बड़ी पनिशमेंट होनी चाहिए, लेकिन अगर छोटी है, तो हमने कई बार वार्निंग भी प्रोवाइड कर रखी है कि आप पहली बार सिर्फ वार्निंग दे दो और छोड़ दो। एक प्रकार से ट्रस्ट, विश्वास की बात है। इस बिल में देश का विश्वास प्रधान मंत्री मोदी पर और प्रधान मंत्री मोदी का विश्वास देश के 140 करोड़ देशवासियों पर झलकता है और वही इस बिल का आधार है।

Contents Page

माननीय उपसभापति महोदय है, हमने कई सारे कानूनों में ग्रेडेड अप्रोच में ऐसा रखा है। सर, पहले तो क्रिमिनल पनिशमेंट होती थी, उसके बदले यदि पहली वायलेशन हो, तो एक इंप्रूवमेंट नोटिस दिया जाएगा। मैं लीगल मेट्रोलॉजी के कानून का एक एग्जैम्पल दे रहा हूं। पहले एक इंप्रूवमेंट नोटिस दिया जाएगा, यदि फिर भी सुधार नहीं हो पाया, कुछ गलती करे, तो कम मात्रा की पेनल्टी लगाई जाएगी। आगे चलकर पेनल्टी बढ़ाई भी जा सकती है, पर अगर कोई हैबिचुअल ऑफेंडर है और बार-बार ऑफेंस करता है, तो फिर उसके ऊपर क्रिमिनल फाइन भी रखा गया है, जिसके लिए कोर्ट-कचहरी में जाकर उनके ऊपर बड़ा फाइन लगाया जा सके या उनकी इंप्रिजनमेंट या पनिशमेंट भी हो सके। एक प्रकार से इस कानून का मेन ऑब्जेक्टिव प्रोपोशनल पनिशमेंट है।

महोदय, कुछ माननीय सदस्यों ने विषय उठाए थे, मैं समझता हूं कि उनकी reading of the law में कुछ कमी रह गई होगी, उसी के लिए उनके मन में गलतफहमियां हैं। जैसे Drugs and Cosmetics Act है, मैंने देखा है कि लोक सभा में भी और राज्य सभा में भी, विपक्ष के मित्रों की पूरे 1,000 कानून ढूंढ़कर Drugs and Cosmetics Act पर ही नजर टिक गई। यह अच्छा है कि हमारी बहिन रेणुका जी ने ऑब्जेक्शन नहीं रेज़ किया, नहीं तो, मुझे लगता है शक्तिसिंह जी बड़े साहसी मनुष्य हैं, जिन्होंने Drugs and Cosmetics Act का जिक्र करते हुए, बहिन रेणुका जी पर ही टिप्पणी कर दी। लेकिन मैं आपके माध्यम से सदन और देश को बताना चाहूंगा कि Drugs and Cosmetics Act को हमने जो बदला है, वह सिर्फ उसके residuary provisions and procedural compliance को बदला है, उसको decriminalize किया गया। छोटे-मोटे procedural compliance में गलती पर जेल न जाना पड़े, कोर्ट न जाना पड़े। जो कोर और सीरियस ऑफेंस है, अगर कोई स्प्यूरियस ड्रग्स बेचता है, स्टॉक करता है, अपनी दुकान में रखता है, इम्पोर्ट करता है, आयात करता है, मैन्युफैक्चर करता है, डिस्ट्रिब्यूट करता है और ड्रग्स गलत हों, अप्रूव्ड न हो, ड्रग कंट्रोलर के माध्यम से उस टाइप का spurious material or adulterated drug या cosmetic बेचता है, तो उसके ऊपर अभी भी बहुत strict and severe criminal punishment रखी गई है, जो पहले भी थी, जिससे हम इस प्रकार की malpractice नहीं होने दें। इस कानून में बहुत स्पष्ट दायरा दिया गया है कि किसको decriminalize किया है और किसको नहीं किया गया है।

महोदय, हमारे कुछ सदस्यों ने बताने की कोशिश की Section 162 of the Railways Act. Dilute कर दिया है women safety को। अब प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी, जिन्होंने पूरा जीवन समाज सेवा में लगाया हो और अक्टूबर में उनके 25 वर्ष पूरे हो जाएंगे uninterrupted head of the Government के नाते - पहले head of the state, head of the central Government। उन्होंने सिक्किम के पूर्व मुख्य मंत्री, पवन चामलिंग जी का रिकॉर्ड तो ऑलरेडी ब्रेक कर ही दिया है। अब 25 वर्ष भी अक्टूबर में पूरे हो जाएंगे। ऐसे व्यक्ति, जिन्होंने हमेशा बेटियों और बहनों को संरक्षण देने का बात की, उन्हें आगे बढ़ने के लिए और अवसर दिए, मौके दिए, जिन्होंने फॉर्मल वर्क फोर्स में महिलाओं का योगदान इतने बड़े पैमाने पर बढ़ाया, वे कभी ऐसा नहीं होने दे सकते हैं कि यह सरकार विमेन सेफ्टी को कॉम्प्रोमाइज़ करने का काम करे। सच्चाई तो यह है कि हमने जो बदलाव किये हैं, वे इस कानून को हमारी बहनों की सेफ्टी के लिए और सख्त बनाते हैं, क्योंकि यह एनफोर्समेंट को और इफेक्टिव बना देता है। हमने आज इस कानून में जो अमेंडमेंट किए हैं -

Contents Page

अगर कोई भी मनुष्य, कोई भी आदमी महिला की सेफ्टी के ऊपर कोई गलत काम करे, तो उसके लिए भारतीय न्याय संहिता तो हमारे बहुत सख्त कानून प्रोवाइड करती ही है। हमने उसे सदन में पारित किया है। भारतीय न्याय संहिता के कानून तो लगेंगे ही; लेकिन अगर ट्रेन के डिब्बे में कोई व्यक्ति गलती से महिलाओं के कैबिन में या महिलाओं के कोच में घुस जाए और उस कम्पार्टमेंट में जो बर्थ या सीट महिलाओं के लिए रिजर्व्ड है, उसे बिना लॉफुल एक्सक्यूज... देखिए, किसी की तबीयत खराब हो रही है, कोई बेहोश हो रहा है, किसी को कोई बीमारी है और वह वहाँ बैठ भी गया, तो हमारी बहनें भी बड़ी समझदार हैं। शायद वे भी उन्हें पानी का गिलास पिलाएंगी, उनका ध्यान रखेंगी। लेकिन बिना किसी लॉफुल कारण, बिना किसी जेन्युइन कारण से अगर कोई आज लेडीज बर्थ पे बैठ जाता है, तो इसके लिए 500 रुपये फाइन है। वह फाइन लागू करने के लिए भी कोर्ट-कचहरी का लम्बा प्रोसेस है, जिसके बाद 500 रुपये फाइन लगेगा। इसके बदले हमने क्या किया? हमने ढाई हजार रुपये की पेनल्टी लगाई। पांच गुना! वहाँ पर जो तुरंत जो अधिकारी होगा, वह यह उनसे रिकवर कर सकता है। तो एक प्रकार से इसे और सख्त कर दिया है कि किसी की बहनों के कैबिन में जाने की या बहनों की सीट पेर बैठने की हिम्मत नहीं हो। अगर इसे अच्छी तरीके से पढ़ा होता, तो शायद पहले और अब में जो अंतर है, उससे ध्यान में आता कि आज का जो कानून है, उसमें इनफोर्समेंट बड़ी वीक है। उसमें लम्बे अरसे तक केसेज़ ड्रैग करते हैं और बहनें भी दुखी हो जाती हैं। वे कब तक जाकर विटनेस बनेंगी? कितनी बार जाएंगी? कितना खर्चा करेंगी? उसके बाद क्या? 500 रुपये का जुर्माना! उसके बदले अब हाथ के हाथ ढाई हजार की पेनल्टी लगेगी। इससे आदमी को भय रहेगा कि ऐसी गलती न करे। इससे इंस्टेंट जस्टिस भी मिलेगा और स्ट्रांगर डिटरेंट भी रहेगा; साथ ही, जो विक्टिम है, उसे उसको यह परेशानी नहीं होगी कि उसे बार-बार कोर्ट में जाकर अपना बयान देना पड़ेगा।

एक बात अभी-अभी कही गई और मैं यह सुनकर बड़ा हैरान हुआ। अगर कोई व्यक्ति फॉल्स अलार्म करे और फायर ब्रिगेड को बुला ले या कोई फायर ब्रिगेड के अलार्म को डैमेज कर दे, जिससे आगे चलकर फायर का रिस्क हो सकता है। यह आज के दिन सेक्शन 101 ऑफ दिल्ली पुलिस एक्ट में निर्धारित है और इसके लिए एक बड़ी लाइट पनिशमेंट है - तीन महीने की सजा या 100 रुपये का फाइन; ओनली 100 रुपये फाइन! अब सजा तो मिलती नहीं है और किसी को मिलती भी है, तो कब जाकर मिलेगी, कितने वर्षों-दशकों बाद मिलेगी? अधिकांश लोग तो 100 रुपये का फाइन देकर निकल जाएंगे। इसमें तीन महीने की लाइट पनिशमेंट है। हमने इसे ओमिट कर दिया और बड़ा सोच-समझ कर ओमिट किया। चूँकि आज अगर कोई ऐसी गलती करे, जानबूझकर या गलती से, जैसे भी करे, तो दिल्ली पुलिस एक्ट अप्लाई होता है और उसके तहत जाना पड़ता है और सिर्फ 100 रुपये का फाइन लग सकता है। हमने इसे एक बार हटा दिया, इसे एज़ अ 'माइनर रेगुलेटरी प्रोविजन' डीक्रिमिनलाइज कर दिया, अब इस मिसकंडक्ट के लिए 'भारतीय न्याय संहिता' के अंतर्गत कार्रवाई होगी। भारतीय न्याय संहिता में इसे बड़ा इफेक्टिवली और स्ट्रिंजेंटली एड्रेस किया गया।

Contents Page

6.00 P.M.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon'ble Minister, just one minute. Hon'ble Members, now, it is 6 p.m., if the House agrees we may extend the sitting beyond 6 p.m. till the disposal of the ongoing Business and permitted Special Mentions. Thank you. Now, hon'ble Minister, please continue.

श्री पीयूष गोयलः सर, मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा, क्योंकि कुछ ऐसी चीजें उठाई गईं जो बड़ी ही फनी थीं। अब भारतीय न्याय संहिता का यह सेक्शन 217 इस प्रकार के कारनामे को कवर करता है, इंक्लूडिंग फायर सर्विस ऑफिसर्स के साथ अगर कोई भी गलत काम करे या उनको कोई गलत इंफॉर्मेशन दे और ऐसे में imprisonment 1 वर्ष का है, 3 महीने के बदले 1 वर्ष का है और जो फाइन है, वह 100 रुपये के बदले 10,000 रुपये है, यानी 100 गुना फाइन है। एक प्रकार से सही किया या गलत, तो मैं समझता हूं कि हम सभी मानेंगे कि एक छोटा प्रावधान, जिसमें लोग छूट जाते थे, उसको हटाकर एक बड़ा प्रावधान भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत उनके ऊपर अप्लाई होगा। ऐसे ही सेक्शन 353 कवर करता है, अगर कोई फॉल्स अलार्म दे, जिससे पैनिक हो जाए, किसी माननीय सदस्य ने यह विषय भी उठाया था कि पैनिक हो जाएगा, अगर पैनिक हो जाएगा, तो सेक्शन 353 भारतीय न्याय संहिता 3 साल की सजा और फाइन या दोनों का प्रावधान रखता है। इस प्रकार मेरे पास और भी अलग-अलग डिटेल्स हैं। अब इसमें 1,000 से अधिक जो बदलाव किए हैं, इसमें किसी कानून को निकाल लो, तो आपको ध्यान आएगा कि पहले की व्यवस्था से आज की व्यवस्था ज्यादा अच्छी है।

हमारे तमिलनाडु के माननीय पी. विल्सन जी ने भी इसकी आलोचना की। मैं तो उनको बताना चाहूंगा, उनके यहां पर भी बड़े रूप में म्यूनिसिपल लॉज़ के decriminalization किए गए। मनोज जी करनी और कथनी की कुछ बात कर रहे थे। तमिलनाडु में decriminalization अच्छा है और केंद्र में decriminalization सही नहीं है और उसकी आलोचना करना, ये दोहरे मापदंड ही हैं, जिनके कारण आज तमिलनाडु में सरकार की इतनी बुरी हालत हो गई है। यह भी कहा गया कि सलाह-मशविरा पर्याप्त नहीं हुआ। सभी राज्यों को, सभी जो बदले गए कानून हैं, इनके बारे में भेजा गया, उनके कमेंट्स मांगे गए और जहां-जहां पर कमेंट्स आए, उनके साथ सलाह-मशविरा करके ही तय किया गया है। माननीय अशोक कुमार मित्तल जी को लग रहा था कि कई ऐसे केसेज़ हैं, जहां गवर्नमेंट प्रॉसिक्यूटर रहने से एक lenient approach ली जाती है। उसके बदले उनका कहना था कि retrospective amendment भी करना आवश्यक है। हमने जब डिपार्टमेंट ऑफ लॉ से एडवाइस ली, तो बताया गया कि अलग-अलग कानूनों के 1,000 प्रावधान एक साथ retrospective करना ठीक नहीं रहेगा। इसलिए हमने retrospective का प्रावधान नहीं रखा है, क्योंकि गवर्नमेंट अधिकांश ऐसे केसेज़ में प्रॉसिक्यूटर होती है, तो गवर्नमेंट ही अपनी तरफ से कोर्ट को दरख्वास्त कर सकती है कि इस प्रकार के केसेज़, जो इन प्रावधान से कवर्ड हैं, इनको एक नॉमिनल फाइन लगाकर, as per the new law छोड़ा जा सकता है। मुझे लगता है इससे लाखों पुराने केसेज़ भी फ्री हो जाएंगे और कोर्ट के ऊपर बर्डन कम हो जाएगा। हम चाहते हैं कि इसको पुराने केसों पर भी लगाकर उनको सुविधाजनक बनाया जाए। शक्तिसिंह जी ने सही कहा

Contents Page

था कि इन कानूनों का लाभ पश्चिमी बंगाल, असम, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी, आपके गुजरात और महाराष्ट्र में, देश भर में होने जा रहा है। क्या आप चाहते हैं कि तमिलनाडु या असम या पश्चिमी बंगाल या केरल के लोग इसके लाभ से वंचित रहें, तो आप स्पष्ट बताइए? अगर आप चाहते हैं कि इन कानूनों में हम एक प्रावधान लाएं, तो आप एक अमेंडमेंट मूव करिए कि यह कानून बाकी देश में लगेगा, लेकिन तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी, पश्चिमी बंगाल और असम के लोगों को इसका फायदा नहीं मिलना चाहिए। अगर आपकी ऐसी सोच है, तो आप एक अमेंडमेंट लेकर आइए।

श्री शक्तिसिंह गोहिलः सर, मंत्री जी ने मेरा नाम लिया है। मेरा केवल यही कहना था कि आप इसमें रियल हेल्प कीजिए।

श्री उपसभापतिः आपने अपनी तकरीर में कह दिया, प्लीज़।

श्री शक्तिसिंह गोहिलः सर, उन्होंने मेरा नाम लिया है।

श्री उपसभापतिः आपने भी नाम लिया था, इसलिए वे जवाब दे रहे हैं।

श्री पीयूष गोयलः सर, अब स्वाभाविक है, हमने हैंडलूम एक्ट में छोटी-मोटी गलतियों के लिए दो प्रोविजंस डिक्रिमिनलाइज किए हैं और बड़े एक्सटेंसिव स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन के बाद किए हैं, जिसका सबसे बड़ा लाभ वीवर्स को होगा, अपने हथकरघा को होगा। इसका सेक्शन 11 कहता है कि वीवर अगर कोई अकाउंट बुक न रख पाए या रजिस्टर न रख पाए, तो अब इसके लिए उसको जेल नहीं होगी। अब आप बताइए कि इसमें क्या गलत है? अब छोटा-मोटा हथकरघा चलाने वाला शायद इतना पढ़ा-लिखा न हो, बड़ी-बड़ी कानूनी किताबें न लिख सके, ऐसे में क्या अधिकारी वहां जाकर उसको डराए, धमकाए; उसके ऊपर कोर्ट केस करे; उसको कोर्ट में ले जाकर धक्के खिलवाए! यह सही रास्ता है या एक छोटी पेनल्टी लगा कर छोड़ देना है कि आगे आप हिसाब-किताब रखो, यह बेटर है? उसका ऐसा पहाड़ बना दिया कि इससे हैंडलूम का स्प्यूरियस माल आ जाएगा! अब उस बेचारे हथकरघा चलाने वाले के ऊपर कोर्ट केस करके क्या आपकी सरकार स्प्यूरियस माल लाने से रोक पाई है? स्प्यूरियस माल का प्रावधान भारतीय न्याय संहिता में है, उसके तहत सख्त से सख्त कार्रवाई हो सकती है। पर इसके तहत तो सिर्फ और सिर्फ वीवर को परेशानी होती है।

इसी प्रकार से सेक्शन 10 कुछ क्लास ऑफ टेक्सटाइल्स को हैंडलूम के लिए रेस्ट्रिक्ट करता है। हमने उसको बदला नहीं है, हम उसकी रेस्पेक्ट करते हैं, लेकिन हमने उसके प्रावधान में यह बदलाव किया है कि अगर कोई सेक्शन 10 का उल्लंघन करे और हैंडलूम प्रोडक्ट्स के बदले मशीन मेड प्रोडक्ट्स को हैंडलूम बोले, तो उसमें इंप्रिजनमेंट, तीन महीने का जेल का प्रावधान ज्यों का त्यों है, उसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है, उल्टा, जो फाइन है, जो पहले 5 हजार रुपए थी, अब उसे पर पावरलूम बढ़ा कर 25 हजार रुपए की पेनल्टी कर दी गई है। इसलिए इंप्रिजनमेंट का प्रावधान रहता है, पर हमने फाइन बढ़ा कर 5 हजार रुपए पर पावरलूम से 25 हजार रुपए पर पावरलूम कर दी है। इसलिए यह तो ज्यादा बड़ा डेटरेंट हुआ कि कोई ऐसी

Contents Page

गलती न करे। मुझे लगता है कि शायद पढ़ने-समझने में भूल हो गई होगी, पर चलिए, हम आप पर विश्वास करते हैं कि यह एक भूल थी, आपने जान-बूझ कर लोगों को गलत बताने की कोशिश नहीं की, इसलिए हम आपके ऊपर भी कोई प्रिविलेज मोशन नहीं लाते हैं।

सर, मुझे एक बात सुन कर बड़ी हंसी सी आ रही थी, जब यह बताया गया कि हमने डिजास्टर मैनेजमेंट के ऊपर भी प्रावधान को हल्का कर दिया है। अब आज का जो प्रावधान है, उसमें अगर किसी ऑफिसर को ऑब्सट्रक्ट किया गया, तो जो इंप्रिजनमेंट है, वह एक साल की है। हमने सिर्फ उसको रिड्यूस करके 6 महीने किया है। हम यह समझते हैं कि कोई जान-बूझ कर डिजास्टर के समय किसी ऑफिसर को नहीं रोकता है। कभी किसी के घर में कोई घुस गया, तो ऑफिसर भी ठीक है, वह डिजास्टर में हेल्प करने के लिए घुसा है। अब गलती से किसी ने उसको रोक दिया, उसको समझ में नहीं आया कि डिजास्टर मुझे तकलीफ देगा, तो उसके ऊपर प्रावधान को थोड़ा हल्का किया गया है, ताकि व्यक्ति को परेशानी कम हो। पर अगर उसके कारण कोई लॉस ऑफ लाइफ होती है, तो उस पनिशमेंट को हमने बदला नहीं है। इसी प्रकार से अलग-अलग कानूनों में स्टेकहोल्डर्स के साथ कंसल्ट करके हम कानूनों को सरलीकरण की तरफ लेकर गए हैं। किसी एक माननीय सदस्य ने, मुझे उनका नाम याद नहीं है, agricultural laws को dilute किया, किसानी क्षेत्र के laws को dilute किया है, ऐसा भी आरोप लगाया। मैं यह स्पष्ट कर दूं कि ऐसे किसी भी law को - जैसे, Seeds Act या the Fertilizer Act या the Essential Commodities Act है, ऐसे किसी भी Act को इस कानून के अंदर नहीं लाया गया है, नहीं बदला गया है। इसलिए इस नासमझी से लोगों को गलत बताने की कोशिश न करें। वैसे तो यह आदत ही है, जो हम कई महीनों से देख रहे हैं। कभी US से trade deal पर लोगों को गलत बताते हैं। हमारे अन्नदाता किसान बेचारे अपनी बड़ी मेहनत से, अलग-अलग प्रकार से, देश को food security देते हैं। कभी रिजर्वेशन में गलत बताने कोशिश की करते हैं, कभी अन्नदाता को गलत बताने की कोशिश करते हैं। बड़ा दुर्भाग्य है कि इस प्रकार से लोगों को गलत बता कर एक सोचे-समझी रणनीति तय करके, विषय उठाए जाते हैं। हमने जो बदला है, वह है - animal husbandry law. वह law कब का है? वह 1871 का लॉ है, यानी 150 साल पुराना लॉ है। इस देश में 150 साल पुराना कानून आज भी लागू है। If a pig damages crop or land, a fine of Rs.10/- has been provided in this Act. आज के दिन अगर कोई सूअर किसी की जमीन पर जाकर उसकी crop को damage करे, तो 10 रुपए का fine है। यानी हमारे किसान भाई को, हमारे अन्नदाता को पहले पुलिस में जाकर complaint करनी पड़ेगी, फिर कोर्ट में केस दर्ज होगा और केस के दौरान धक्के खाने पड़ेंगे, कई बार जाकर बयान देना पड़ेगा और अंत में उस व्यक्ति के ऊपर 10 रुपए का fine लगेगा। क्या यह न्याय है? हमने इसको बदल कर, इसको 1,000 रुपए की penalty बना दिया। यानी 100 गुना बढ़ा दिया, जिससे जिस भी व्यक्ति का वह सूअर है, वह उसको नियंत्रण में रख सके और अगर उसकी गलती भी हो, तो हाथ के हाथ उसे 1,000 रुपए की penalty देनी पड़ेगी। इसमें किसान का हित है, किसान को कोई नुकसान नहीं है। किसान इससे खुश होंगे। ऐसे ही 1898 का livestock transportation का कानून है। उसमें स्टेट गवर्नमेंट्स के पास बड़े sweeping powers हैं, तो वे कुछ भी कर सकती हैं। हमने उसको omit किया, जिससे स्टेट गवर्नमेंट्स कोई गलती करके किसी को परेशान न कर सकें। ऐसे minor errors,

Contents Page

mistakes, book keeping में, record keeping में हो जाते हैं। अशोक जी, आप तो लॉ स्कूल चलाते हैं। लवली यूनिवर्सिटी में लॉ स्कूल भी है। आपकी तो लॉ यूनिवर्सिटी भी है। आप तो जानते हैं कि छोटे-मोटे कितने ऐसे प्रावधान हैं। छोटी-मोटी गलती, किताब लिखने में छोटी गलती हो गई, कोई रिकॉर्ड रखने में छोटी सी गलती हो गई, उसको पहले criminal action माना जाता था। हमने इन सबको decriminalize करके, एक प्रकार से इसमें सरलता लाने की कोशिश की है। हमने इसमें Companies Act और Income-Tax Act को नहीं छुआ है। उसके लिए माननीया वित्त मंत्री अलग एक्ट लाई हैं। माननीय वित्त मंत्री महोदया ने Companies Act, Income-Tax Act में काफी कुछ बदलाव किये हैं। मुझे लगता है कि इसमें सरलता रहने से सभी को लाभ होगा। यह जो एक प्रकार का भय बनाने की कोशिश की जा रही है कि इससे कानून तोड़ने वालों में डर खत्म हो जाएगा, तो मैं समझता हूं कि इन प्रावधानों से गलती करने वालों का डर अवश्य खत्म हो जाएगा, लेकिन जान-बूझकर कानून तोड़ने वालों के ऊपर डर बढ़ेगा, क्योंकि हमने उस प्रकार के कारनामों के ऊपर सख्त से सख्त सजा को dilute नहीं किया है। अगर हमें लगा कि भारतीय न्याय संहिता या दूसरा कोई कानून उसमें ज्यादा प्रभावशाली तरीके से उनको दंडित कर सकता है, तो उस कायदे के अंतर्गत उनके ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए, यह सुनिश्चित करके, हमने एक प्रकार से criminal punishment को adequate civil mechanism से protection देने की कोशिश की है और proportionate तथा swift penalties का प्रावधान किया है, ताकि हाथ के हाथ penalties लगें, लोगों को कोर्ट-कचहरी से मुक्ति मिले और हम robust compliance framework promote कर पाएं। इस जन विश्वास बिल के माध्यम से हमारा यह प्रयास रहा है। एक आरोप ऐसा लगाया गया कि धोखाधड़ी करने वालों को खुली छूट दी जा रही है। मैं समझता हूँ कि यह आरोप एकदम बेबुनियाद है। बड़े प्रिंसिपल बेस्ड अप्रोच के साथ आइडेंटिफाई किए गए कि किन कानूनों को डिक्रिमिनलाइज़ किया जाए। ऐसा कोई कानून, जहाँ fraudulent intent है या *mens rea* है या सोच-समझ कर किसी ने कोई गलत काम करने का प्रयास किया हो, तो उसको हमने डिक्रिमिनलाइज़ नहीं किया है। हमने सिर्फ माइनर ऑफेंसेज़ को या नॉन-कंप्लायंसेज़, जो किसी को नुकसान नहीं पहुँचाए, नॉन-हार्मफुल नॉन-कंप्लायंसेज़ को हटाने की कोशिश की है। जो गलतियाँ भारतीय न्याय संहिता या उनके स्पेशल लॉज़ के अंतर्गत कवर होती हैं, जिन गलतियों से वे firmly डील कर सकते हैं, उनको उस कायदे के अंतर्गत आगे कार्रवाई करने के लिए हमने प्रेरित किया है। यह भी कहा गया कि बार-बार लोग नियम और कानून तोड़ेंगे, क्योंकि अभी आपने छूट दे दी है। मैंने पहले भी समझाया कि इसमें ग्रेडेड अप्रोच लिया गया है। हो सकता है कि इंप्रूवमेंट नोटिस दिया जाए, हो सकता है कि वार्निंग दी जाए। पर अगर व्यक्ति बार-बार गलती करे, तो पहले वॉयलेशन में वार्निंग या इंप्रूवमेंट नोटिस के बाद दूसरे वॉयलेशन पर पेनल्टी लगेगी। अगर वह फिर भी वॉयलेशन करे, तो बड़ी प्यूनिटिव पेनल्टी लगेगी, बहुत ज्यादा पेनल्टी लगाई जाएगी और फिर भी गलती करे, तो क्रिमिनल पनिशमेंट का भी प्रावधान रखा गया है। इस प्रकार से, ग्रेडेड अप्रोच से रिपीटेड वॉयलेटर्स को पनिश किया जाएगा और इनोसेंट को माफ किया जाएगा।

एक आखिरी एक्यूज़ेशन, जो सुनने में आया, वह यह है कि ताकतवर समूह जुर्माना देकर बच निकलेंगे। अब यह मुझे समझ नहीं आया कि हमारे किसानों को जब हम छूट देते हैं, छोटे

Contents Page

एनिमल हसबैंड्री करने वाले को हम छूट देते हैं, हमारी एमएसएमई या हथकरघा को हम छूट देते हैं कि छोटी-मोटी गलती के लिए आपको कोर्ट-कचहरी में न भागना पड़े, बयान न देना पड़े, बार-बार न जाना पड़े, वकीलों को हायर न करना पड़े, जब हम 10 रुपए की पेनल्टी को 1,000 रुपए कर देते हैं, जब हम 500 रुपए की पेनल्टी को 5,000 रुपए, 25,000 रुपए कर देते हैं, तो मैं समझता हूँ कि हम एक प्रकार से देशहित और जनहित को सुरक्षित रखते हुए, एक विश्वास की भावना से देश में एक नया संदेश भेज रहे हैं कि आप निःसंकोच, हिम्मत से देश सेवा करें, देश की अर्थव्यवस्था में भाग लें, अमृत काल में देश को विकसित भारत की तरफ तेजी से प्रगति करने में योगदान दें, सरकार आपके साथ खड़ी है और प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी का आपके प्रयासों में पूरा आशीर्वाद है। जब सबका साथ होगा, सबका प्रयास होगा, सबका विश्वास सरकार पर होगा और सरकार का विश्वास सब पर होगा, तभी देश 2047 तक एक विकसित भारत बनेगा। जब इस सदन में बैठ कर हम सब सर्वसम्मति से इसको पास करेंगे, तो देश में और विश्व में एक सही संदेश जाएगा कि यह सदन दल और पक्ष से ऊपर उठ कर देशहित और जनहित में एक साथ प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी के प्रयासों के साथ है। देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प सिर्फ एक पार्टी, एक एनडीए अलायंस का नहीं है, बल्कि यह 140 करोड़ देशवासियों का संकल्प है और उस संकल्प में यह एक छोटी-सी कड़ी है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री उपसभापतिः No, no. ...(*Interruptions*)... धन्यवाद, माननीय मंत्री जी। ...(**व्यवधान**)... राजीव जी, कृपया आप बैठ जाएँ। ...(**व्यवधान**)... The question is:

"That the Bill to amend certain enactments for decriminalising and rationalising offences to further enhance trust-based governance for ease of living and doing business, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Nothing is going on record, Rajeevji. ...(*Interruptions*)... We shall now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

Clauses 2 to 5 and the Schedule were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Piyush Goyalji to move that the Bill be passed. ...(*Interruptions*)...

SHRI PIYUSH GOYAL: Sir, I move:

"That the Bill be passed."

The question was put and the motion was adopted.

Contents Page

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Special Mentions. Dr. Dinesh Sharma.

SPECIAL MENTIONS

Concern over adverse impact of population imbalance in some regions of the ountry

डा .दिनेश शर्मा (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं देश का एक अत्यंत गंभीर एवं संवेदनशील विषय, जनसंख्या असंतुलन की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ। किसी भी राष्ट्र की स्थिरता उसकी संतुलित जनसांख्यिकीय संरचना पर आधारित होती है, किंतु वर्तमान में भारत में यह संतुलन विभिन्न स्तरों पर प्रभावित होता दिखाई दे रहा है। यह विषय केवल जनसंख्या वृद्धि का नहीं, बल्कि उसके असमान क्षेत्रीय वितरण एवं सामाजिक संरचना में हो रहे परिवर्तनों का भी है। सीमावर्ती क्षेत्रों तथा कुछ राज्यों एवं जिलों में जनसंख्या का स्वरूप तेजी से बदल रहा है, जो सामाजिक समरसता एवं दीर्घकालिक राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से चिंताजनक संकेत देता है। साथ ही, देश में प्रजनन दर में गिरावट के कारण भविष्य में वृद्धजन अनुपात के बढ़ने की संभावना भी एक महत्वपूर्ण चुनौती के रूप में उभर रही है। इस परिस्थिति के समाधान हेतु आवश्यक है कि सरकार एक समान एवं समावेशी जनसंख्या नीति लागू करे, जो सभी वर्गों पर समान रूप से प्रभावी हो। अवैध घुसपैठ, जबरन अथवा प्रलोभन से होने वाले धर्मांतरण जैसी गतिविधियों पर कठोर नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, समाज में संतुलित परिवार व्यवस्था के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाए। इसके अतिरिक्त, जिन क्षेत्रों में जनसंख्या संरचना में तीव्र परिवर्तन हो रहा है, वहाँ संसाधनों एवं योजनाओं का वैज्ञानिक एवं न्यायसंगत पुनर्वितरण किया जाना आवश्यक है, ताकि सामाजिक संतुलन एवं राष्ट्रीय एकता सुदृढ़ बनी रहे। अतः मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि इस विषय पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जाएँ।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon'ble Members associated themselves with the Special Mention made by hon'ble Member, Dr. Dinesh Sharma:

Shri Devendra Pratap Singh (Chhattisgarh), Shri Madan Rathore (Rajasthan), Shri Maharaja Sanajaoba Leishemba (Manipur), Shri Sat Paul Sharma (Jammu and Kashmir), Shri Banshilal Gurjar (Madhya Pradesh), Dr. Bhim Singh (Bihar) and Dr. Sasmit Patra (Odisha).

Shrimati Phulo Devi Netam — not present. Shri Gulam Ali.

Concern over non-implementation of livestock promotion schemes for the pastoral community of Jammu and Kashmir

SHRI GULAM ALI (Nominated): Sir, the Gujjar-Bakarwal community is a traditional pastoral group whose primary livelihood depends on rearing sheep and goats. Livestock forms the backbone of their economy and sustenance. Therefore,

Contents Page

Government schemes promoting livestock development are critically important for their welfare. The Government has introduced programmes such as the National Livestock Mission and the Holistic Rural Development Programme to enhance productivity, commercialization and income of livestock-dependent communities. However, despite their relevance, the Gujjar-Bakarwal community has largely been unable to access these benefits, particularly in the Jammu division. District targets were fixed for establishing livestock units, yet applications from this community are often ignored or delayed. Under the Public Good category of 525 units, not a single unit has been allotted to members of this community. Although procedures are simple, applications are not processed efficiently, leading to exclusion from schemes meant for their upliftment. A district-wise review of beneficiaries should be conducted. Special facilitation camps must be organized in pastoral areas. Time-bound processing mechanisms and accountability measures should be enforced. Priority consideration for pastoral communities may also be introduced. Ensuring equitable access is essential for socio-economic upliftment and sustainable livestock development in the region. This will help bridge gaps in implementation, ensure fair representation, strengthen livelihoods, reduce marginalization, improve trust in institutions and enable the community to fully participate in development initiatives and national growth processes effectively and sustainably going forward ahead. I urge Government to look into it. Thank you.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon'ble Members associated themselves with the Special Mention made by the hon'ble Member, Shri Gulam Ali:

Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shri Madan Rathore (Rajasthan), Shri Maharaja Sanajaoba Leishemba (Manipur), Shri Sat Paul Sharma (Jammu and Kashmir), Shri Banshilal Gurjar (Madhya Pradesh) and Shri Sanjay Yadav (Bihar).

Shri Sanjay Raut; not present. Shri Naveen Jain; not present; Shri Yerram Venkata Subba Reddy.

Concern over the difficulties faced by tobacco farmers in Andhra Pradesh

SHRI YERRAM VENKATA SUBBA REDDY (Andhra Pradesh): Sir, Andhra Pradesh accounts for about 22 per cent of India's total tobacco production, making it one of the largest producing States in the country. Tobacco farmers in districts such as Prakasam, Nellore and parts of the Godavari region, are facing mounting distress due to declining auction prices, reduced procurement and the impact of recent tax and regulatory changes affecting the legal tobacco market. Thousands of small and

Contents Page

marginal farmers dependent on FCV (Flue-cured Virginia) tobacco cultivation have expressed concern over falling returns, rising input costs and growing uncertainty about future viability. While public health objectives remain paramount, the livelihoods of lakhs of rural families engaged in tobacco cultivation and allied activities must also be safeguarded. Many farmers have limited access to viable alternative crops due to soil suitability, established credit linkages and existing market infrastructure. Abrupt market contraction without transition support risks pushing farmers into indebtedness and economic instability.

In view of the above, I urge the Government to consider a comprehensive support mechanism, including price stabilization measures, credit restructuring assistance, export facilitation and a phased crop diversification programme with assured market linkage. A balanced approach is essential to protect rural livelihoods while upholding national public health priorities. Thank you.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon'ble Members associated themselves with the Special Mention made by the hon'ble Member, Shri Yerram Venkata Subba Reddy:

Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shri Sanjay Yadav (Bihar) and Shri Ravi Chandra Vaddiraju (Telangana).

Dr. M. Thambidurai; not present; Shri Rajendra Gehlot.

Demand for inclusion of Rajasthani language in the Eighth Schedule to the Constitution

श्री राजेन्द्र गहलोत (राजस्थान): महोदय, मैं 10 करोड़ से अधिक राजस्थानियों की मातृभाषा राजस्थानी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की लंबित मांग उठा रहा हूँ। इसका प्रस्ताव राजस्थान विधानसभा ने 2003 में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेजा था। केंद्र सरकार द्वारा गठित महापात्रा समिति ने राजस्थानी और पूर्वांचली भाषाओं को आठवीं अनुसूचि में शामिल करने योग्य घोषित किया था। नई शिक्षा नीति में क्षेत्रीय भाषाओं को बहुत महत्व एवं संरक्षण दिया गया है। इसमें मातृभाषा/स्थानीय भाषा में पढ़ाई पर जोर है। विश्वविद्यालयों में राजस्थानी भाषा, साहित्य और संस्कृति पर शोध कार्य जारी हैं। संवैधानिक दर्जा न मिलने से राजस्थानी भाषी युवाओं को राज्य तथा केंद्रीय भर्तियों, खासकर यूपीएससी सिविल सेवा जैसी परीक्षाओं में अपनी मातृभाषा चुनने का अधिकार नहीं मिलता, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं में भाषाई असुविधा, अनुवाद की समस्या आती है। वैश्विक दृष्टिकोण से राजस्थानी बोलने वाले भारत के हर कोने में और विश्व भर में फैले हैं, जो अपनी कुशलता से भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं। आज इंटरनेट, गूगल, ब्लॉग्स, सोशल मीडिया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रयोग बढ़ रहा है।

Contents Page

वैश्विक मंच पर भारतीय भाषाओं की विविधता को मजबूती देने के लिए राजस्थानी भाषा को मान्यता देना आवश्यक है, ताकि यह वैश्विक पटल पर और मजबूती से उभरे। मेरी सरकार से यह माँग है की इस पर ध्यान दिया जाए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon'ble Members associated themselves with the Special Mention made by the hon'ble Member, Shri Rajendra Gehlot:

Shri Madan Rathore (Rajasthan), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shri Sanjay Yadav (Bihar), Shri Maharaja Sanajaoba Leishemba (Manipur) and Shri Devendra Pratap Singh (Chhattisgarh).

Now, Shri Sant Balbir Singh - not present. Dr. Sangeeta Balwant- not present. Shri Subhasish Khuntia - not present. Ms. Swati Maliwal.

Need for regulation of online matrimonial and dating platforms

MS. SWATI MALIWAL (National Capital Territory of Delhi): Sir, I seek to raise an issue affecting thousands across our country - the lack of regulation of online matrimonial and dating platforms. These platforms have helped many find true companionship and life partners. However, a deeply concerning pattern is emerging. In Hyderabad, a 42-year-old widower, a man, who had already lost his wife, went on a matrimonial platform hoping to rebuild his life. Instead, he was emotionally manipulated and lured into a fake crypto investment leading to an ultimate loss of Rs.86 lakh. In Delhi, a man was recently arrested for duping over 700 women on dating apps by posing as a US-based model. And, these are not isolated cases. Even the Government employees, professionals, educated people all are falling victim to fraud, blackmail and even violence through these sites. Anyone can create a fake profile. There is no mandatory identity verification, no accountability of platforms and no real-time fraud detection. These companies earn crores in profit, but when fraud happens, they simply say "Use our site at your own risk." If we do not act now, these platforms will become hunting grounds for criminals. I, therefore, demand the following from the Government: (i) Mandatory KYC verification for all users of matrimonial and dating sites. (ii) Legal liability of platforms in case of fraud. (iii) AI-based monitoring of suspicious behavior. (iv) Immediate grievance redressal mechanisms. (v) Strong coordination with cybercrime agencies. People come to these sites seeking trust and companionship, and rightfully so. They must not leave with trauma and loss. The time for stronger safeguards is now. I urge the Government to look into this.

Contents Page

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon'ble Members associated themselves with the Special Mention made by the hon'ble Member, Ms. Swati Maliwal:

Shri Madan Rathore (Rajasthan), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shri Sanjay Yadav (Bihar) and Shri Maharaja Sanajaoba Leishemba (Manipur).

Hon'ble Members, the House stands adjourned to meet at 11.00 a.m. on Thursday, the 16th April, 2026.

The House then adjourned at thirty-three minutes past six of the clock till eleven of the clock on Thursday, the 16th April, 2026.

Contents Page

PUBLISHED UNDER RULE 260 OF RULES OF PROCEDURE AND CONDUCT OF BUSINESS IN THE COUNCIL OF STATES (RAJYA SABHA)